✱ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✱ पटना संस्करण

✱ रजि. नंबर : 52290/90 ✱ वर्ष : 37 ✱ अंक : 37 ✱ पृष्ठ : 12 ✱ औरंगाबाद, शुक्रवार, 3 जुलाई 2026 ✱ मूल्य : 3.00 रुपये ✱ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✱ www.navbihartime.com



बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत शपथ लेते सीएम सम्राट चौधरी एवं अन्य

## संक्षिप्त समाचार

### बहुजन महापंचायत पर जिला प्रशासन ने लगाई रोक

**आरा (नबिटा ब्यूरो)।** भोजपुर जिले के जगदीशपुर में 5 जुलाई को प्रस्तावित बहुजन महापंचायत को जिला प्रशासन ने अनुमति देने से इनकार कर दिया है। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था और संभावित ट्रैफिक अव्यवस्था का हवाला देते हुए कार्यक्रम के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने से मना कर दिया है। यह महापंचायत हाल ही में जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव में हुए भरत तिवारी एनकाउंटर के बाद आयोजित की जानी थी। कार्यक्रम का आयोजन जगदीशपुर प्रखंड के लाल बिहारी सिंह के टोला स्थित खेल मैदान में प्रस्तावित था।

### गया की महिला थानाध्यक्ष खुशबू कुमारी निलंबित

**गया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में महिला उत्पीड़न से जुड़े मामले में प्राथमिकी दर्ज करने में कथित लापरवाही और वरिष्ठ अधिकारियों के स्पष्ट निर्देशों की अनदेखी महिला थाना की तत्कालीन थानाध्यक्ष खुशबू कुमारी को भारी पड़ गई। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। पुलिस महकमे में इस कार्रवाई को जवाबदेही तय करने की बड़ी पहल माना जा रहा है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय पुलिस केंद्र, गया निर्धारित किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन-यापन भत्ता दिया जाएगा। साथ ही उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

### शादी से लौट रहे साला-बहनोई की मौत

**जमुई (नबिटा ब्यूरो)।** शादी समारोह से लौट रहे एक परिवार की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं। जिले के चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र में गुरुवार को हुए भीषण सड़क हादसे में साला और बहनोई की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि 10 वर्षीय मासूम समेत चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्विफ्ट कार के परखच्चे उड़ गए और चालक का शव गाड़ी में बुरी तरह फंस गया जिसे बाहर निकालने के लिए पुलिस को गैस कटर का सहारा लेना पड़ा। मृतकों की पहचान कार चालक देवरी थाना क्षेत्र के सोनदिघी निवासी पप्पू राणा और उनके बहनोई चकाई थाना क्षेत्र के कियाजोरी निवासी मकुंदेव राणा के रूप में की गयी है।

### मुख्यमंत्री ने किया पटना के ज्ञान भवन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम का उद्घाटन

# भ्रष्टाचारियों की पहचान कर होगी कार्रवाई : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख अपनाने के संकेत दिए हैं। उन्होंने सीधे शब्दों में चेतावनी दी कि मंत्री, विधायक, जनप्रतिनिधि या किसी भी स्तर का अधिकारी हो, अगर वह आर्थिक अपराध में शामिल पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पटना के ज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने के अपने वादे को दोहराया है। उन्होंने कहा कि बिहार में भ्रष्टाचार के लिए कोई जगह नहीं है। कोई शॉर्टकट नहीं है। जो शॉर्टकट करेगा, वह बेऊर जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को भ्रष्टाचार के मामलों में कड़ी कार्रवाई करने और आम लोगों को समयबद्ध न्याय सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में सतर्कता और पारदर्शिता को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उसी तर्ज पर बिहार में भी व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। अब सतर्कता जागरूकता सप्ताह के माध्यम से राज्य के सभी जिलों और विभागों में भ्रष्टाचार के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि बिहार सरकार अब 'ट्रिपल टी'-टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी और ट्रस्ट के सिद्धांत पर आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अधिकारियों से कहा कि वे ऐसा कार्य करें जिससे देश की सभी प्रमुख जांच एजेंसियां बिहार की जांच एजेंसियों से सहयोग लेने की इच्छुक हों। उन्होंने कहा कि ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम करने से ही बिहार की प्रशासनिक व्यवस्था देश के लिए एक मिसाल बन सकती है। श्री चौधरी ने कहा कि आम जनता को अच्छी तरह पता होता है कि भ्रष्टाचार कहां हो रहा है। ब्लॉक कार्यालयों और थानों में जहां भी शिकायतें हैं, वहां के शीर्ष अधिकारियों को विशेष चिंता करनी होगी। गरीबों को समय पर न्याय दिलाना सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। यदि ऐसा नहीं हुआ तो जवाबदेही तय की जाएगी।

# रिश्वत लेते शिक्षा विभाग के अवर सचिव गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। ब्यूरो की मुख्यालय टीम ने शिक्षा विभाग के वेतन सत्यापन कोषांग में तैनात अवर सचिव अमोद मिश्रा को 20 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी राजधानी पटना के गर्दनीबाग थाना क्षेत्र स्थित मिनिस्टर इन्क्लेव मोड़ के पास से की गई है। नालंदा जिले के बिहार शरीफ थाना अंतर्गत नई सराय के रहने वाले उमा शंकर ने निगरानी ब्यूरो में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि अवर सचिव अमोद मिश्रा ने उनके एरियर का भुगतान करने के बदले में रिश्वत की मांग की है। शिकायत मिलने के बाद निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने मामले का गोपनीय सत्यापन कराया। जब सत्यापन में आरोपी अधिकारी द्वारा रिश्वत मांगे जाने का प्रमाण सही पाया गया तो जुलाई की पहली तारीख को निगरानी थाना में प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस उपाधीक्षक श्याम बाबू प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष धावा दल का गठन किया गया। विशेष धावा दल ने रणनीति के तहत जाल बिछाया और गुरुवार को अवर सचिव को 20 हजार रुपये की घूस की रकम के साथ रंगे हाथों दबोच लिया। निगरानी ब्यूरो के अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त अमोद मिश्रा से मुख्यालय में पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे का अनुसंधान जारी है। पूछताछ के बाद आरोपी को पटना स्थित विशेष निगरानी न्यायालय में पेश किया जाएगा। निगरानी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा। आम लोगों से भी अपील की गई है कि यदि कोई सरकारी अधिकारी या कर्मचारी किसी काम के बदले रिश्वत की मांग करता है तो उसकी सूचना निगरानी विभाग को दें।

# चट्टान गिरने से बिहार के सात मजदूरों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेंगलुरु/पटना।** कर्नाटक के बेंगलुरु साउथ तालुक इलाके में गुरुवार सुबह पत्थर खदान में 40 फीट ऊंचाई से चट्टान गिरने से बिहार के सात मजदूरों की मौत हो गई। हादसे के समय खदान में करीब 18 मजदूर काम कर रहे थे। हादसे में कई अन्य मजदूर घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि घायलों की सटीक संख्या की पुष्टि अभी नहीं हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। मलबा हटाने का काम जारी है। यह भी देखा जा रहा है कि कहीं अन्य मजदूर उसके नीचे तो नहीं दबे हैं। पुलिस के मुताबिक सभी मृतक दिहाड़ी मजदूर थे और स्टोन क्रशर साइट पर काम कर रहे थे। सभी मृतक बिहार के रहने वाले थे। उनके परिजनों को सूचना देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने हादसे पर खेद जताते हुए पीड़ित परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक्स पर लिखा, बेंगलूरु के दक्षिण तालुक स्थित मदापट्टना की पत्थर खदान में हुए भीषण हादसे में बिहार के प्रवासी श्रमिक भाइयों के असामयिक निधन का समाचार अत्यंत हृदयविदारक है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। इस कठिन घड़ी में मेरी गहरी संवेदनाएं शोक-संतप्त परिवारों के साथ हैं।

# सीएम ने किया मेट्रो स्टेशन का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को पटना मेट्रो के मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन का उद्घाटन करते हुए मेट्रो सेवा का विस्तार भूतनाथ रोड स्टेशन तक कर दिया। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री स्वयं मेट्रो ट्रेन में सवार होकर मलाही पकड़ी से भूतनाथ रोड स्टेशन तक पहुंचे। इस दौरान उनके साथ दोनों उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव भी मौजूद रहे। मलाही पकड़ी और भूतनाथ रोड स्टेशन के बीच की दूरी करीब तीन किलोमीटर है। इस स्टेशन के शुरू होने का इंतजार स्थानीय लोग कई महीनों से कर रहे थे। अब उद्घाटन के बाद आम यात्री भी मलाही पकड़ी स्टेशन से मेट्रो सेवा का लाभ उठा सकेंगे। मलाही पकड़ी स्टेशन के संचालन के साथ अब इस कॉरिडोर पर कुल चार मेट्रो स्टेशन–मलाही पकड़ी, भूतनाथ, जीरो माइल और बैरिया आईएसबीटी–संचालित होंगे। हालांकि, भूतनाथ और जीरो माइल के बीच बनने वाला खेमनीचक मेट्रो स्टेशन अभी निर्माणाधीन है। अब मलाही पकड़ी से बैरिया आईएसबीटी तक 6.2 किलोमीटर की दूरी महज 16 मिनट में तय की जा सकेगी। सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक हर 35 मिनट के अंतराल पर मेट्रो सेवा उपलब्ध रहेगी। फिलहाल इस रूट पर एक ही मेट्रो ट्रेन का संचालन किया जाएगा। मलाही पकड़ी से बैरिया आईएसबीटी तक यात्रा के लिए 30 रुपये किराया निर्धारित किया गया है, जो वर्तमान में इस रूट का अधिकतम किराया है। इस विस्तार से खासकर कंकड़बाग, राजेंद्रनगर और आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। मेट्रो कनेक्टिविटी बढ़ने से इन क्षेत्रों के लोगों का सफर अधिक तेज और सुविधाजनक होगा। यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन नियंत्रण कक्ष का मोबाइल नंबर 9217080421 और पटना मेट्रो हेल्पलाइन नंबर 155370 जारी किया गया है, जहां किसी भी प्रकार की सहायता प्राप्त की जा सकती है। समारोह के मद्देनजर गुरुवार को मेट्रो सेवाएं अस्थायी रूप से स्थगित रखी गईं। इसके बाद नियमित रूप से मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन से मेट्रो सेवाओं का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। यात्रियों से अपील की गई है कि वे अपनी यात्रा की योजना इसी के अनुसार बनाएं। मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। उद्घाटन से पहले स्टेशन को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। इस विस्तार के साथ पटना मेट्रो अब भूतनाथ से आगे बढ़कर कंकड़बाग और राजेंद्रनगर जैसे प्रमुख आवासीय क्षेत्रों तक अपनी पहुंच मजबूत करेगी।

# 70 डीएसपी को मिली प्रोन्नति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार पुलिस सेवा के 70 डीएसपी को कार्यकारी व्यवस्था के तहत प्रोन्नति दी गई है। इनमें आठ अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) को स्टाफ ऑफिसर, 14 वरीय डीएसपी को एएसपी और 48 डीएसपी को वरीय डीएसपी में प्रोन्नति दी गई है। गृह विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार मो. शिबली नोमानी, राजकिशोर सिंह, मुकुल कुमार रंजन, आशीष आनंद, नुरूल हक, आलोक रंजन, सोनू कुमार राय और उपेन्द्र कुमार यादव को स्टाफ ऑफिसर में अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी प्रभार दिया गया है। वहीं, सुरभ सुमन, रश्मि, निशीत प्रिया, संजीव कुमार, कुमार वीर धीरेन्द्र, रमेश कुमार, इमरान परवेज, अजित कुमार, विभाश कुमार, अजय प्रसाद, पोलस्त कुमार, भास्कर रंजन, पंकज कुमार और सुनील कुमार को एएसपी में अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी प्रभार दिया गया है। सभी प्रोन्नति पदाधिकारियों को पदभार ग्रहण करने की तिथि से प्रोन्नति का लाभ दिया जाएगा।

# सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव की तबीयत बिगड़ी, लगाया गया पेसमेकर

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव की तबीयत खराब हो गई है। उन्हें पटना के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। दिल की बीमारी की शिकायत के बाद उनकी मेदांता में छोटी सर्जरी हुई है। डॉक्टरों ने उनके हार्ट में पेसमेकर लगाया है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार गुरुवार को उनसे मिलने अस्पताल पहुंचे। इस दौरान खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अशोक चौधरी भी मौजूद रहे। नीतीश कुमार ने अस्पताल में भर्ती रामकृपाल यादव का हालचाल जाना। उन्होंने मंत्री के जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की। बताया जा रहा है कि मेदांता अस्पताल में रामकृपाल का बुधवार को पेसमेकर इंप्लांट किया गया था। फिलहाल उन्हें डॉक्टरों की देखरेख में रखा गया है। नीतीश ने मेदांता के डॉक्टरों से बात कर रामकृपाल के स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से जानकारी ली। साथ ही उन्हें बेहतर उपचार सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान जेडीयू के एमएलसी ललन सर्राफ समेत अन्य नेता भी मौजूद रहे।

# बांकीपुर सीट पर उप चुनाव 30 को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत निर्वाचन आयोग ने पटना की बांकीपुर सीट पर उप चुनाव की तारीखें जारी कर दी हैं। भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष चुने जाने के बाद नितिन नवीन को पार्टी ने राज्यसभा भेज दिया है। इसी कारण नितिन नवीन को इस सीट से इस्तीफा देना पड़ा था और अब उप चुनाव हो रहा है। 30 जुलाई को मतदान होगा और तीन अगस्त को मतगणना के साथ परिणाम जारी हो जाएगा। पटना की बांकीपुर सीट के उप चुनाव के लिए आचार संहिता लागू हो चुकी है। छह जुलाई को इसके लिए गजट नोटिफिकेशन जारी होगा। इसके बाद नामांकन शुरू हो जाएगा और 13 जुलाई तक नॉमिनेशन किया जा सकेगा। 16 जुलाई तक नाम वापसी की तारीख है। इस उप चुनाव के लिए मतदाता सूची का प्रकाशन फिर से नहीं किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद 30 सितंबर 2025 को प्रकाशित मतदाता सूची के आधार पर ही 182 बांकीपुर सीट पर उप चुनाव के दौरान मतदान होगा।

### दो मासूम बच्चों की हत्या मामले में मां और प्रेमी को फांसी की सजा

**मधुबनी(नबिटा ब्यूरो)।** चार साल के बेटे और 18 माह की बेटी की हत्या के मामले में झंझारपुर व्यवहार न्यायालय ने गुरुवार को बड़ा फैसला सुनाया। जिला अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय अभिषेक रंजन की अदालत ने मां अनीता देवी और उसके प्रेमी जयशंकर मंडल को फांसी की सजा सुनाई है। अदालत ने मामले को 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' श्रेणी का माना। दोनों दोषियों पर अलग-अलग 60 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दोनों दोषियों को फांसी की सजा सुनाई। इसके अलावा धारा 201/34 के तहत साक्ष्य मिटाने के अपराध में सात-सात वर्ष के सश्रम कारावास और 10-10 हजार रुपये जुर्माने की भी सजा सुनाई गई। अदालत ने आदेश दिया कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अभियोजन पक्ष के अनुसार झंझारपुर अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय का यह पहला मामला है, जिसमें किसी आरोपी को फांसी की सजा सुनाई गई है। अदालत ने अपने फैसले में इस दोहरे हत्याकांड को मानवता के विरुद्ध 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' श्रेणी का अपराध माना।

### किशनगंज में बनेंगे दो आर्मी स्टेशन

**किशनगंज(नबिटा ब्यूरो)।** सीमांचल का किशनगंज जल्द ही देश के पूर्वी सुरक्षा तंत्र का एक महत्वपूर्ण सैन्य केंद्र बन सकता है। भारत-नेपाल सीमा से सटे और पश्चिम बंगाल तथा बांग्लादेश के करीब स्थित इस सामरिक जिले में भारतीय सेना के दो स्थायी आर्मी स्टेशन (सेना स्टेशन) स्थापित करने की तैयारी तेज हो गई है। प्रशासन ने ठाकुरगंज और कोचाधामन में करीब 400 एकड़ जमीन चिह्नित कर दी है। सेना के अधिकारी प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण कर रहे हैं। अंतिम मंजूरी मिलने के बाद भूमि अधिग्रहण और निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, ठाकुरगंज प्रखंड के भेलागुड़ी में राष्ट्रीय राजमार्ग के पास 203 एकड़ भूमि सेना स्टेशन के लिए चिह्नित की गई है। वहीं, कोचाधामन प्रखंड के सकोर-नटुवापाड़ा क्षेत्र में करीब 200 एकड़ जमीन का चयन किया गया है।

गौरवपूर्ण 37 वां वर्ष नवबिहार टाइम्स

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार

सम्पर्क सूत्रः 7295863300 6206165107

NBT नवबिहार टाइम्स

नवबिहार टाइम्स के 37 वें स्थापना दिवस पर

सम्मान-सह-सांस्कृतिक समारोह

तिथि एवं समयः 4 जुलाई 2026 (शनिवार) संध्या 7 बजे से

आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

स्थान-ए एन कॉलेज सभागार, बोरिंग रोड, पटना

सांस्कृतिक प्रस्तुतिः मुम्बई, कोलकाता एवं पटना के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा

सह प्रायोजक

एनटीपीसी NTPC

सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज औरंगाबाद (बिहार)

श्री सीमेंट लि. मजबूती का प्रतीक बांगड़ सीमेंट

# वीबी-जी राम जी : 15 दिनों में रोजगार नहीं मिलने पर बेरोजगारी भत्ता के दावेदार होंगे मजदूर : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। विकसित भारत-ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका गारंटी अधिनियम, 2025 (वीबी-जी राम जी) का गुरुवार को पटना के अभिवेशन भवन में भव्य शुभारंभ किया गया। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बतौर मुख्य अतिथि विभागीय मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मनरेगा के 20 वर्षों के लंबे सफर के बाद अब वीबी-जी राम जी के रूप में नई यात्रा की शुरुआत हुई है। उन्होंने बताया कि इस नई योजना में कामगारों को कई तरीके के लाभ होंगे। इसमें मुख्य रूप से रोजगार के लिए आवेदन करने वाले कामगारों को निर्धारित समय के भीतर (15 दिन) में काम नहीं दिए जाने पर उन्हें सरकार बेरोजगारी भत्ता देगी। गौरतलब है कि केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद राज्य कैबिनेट की 1 जुलाई को हुई बैठक में विकसित भारत-जी राम जी योजना, बिहार 2026 के अंतर्गत अकुशल मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी बढ़ाकर 300 रुपये रोजाना करने को मंजूरी दी गई। श्री कुमार ने स्पष्ट किया कि प्रथम 30 दिनों के लिए बेरोजगारी



भत्ते का दर एक चौथाई और शेष वित्तीय वर्ष के लिए आधा निर्धारित है। अकुशल कामगारों को भुगतान की गई बेरोजगारी भत्ता राशि का वहन राज्य सरकार करेगी।

और इसकी वसूली उत्तरदायी पदाधिकारी, अभिकरणों से 30 दिन के भीतर की जाएगी। मंत्री श्री कुमार ने बताया कि अकुशल मजदूरों का मास्टर रोल बंद होने पर मजदूरी का भुगतान 15 दिन में नहीं होने पर बकाया राशि का 0.05 फीसदी प्रतिदिन के हिसाब से स्वतः क्षतिपूर्ति देय होगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा में केंद्र सरकार मांग आधारित फंडिंग करती थी जबकि वीबी-जी राम जी में राज्यों की जनसंख्या, प्रति व्यक्ति आय और पिछड़ापन के आधार पर वित्तीय वर्ष के शुरुआत में ही प्रत्येक राज्य के लिए एक निश्चित बजट बनाने का प्रावधान है। वीबी-जी राम जी योजना में ग्राम पंचायतों को उनकी स्थानीय आवश्यकताओं एवं विकास इंडेक्स, संसाधनों के आधार पर ए, बी, सी यानी तीन श्रेणियों में बांटा गया है। इसका मुख्य उद्देश्य विकेंद्रित और स्थानीय योजनाओं को बेहतर बनाने के साथ विकसित भारत 2047 के अनुरूप काम करना है। मंत्री श्री कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थिति विभागों के पदाधिकारी, जीविका दीदियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन ग्रामीण विकास के इतिहास में काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि वीबी-जी राम जी योजना न सिर्फ हमारे प्रदेश के लिए बल्कि देश के करोड़ों ग्रामीण श्रमिक परिवारों के जीवन को बदलना की क्षमता रखती है। श्री कुमार के अनुसार मनरेगा और नई योजना वीबी-जी राम जी में कई भिन्नता है। उन्होंने बताया कि मनरेगा में जहां एक वर्ष में 100 दिन के लिए रोजगार की गारंटी मिलती थी वहीं इस नई योजना में अकुशल कामगारों को 125 दिन की रोजगार की गारंटी दी जाएगी। कहा कि मनरेगा में अकुशल मजदूरी की समस्त राशि का वहन केंद्र सरकार करती थी, लेकिन वीबी-जी राम जी में अकुशल मजदूरी मद में 40 फीसदी राशि राज्य सरकार वहन करेगी। श्री कुमार ने कहा कि वीबी-जी राम जी योजना में नौ महीने के लिए केंद्रांश के रूप में 6715 करोड़ 83 लाख रुपये आवंटित हुए हैं। इसी तरीके से इस योजना को मूर्तरूप देने की दिशा में इसी समयावधि के लिए राज्य सरकार ने 4477 करोड़ 22 लाख रुपये का प्रावधान किया है। उन्होंने बताया कि जल जीवन हरियाली मिशन के तहत अभी तक राज्य भर में 20 करोड़ से भी अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। इस वित्तीय वर्ष में 1.25 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में राज्य में किए गए पौधरोपण का ही नतीजा है कि आज हरित क्षेत्र नौ फीसदी से बढ़कर 16 फीसदी तक पहुंच चुका है। आने वाले समय में 33 फीसदी के लक्ष्य को छूने पर विभाग तेजी से काम कर रहा है। इस अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने अकुशल कामगारों के कल्याण और विकसित बिहार की अवधारणा को समर्पित वीबी-जी राम जी योजना के शुभारंभ करने पर मंत्री श्री कुमार का आभार व्यक्त किया। कहा कि ग्रामीण विकास के लिए योजना एक बहुत बड़ी पहल है। इस नई योजना में सिर्फ विकास की परिकल्पना है।

# राम मंदिर से जुड़ी कथित अनियमितता की निष्पक्ष जांच हो, दोषियों पर की जाए कड़ी कार्रवाई : संतोष कुमार सुमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन ने अयोध्या के राम मंदिर से जुड़ी कथित चोरी एवं अनियमितता के मामले में निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि सदियों के संघर्ष, करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, सनातन संस्कृति की अस्मिता और भारत की सांस्कृतिक चेतना का सर्वोच्च प्रतीक है। इसके निर्माण और प्राण-प्रतिष्ठा ने विश्वभर में भारत की सनातन परंपरा का गौरव बढ़ाया है। संतोष कुमार सुमन ने कहा कि ऐसे पवित्र स्थल से जुड़ी किसी भी कथित चोरी या अनियमितता को केवल आपराधिक घटना नहीं माना जा सकता, क्योंकि इससे करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाएं और विश्वास प्रभावित होते



हैं। उन्होंने कहा कि जांच पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरी होनी चाहिए तथा जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि जांच में कोई भी व्यक्ति, चाहे उसका पद, प्रतिष्ठा या प्रभाव कितना भी बड़ा क्यों न हो, दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कानून के अनुसार कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राम मंदिर की गरिमा, श्रद्धालुओं का विश्वास और सनातन संस्कृति का सम्मान किसी भी व्यक्ति से बड़ा है तथा न्याय बिना किसी पक्षपात के होना चाहिए। संतोष कुमार सुमन ने यह भी कहा कि कुछ विपक्षी दल इस मामले को आधार बनाकर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, सनातन परंपरा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सामाजिक विश्वसनीयता पर सवाल उठाने का प्रयास कर रहे हैं, जो उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी कथित अपराध की निष्पक्ष जांच और दोषियों को दंड मिलना आवश्यक है, लेकिन एक घटना के आधार पर पूरे सनातन समाज, उसकी परंपराओं या किसी सामाजिक संगठन को कठघरे में खड़ा करना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि लगभग एक शताब्दी से सामाजिक जीवन में कार्य कर रहे संगठनों की विश्वसनीयता का आकलन किसी एक घटना से नहीं किया जा सकता। विपक्ष को इस संवेदनशील विषय पर राजनीतिक लाभ लेने के बजाय जांच पूरी होने और सत्य सामने आने की प्रतीक्षा करनी चाहिए।

# अब सौर ऊर्जा से लैस होंगे राज्य के कोल्ड स्टोरेज, कृषि विभाग दे रहा अनुदान

### राज्य में किसानों को मिलेगा सस्ता कोल्ड स्टोरेज, रुकेगी फलों और सब्जियों की बर्बादी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पटना। अब बागवानी फसलों से जुड़े किसानों की चिंता जल्द दूर होगी। इसके लिए बिहार सरकार राज्य में सस्ते कोल्ड स्टोरेज की सुविधा बढ़ाने के लिए योजना लेकर आई है। कृषि विभाग का उद्यान निदेशालय राज्य कोल्ड स्टोरेज संबंधी योजना के तहत इच्छुक किसानों, उद्यमियों, कंपनियों या फर्मों को 50 प्रतिशत का भारी अनुदान दे रहा है। माना जा रहा है कि इससे राज्य के छोटे और मध्यम किसानों की आय बढ़ाने में सहायता मिलेगी। चतुर्थ कृषि रोडमैप के अंतर्गत बागवानी विकास कार्यक्रमों के लिए नए कोल्ड स्टोरेज के निर्माण तथा कार्यरत कोल्ड स्टोरेजों में सोलर पैनल की स्थापना एवं सोलर पैनल कूल चैंबर के लिए अनुदान की योजना चलाई जा रही है। कोल्ड स्टोरेज में सौर ऊर्जा प्रणाली की स्थापना के लिए बिहार कृषि ऐप पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अंतर्गत राज्य के वर्तमान में मौजूद 50 कोल्ड स्टोरेज इकाइयों को सौर ऊर्जा के माध्यम से संचालित किया जाएगा, ताकि बिजली पर निर्भरता कम की जा सके और किसानों को सस्ती दर पर भंडारण की सुविधा प्राप्त हो सके। सौर ऊर्जा प्रणाली लगाने की अनुमानित लागत अधिकतम 35 लाख रुपये है जिस पर 50 प्रतिशत यानी अधिकतम 17.50 लाख रुपये प्रति कोल्ड स्टोरेज सहायता अनुदान दिया जाएगा। वहीं, इसका लाभ लेने वाले कोल्ड स्टोरेज मालिक वर्तमान दर से न्यूनतम 25 प्रतिशत कम दर पर किसानों के उत्पाद का भंडारण करेंगे। यह योजना राज्य के उन 12 जिलों के लिए लाई गई है जो कोल्ड स्टोरेज की सुविधा के मामले में पिछड़े हुए हैं। ये 12 जिले हैं–मधुबनी, नवादा, औरंगाबाद, बांका, सहरसा, जमुई, मुंगेर, जहानाबाद, लखीसराय, शेखपुरा, अरवल तथा शिवहर। लाभुकों का चयन 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर किया जाएगा। इस पहल से न सिर्फ किसानों को सस्ता कोल्ड स्टोरेज मिलेगा, बल्कि फलों और सब्जियों की बर्बादी भी रुकेगी। साथ ही, राज्य में मजबूत वैल्यू चेन सिस्टम तैयार होगा जिससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। माना जा रहा है कि सरकार की इस पहल से किसानों के जीवन में खुशहाली आएगी।

# भारत मंडपम, नई दिल्ली में प्लास्टिक रीसाइक्लिंग एवं सततता पर तीसरे वैश्विक सम्मेलन का शुभारंभ

### प्लास्टिक कचरे की वैश्विक समस्या से निपटने के लिए समन्वित एवं एकजुट प्रयास आवश्यक : तेजवीर सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग के सहयोग से आयोजित प्लास्टिक रीसाइक्लिंग एवं सततता पर तीसरे वैश्विक सम्मेलन एवं अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का आज भारत मंडपम, नई दिल्ली में शुभारंभ हुआ। प्लास्टिक रीसाइक्लिंग एवं सततता के क्षेत्र में भारत के प्रमुख मंच के रूप में स्थापित इस चार दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग के सचिव तेजवीर सिंह ने किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए तेजवीर सिंह ने कहा कि प्लास्टिक अपशिष्ट आज एक वैश्विक चुनौती है जिससे निपटने के लिए सभी देशों, उद्योगों और हितधारकों के समन्वित एवं एकजुट प्रयास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विश्वभर में प्लास्टिक अपशिष्ट की समस्या के समाधान के लिए अलग-अलग स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन समय की आवश्यकता है कि सभी देश संयुक्त राष्ट्र संघ की वैश्विक प्लास्टिक संधि जैसे वैश्विक ढांचों के अनुरूप कार्य करें। उन्होंने कहा कि यह संयुक्त राष्ट्र संधि प्लास्टिक के उत्पादन, उपयोग तथा अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक समान और बाध्यकारी वैश्विक व्यवस्था विकसित करने का प्रयास है। रसायन और पेट्रो रसायन विभाग के सचिव ने कहा कि भारत को वैश्विक स्तर के बेस्ट प्रैक्टिसेस से सीखते हुए प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में नवीन एवं प्रभावी प्रौद्योगिकियों को अपनाना चाहिए।

# प्लास्टिक बैग पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा : प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के अवसर पर लोगों से प्लास्टिक बैग के उपयोग में कमी लाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया। प्रेम कुमार ने कहा कि प्लास्टिक बैग पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा हैं। इनका विघटन अथवा पुनर्चक्रण सामान्यतः संभव नहीं होता जिसके कारण यह लंबे समय तक पर्यावरण को प्रदूषित करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण मानव निर्मित वैश्विक समस्या बन चुका है, जो पर्यावरण, जैव विविधता और मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस का उद्देश्य प्लास्टिक बैगों के उपयोग के खिलाफ सामाजिक जागरूकता बढ़ाना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। यह दिवस लोगों को प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण के प्रति सचेत करने तथा इसके उपयोग को कम करने के लिए प्रेरित करता है। प्रेम कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने लोगों से दैनिक जीवन में कपड़े, जूट अथवा अन्य पर्यावरण-अनुकूल थैलों का उपयोग करने और एकल-उपयोग प्लास्टिक से दूरी बनाने की अपील की।

# यात्रियों के लिए एसबीआइ एनसीएमसी कार्ड लांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पटना। मलाहीपकड़ी मेट्रो स्टेशन पर एसबीआइ की नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड सेवाओं की शुरुआत के साथ, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने डिजिटल और आसान पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम उपलब्धि हासिल की है। इस उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और एसबीआइ के चीफ जनरल मैनेजर अनुराग जोशी शामिल हुए और उन्होंने संयुक्त रूप से यात्रियों के लिए एसबीआइ एनसीएमसी कार्ड लान्च किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, शहरी विकास और आवास विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा, बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, शहरी



विकास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार, पटना मेट्रो के एमडी संदीप कुमार आर. पुडकलकट्टी, एसबीआइ के जनरल मैनेजर योगेंद्र शेल्के, डिप्टी जनरल मैनेजर मनीष कुमार सिंह और डिप्टी जनरल मैनेजर संजीव कुमार नाथ के साथ-साथ एसबीआइ और पटना मेट्रो के अधिकारी भी मौजूद थे। एसबीआइ एनसीएमसी कार्ड को यात्रियों को सुविधाजनक, सुरक्षित और कैशलेस यात्रा का अनुभव देने के लिए डिजाइन किया गया है। पटना मेट्रो में आसान यात्रा की सुविधा देने के अलावा इस कार्ड का इस्तेमाल कई तरह के रिटेल और डिजिटल पेमेंट ट्रांजैक्शन के लिए भी किया जा सकता है जिससे भारत सरकार के 'वन नेशन, वन कार्ड' (एक देश, एक कार्ड) के विजन को बढ़ावा मिलता है। इस लांच के साथ, एसबीआइ पटना मेट्रो के लिए एनसीएमसी सेवाएं देने वाले शुरुआती बैंकों में से एक बन गया है।

# राज्य में अब तक कुल 0.39 करोड़ लोगों की हुई टीबी जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पटना। बिहार में टीबी जांच के लिए कुल लक्षित आबादी 2.76 करोड़ है, जिसमें से अब तक 14 प्रतिशत यानी केवल 0.39 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग की जा सकी है। अधिकांश जिले अभी भी 20 प्रतिशत से कम स्क्रीनिंग कवरेज पर हैं। मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने आगामी 14 अगस्त 2026 तक 1 करोड़ टीबी स्क्रीनिंग के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए इसे पूरी तरह 'मिशन मोड' में संचालित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय अभियान की सफलता के लिए सभी संबंधित सरकारी विभागों और जिलाधिकारियों के बीच सुदृढ़ आपसी समन्वय जरुरी है।

# कविता के माध्यम से डॉ. आनन्द रंजन झा ने समाज की दोहरी मानसिकता पर उठाए तीखे सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

वैशाली। प्रख्यात शिक्षाविद्, समाजसेवी एवं साहित्यकार डॉ. आनन्द रंजन झा की नवीन कविता 'चलाकियों के शहर में' इन दिनों सोशल मीडिया और साहित्यिक जगत में व्यापक चर्चा का विषय बनी हुई है। यह कविता वर्तमान समाज में बढ़ती स्वार्थपरता, छल-कपट, अवसरवाद और दोहरे चरित्र पर गहरा प्रहार करती है तथा पाठकों को आत्ममंथन के लिए प्रेरित करती है। डॉ. झा ने कहा कि आज के दौर में रिश्तों की आत्मीयता और विश्वास लगातार कमजोर होते जा रहे हैं। लोग सामने अपनापन दिखाते हैं, लेकिन अवसर आने पर वही लोग रिश्तों



और विश्वास को सबसे अधिक आहत करते हैं। उन्होंने कहा कि साहित्य केवल भावनाओं की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि समाज का दर्पण है जो समय-समय पर लोगों को सच का सामना करने का साहस देता है। उन्होंने अपनी कविता 'चलाकियों के शहर में' में लिखा चलाकियों के शहर में, नफरतों के ढेरे हैं, यहां लोग तेरे मुंह पर तेरे, मेरे मुंह पर मेरे हैं।

चेहरों पर मुस्कान सजी, दिल में मगर अंधेरे हैं, रिश्तों की इस भीड़ में देखो, कितने लोग लुटेरे हैं। बातों में मिठास बहुत है, नीयत में जहर भरे हैं, सच की राह पर चलने वाले, अक्सर यहां अकेले हैं। हर कोई अपना कहता है, हर कोई साथ निभाता है, वक्त पड़े तो वही लोग, सबसे पहले मुंह फेरे हैं। दौलत, शोहरत, स्वार्थ की खातिर, बिकते यहां जमीर हैं, ईमानों के बाजारों में, सपनों के भी डेरे हैं। फिर भी उम्मीदों का दीपक, दिल में जलाए रखना तुम, अंधियारों के बीच कहीं, कुछ लोग अभी भी सवेरे हैं। चलाकियों के शहर में, नफरतों के ढेरे हैं, यहां लोग तेरे मुंह पर तेरे, मेरे मुंह पर मेरे हैं। डॉ. आनन्द रंजन झा ने स्पष्ट किया कि यह कविता किसी व्यक्ति, संस्था या समूह पर कटाक्ष नहीं है, बल्कि समाज में तेजी से विकसित हो रही उस मानसिकता पर प्रश्न उठाती है जहां रिश्तों से अधिक स्वार्थ और ईमानदारी से अधिक अवसरवाद को महत्व दिया जाने लगा है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से आह्वान किया कि वे सत्य, विश्वास, संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों को अपने जीवन का आधार बनाएं तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनें।

# महिलाएं भी भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखर होकर करने लगी शिकायतें : डीजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। राज्यभर से किसी पद पर बैठे भ्रष्ट लोकसेवकों के खिलाफ निगरानी ब्यूरो में महिलाएं भी बड़ी संख्या में शिकायत करने लगी हैं। 2025 में 8 महिलाओं ने आगे बढ़कर भ्रष्ट लोकसेवकों के बारे में घूस मांगने की शिकायत निगरानी ब्यूरो से की। जबकि इस वर्ष जून तक ही 8 महिलाओं की शिकायतें आ गई हैं। यह संभव हो सका है, निगरानी ब्यूरो में चौबीस घंटे किसी भ्रष्ट लोकसेवकों के खिलाफ शिकायत करने की सुविधा बहाल होने और लगातार हो रही कार्रवाई की वजह से लोगों में एक भरोसा कायम होने के कारण। वर्ष अंत तक इसकी संख्या बढ़ेगी। ये बातें निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के महानिदेशक (डीजी) जितेंद्र सिंह गंगवार ने कही। वे गुरुवार को शहर के ज्ञान भवन में आयोजित बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने किया। इस मौके पर उप-मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी समेत अन्य मंत्री, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, डीजीपी विनय कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने निगरानी ब्यूरो के नए लोगो का अनावरण भी किया। इसके गठन के करीब 80 वर्ष बाद इस ब्यूरो को अपना लोगो मिला है जो इसे अपना खास पहचान प्रदान करता है। डीजी श्री गंगवार ने कहा कि निगरानी ब्यूरो में भ्रष्टाचार के खिलाफ पिछले 25 वर्षों यानी वर्ष 2000 से 2024 तक सालाना औसतन 72 एफआईआर होती थी। पिछले वर्ष इसमें 70 फीसदी की बढ़ोतरी हुई और एफआईआर की यह संख्या बढ़कर 122 हो गई। मौजूदा वर्ष में पिछले वर्ष की तुलना में इसमें दो गुणा की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसी तरह ट्रैप के मामले में पिछले 25 वर्षों में सालाना औसतन 49 होते थे, जो 2025 में बढ़कर 101 हो गई और इस वर्ष इसमें तीन गुणा की बढ़ोतरी होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इसी तरह सजा दिलाने की मुहिम में भी काफी तेजी आई है। पिछले 25 वर्षों के दौरान सालाना औसतन 5.6 आरोपियों को सजा दिलाई गई, लेकिन सिर्फ पिछले वर्ष 30 आरोपियों को सजा दिलाई गई। इसमें छह गुणा की बढ़ोतरी हुई है। इस वर्ष सजा दिलाने की दर इससे कहीं आगे पहुंच जाएगी। महानिदेशक ने कहा कि अवैध तरीके से संपत्ति जमा करने वाले लोक सेवकों के खिलाफ भी तेजी से कार्रवाई की जा रही है। अब तक भ्रष्टाचारियों की 102 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसमें 32 करोड़ रुपये की संपत्ति अंतिम रूप से जब्त कर ली गई है। महानिदेशक ने कहा कि शिक्षकों की वर्ष 2006 से 2015 के बीच हुई बहाली में गड़बड़ी की जा रही है। इसमें अब तक 3.50 लाख शिक्षकों के 6.70 लाख प्रमाण-पत्रों की जांच हो गई है, जिसमें 1830 एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। कुछ मामलों की जांच चल रही है। इस जांच में नेपाल के अलावा दूसरे राज्यों के भी 378 बोर्ड या विश्वविद्यालय से विभिन्न तरह के डिग्रियों की जांच कराई गई है।

# डॉक्टर्स डे पर चिकित्सक एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स हुए सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। बिहार के सबसे पुराने एवं प्रतिष्ठित सामाजिक संगठनों में से एक रोटरी क्लब ऑफ पटना ने नए रोटरी वर्ष 2026-27 की पहली बैठक के अवसर पर डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे का गरिमामय आयोजन किया। इस अवसर पर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 15 प्रख्यात चिकित्सकों तथा 3 विशिष्ट चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को सम्मानित किया गया। सम्मानित चिकित्सकों में डॉ. सत्यजीत सिंह, डॉ. रविशंकर सिंह, डॉ. चिरंजीव खंडेलवाल, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. लाल बहादुर सिंह, डॉ अनुजा



मिश्रा, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार, डॉ. सुनीता कुमारी, डॉ. तन्वी सिंह, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. दयानिधि कुमार, डॉ. माला सिंह, डॉ. रवीन्द्र नाथ टैगोर, डॉ. शिप्रा भारती तथा डॉ. आर. वी. सिंह शामिल थे। इसी अवसर पर सीए शैलेन्द्र कुमार, सीए अंजू शर्मा एवं सीए राजीव कुमार को भी चार्टर्ड अकाउंटेंसी के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्लब अध्यक्ष डॉ. रवि कुमार सिन्हा ने कहा कि चिकित्सक और चार्टर्ड अकाउंटेंट समाज के ऐसे स्तंभ हैं जो निःस्वार्थ भाव से राष्ट्र की सेवा करते हैं। क्लब के सचिव डॉ. दयानिधि कुमार ने कहा कि रोटरी का प्रत्येक नया वर्ष सेवा, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व के नए संकल्प के साथ प्रारंभ होता है।

# कार्यस्थल पर महिलाओं की लैंगिक उत्पीड़न मामलों की समयबद्ध और निष्पक्ष जांच हो

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और उत्पीड़न-मुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास निगम की ओर से गुरुवार को पॉश कार्यस्थल पर महिलाओं की लैंगिक उत्पीड़न रोकथाम विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विभिन्न विभागों की आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मौके पर महिला एवं बाल विकास निगम की प्रबंध निदेशक डॉ. प्रीति ने कहा कि पॉश कार्यशाला को महज औपचारिकता नहीं मानना चाहिए। इसका मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े कानूनों की जानकारी प्रदान करना तथा शिकायतों के प्रभावी निस्तारण की व्यवस्था को मजबूत करना है। उन्होंने आईसीसी सदस्यों से आह्वान किया कि उनके पास आने वाली प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई करें तथा निर्धारित प्रक्रिया के तहत निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच सुनिश्चित करें।

प्रतिभागियों को 'कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013' के प्रमुख प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिनियम की धारा 4 के तहत प्रत्येक संस्थान में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। यदि किसी विभाग के कार्यालय अलग-अलग स्थानों पर हैं तो प्रत्येक प्रशासनिक इकाई में अलग-अलग समिति गठित की जाएगी। समिति की अध्यक्षता संबंधित संस्थान की वरिष्ठ महिला कर्मचारी करेंगी जबकि अन्य सदस्यों का मनोनयन नियोक्ता द्वारा किया जाएगा। जिला स्तर पर जिला पदाधिकारी स्थानीय समिति का गठन करते है, जो 10 से कम कर्मचारियों वाले संस्थानों तथा नियोक्ता के विरुद्ध शिकायतों की सुनवाई करती है। कार्यशाला में लैंगिक उत्पीड़न की परिभाषा स्पष्ट की गई।

शारीरिक स्पर्श, यौन संबंध बनाने का दबाव या अनुरोध, अश्लील या यौन संकेत वाली टिप्पणियां, अश्लील साहित्य, तस्वीरें या अन्य आपत्तिजनक सामग्री दिखाना तथा किसी भी प्रकार का शारीरिक, मौखिक या सांकेतिक

# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर मढ़ौरा की डॉ. निशान्धिता राज सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस 2026 के अवसर पर मढ़ौरा की बेटी एवं सुप्रसिद्ध फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. निशान्धिता राज को निशुल्क भौतिक चिकित्सा शिविर के आयोजन तथा अपने क्षेत्र में रियायती चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए, बिहार विधान परिषद सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री, पूर्व सलाहकार विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा कुलाधिपति दक्षिण बिहार केंद्रीय



विश्वविद्यालय पद्मभूषण डॉ सीपी ठाकुर, पूर्व केंद्रीय पर्यावरण वन तथा जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री श्री अश्वनी चौबे तथा पूर्व विधान पार्षद एवं विभागाध्यक्षा, हिंदी विभाग, पटना विमेंस कॉलेज, प्रो. किरण घई के द्वारा डॉ वैद्यनाथ मिश्रा सम्मान से सम्मानित किया गया। मौके पर डॉ. निशान्धिता राज ने बताया कि राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर इस प्रकार का सम्मान पाना मेरे लिए अविस्मरणीय एवं प्रेरणादायी क्षण है। चिकित्सा सेवा पर हर एक व्यक्ति का एक समान अधिकार होना चाहिए और मुझे यह सम्मान इस दिशा में कार्य करने के लिए और अधिक प्रेरित कर किया है। मेरा भी प्रयास समाज के हर तबके को बेहतरीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का रहेगा। कार्यक्रम में चिकित्सा शोध एवं सामाजिक क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया।

# मुख्य गवाह रानी खातून की हत्या से सनसनी, कल्लू खान हत्याकांड के मुख्य आरोपित पर लगा आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** वर्ष 2021 के चर्चित फिरोज खान उर्फ कल्लू खान हत्याकांड की मुख्य गवाह रानी खातून की हत्या ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। औरंगाबाद जिले के बारुन थाना क्षेत्र स्थित टेंगरा नहर से उनका शव बरामद होने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के गले में प्लास्टिक की रस्सी बंधी मिली जिससे गला दबाकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार रानी खातून 27 जून से लापता थीं। उनके परिजनों ने डालमियानगर थाना में गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसी दिन बारुन थाना क्षेत्र में एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ था। पहचान नहीं होने पर पुलिस ने



सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया। बाद में परिजनों ने शव की पहचान रानी खातून के रूप में की। रानी खातून मूल रूप से शिवसागर थाना क्षेत्र के कैथी गांव की रहने वाली थीं। वर्ष 2021 में उनके पति फिरोज खान उर्फ कल्लू खान की हत्या के बाद वह अपने पांच बच्चों के साथ डिहरी के मकराईन स्थित मायके में रह रही थीं। बताया जाता है कि वह कल्लू खान हत्याकांड की मुख्य प्रत्यक्षदर्शी गवाह थीं और 7 जुलाई को सासाराम न्यायालय में उनकी गवाही प्रस्तावित थी।

मृतका के पुत्र फरहान खान ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2021 के पंचायत चुनाव की रंजिश में उनके पिता की हत्या की गई थी। उस मामले के मुख्य आरोपी इजहार खान कुछ महीने पहले जमानत पर जेल से बाहर आया था और लगातार केस वापस लेने का दबाव बना रहा था। फरहान का यह भी आरोप है कि घटना वाले दिन इजहार खान के दामाद प्रिंस खान ने उनकी मां को डिहरी बाजार बुलाया था जिसके बाद वह लापता हो गईं और बाद में उनका शव बरामद हुआ। हालांकि इन आरोपों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। गौरतलब है कि फिरोज खान उर्फ कल्लू खान पर हत्या, लूट, डकैती समेत कई आपराधिक मामले दर्ज थे और वह शिवसागर थाना क्षेत्र का मोस्ट वांटेड अपराधी रह चुका था। इसके बावजूद उसकी हत्या के मामले में रानी खातून प्रमुख गवाह थीं।

**पुलिस का बयान**

डालमियानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए वैज्ञानिक तरीके से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फॉरेंसिक साक्ष्य और अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है और दोषियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। रानी खातून अपने पीछे तीन पुत्र, दो पुत्रियां, तीन भाई और दो बहनों का परिवार छोड़ गई हैं। इस घटना से परिजनों में गहरा शोक है, वहीं क्षेत्र में आक्रोश और दहशत का माहौल बना हुआ है।

# एनडीपीएस कांड में फरार अप्राथमिक अभियुक्त के घर पर चिपकाया इश्तेहार

## गोमो रेल पुलिस ने की कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रेल थाना गोमो, धनबाद की पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में फरार चल रहे अप्राथमिक अभियुक्त के घर पर मंगलवार को इश्तेहार चिपकाया। जानकारी के अनुसार रेल थाना गोमो में कांड संख्या 20/25 दर्ज है। इस कांड के उद्‌भेदन के क्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, धनबाद के आदेश के आलोक में कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने डिहरी नगर थाना की सहायता से डिहरी नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पाली गली नंबर-4 में रहने वाले पृथ्वीराज, पिता विनोद कुमार शाह के आवास पर जाकर कुर्की-जब्ती की अग्रिम कार्रवाई के तहत इश्तेहार चिपकाया। इस संबंध में सहायक अवर निरीक्षक वाल्मीकि पाठक और पुलिस अवर निरीक्षक नाथू प्रसाद ने बताया कि उक्त कांड एनडीपीएस अधिनियम से संबंधित है। इसमें पृथ्वीराज को अप्राथमिक अभियुक्त बनाया गया है। नोटिस तामिला कराने के बावजूद वह अनुसंधान में सहयोग नहीं कर रहा था और फरार चल रहा था। न्यायालय के



आदेश पर उसके घर पर इश्तेहार चिपका दिया गया है। निर्धारित समय-सीमा 1 महीने के अंदर अभियुक्त के हाजिर नहीं होने पर आगे की विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान गोमो रेल थाना के पुलिसकर्मियों के साथ डिहरी नगर थाना के पुलिस बल भी मौजूद रहे।

# मां की पुण्यतिथि पर जरुरतमंदों के बीच वस्त्र वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने माता शांति देवी की 17वीं पुण्यतिथि पर पैतृक गांव सासाराम प्रखंड क्षेत्र के भैसहीं में जरुरतमंदों के बीच घर-घर जाकर वस्त्र वितरण कराया। इसके तहत गांव की विधवा और जरुरतमंद वृद्ध महिला-पुरुषों को साड़ी एवं अन्य अंगवस्त्र दिया गया। इस मौके पर अखिलेश कुमार ने कहा कि अपने माता-पिता और पूर्वजों को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि जरुरतमंदों की यथासंभव सहयोग किया जाए। कहा कि माता-पिता का कोई ऋण तो नहीं चुका सकता है, लेकिन उसके नाम पर या याद में अगर किसी के सहयोग में खड़े रहते हैं तो इससे उनकी आत्मा को



शांति जरूर मिलती होगी। साथ हीं नई पीढ़ी को जरुरतमंद लोगों को सहायता करने की प्रेरणा भी मिलती है। इस मौके पर शिक्षक सुशील कुमार, अजय राय, मनीष कुमार सहित शामिल रहे।

## डॉक्टर्स डे पर अदरी देवी मेमोरियल अस्पताल में सेवा का संकल्प

# मरीजों की खुशियां ही हमारी सबसे बड़ी कमाई : डॉ. एस. निशा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर देर रात डिहरी स्थित अदरी देवी मेमोरियल अस्पताल में चिकित्सकों एवं अस्पताल कर्मियों ने केक काटकर उत्साहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर मरीजों की सेवा के प्रति समर्पण और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अस्पताल के मुख्य शल्य चिकित्सक डॉ. वीरेन्द्र कुमार एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. निशा ने केक काटकर की। इसके बाद सभी चिकित्सकों और अस्पताल कर्मियों के बीच मिठाइयां बांटी गईं। इस मौके पर डॉ. एस. निशा ने राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विश्व में



पहला डॉक्टर्स डे 30 मार्च 1933 को अमेरिका के जॉर्जिया राज्य के विंडर शहर में मनाया गया था। वहीं भारत में वर्ष 1991 से महान चिकित्सक एवं पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती एवं पुण्यतिथि (1 जुलाई) के अवसर पर राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर के जीवन की सबसे बड़ी कमाई धन नहीं, बल्कि मरीज के चेहरे पर इलाज के बाद लौटने वाली मुस्कान होती है जब कोई पीड़ित मरीज स्वस्थ होकर खुशी के साथ घर लौटता है तो वही एक चिकित्सक के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार होता है। मुख्य शल्य चिकित्सक डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि डॉक्टर्स डे के अवसर पर अदरी देवी मेमोरियल अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित किया गया जबकि एडीएम हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर में मरीजों के लिए ओपीडी सेवा पूरी तरह निःशुल्क रखी गई। इस दौरान करीब 50 मरीजों ने मुफ्त चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया तथा जांच एवं दवाओं पर विशेष छूट भी दी गई। उन्होंने कहा कि डॉक्टर्स डे का वास्तविक उद्देश्य मरीजों की सेवा करना है जिस प्रकार मरीज को स्वस्थ होने पर सुकून मिलता है उसी प्रकार उसका सफल इलाज कर डॉक्टर को भी आत्मसंतोष और खुशी की अनुभूति होती है। कार्यक्रम में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विशाल कुमार, डॉ. पंकज कुमार, दंत चिकित्सक डॉ. ओ.पी. आनंद सहित अस्पताल के सभी चिकित्सक एवं सहयोगी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाजार से रॉयल एनफील्ड बुलेट चोरी, पुलिस ने जांच शुरू की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार गोडारी से बुधवार रात एक रॉयल एनफील्ड क्लासिक-350 बुलेट बाइक चोरी हो गई। गोडारी गांव निवासी गौरी शंकर तिवारी के पुत्र सुभाष कुमार तिवारी ने बताया कि उनकी बाइक बुधवार रात बुढ़वल रोड स्थित संतोष साहू की दुकान के पास खड़ी थी। वह बाइक खड़ी कर घर चले गए थे। गुरुवार सुबह जब वे वापस लौटे तो बाइक मौके से गायब मिली। सुभाष ने आसपास काफी खोजबीन की और स्थानीय लोगों से पूछताछ भी की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद पीड़ित ने गुरुवार को काराकाट थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द बाइक बरामद करने और चोरी में शामिल दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में काराकाट थाना प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि बाइक चोरी से संबंधित आवेदन प्राप्त हो गया है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल के आसपास के साक्ष्यों और अन्य बिंदुओं के आधार पर छानबीन की जा रही है। साथ ही पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों की भी जांच कर रही है, ताकि चोरों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके। थाना प्रभारी ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही मामले का खुलासा कर बाइक बरामद कर ली जाएगी। बाजार में हुई इस चोरी की घटना से स्थानीय लोगों में दहशत है।

# टाटा नेक्सन से 367 लीटर विदेशी शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** मोहनियां पुलिस ने बिहार में पूर्ण शराबबंदी को प्रभावी बनाने के प्रयासों के तहत एक बड़ी कार्रवाई की है। पटना मोड़ के पास से एक टाटा नेक्सन गाड़ी से भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त की गई है। इस कार्रवाई में लगभग 367 लीटर शराब बरामद हुई जिसकी बाजार कीमत 4 से 4.5 लाख रुपये आंकी जा रही है। मोहनियां डीएसपी गोपाल कृष्णा ने बताया कि पुलिस की गश्ती टीम क्षेत्र में



नियमित जांच कर रही थी। इसी दौरान पटना मोड़ पर वाहनों की तलाशी ली जा रही थी तभी एक संदिग्ध ग्रे रंग की टाटा नेक्सन गाड़ी काफी देर तक खड़ी दिखी। पुलिस ने जब गाड़ी की गहन तलाशी ली तो उसमें से यह विदेशी शराब बरामद हुई। पुलिस टीम को देखकर शराब तस्कर और गाड़ी का चालक मौके से फरार होने में सफल रहे। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने फिलहाल उक्त गाड़ी को जब्त कर लिया है और आगे की जांच जारी है। इस मामले में एक चौंकाने वाला पहलू सामने आया है। प्रथम दृष्टया यह गाड़ी चोरी की प्रतीत हो रही है। डीएसपी गोपाल कृष्णा ने जानकारी दी कि गाड़ी पर बिहार का रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगा हुआ था, लेकिन गाड़ी के अंदर से दिल्ली नंबर की एक अतिरिक्त नंबर प्लेट भी मिली है। इससे आशंका है कि तस्करों ने पुलिस को चकमा देने के लिए चोरी की गाड़ी पर फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल किया था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि शराब की यह बड़ी खेप किस दिशा से लाई जा रही थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था। इस मामले में अज्ञात तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और कानूनी कार्रवाई व अनुसंधान तेज कर दिया गया है।

# मोहल्ले में कचरा डंपिंग से बीमारी का खतरा, निवासियों ने की शिकायत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज नगर परिषद के वार्ड संख्या 14 में मोहल्ले के बीच शहर का कचरा डंप किए जाने से स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश है। आस्कामिनी नगर वार्ड 14 की गली नंबर 1 और गली नंबर 2 के सामने सड़क पर सफाई सुपरवाइजर और कर्मचारियों द्वारा ही कचरा डाला जा रहा है, जिससे उठने वाली दुर्गंध और विषाणुओं के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस गंदगी से क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया और अन्य मौसमी बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर अमरेन्द्र कुमार चौधरी, गोपाल मिश्र, नीतू देवी, मोनू मिश्रा, अमित पटेल, शशि भूषण सहित कई मोहल्ला वासियों ने बिक्रमगंज के एसडीएम और नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को लिखित शिकायत सौंपी है। निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का तुरंत समाधान नहीं किया गया तो बरसात के मौसम में हालात और भी भयावह हो सकते हैं क्योंकि जलजमाव से कचरा पूरे मोहल्ले में फैल जाएगा। इस संबंध में जब नगर परिषद बिक्रमगंज की कार्यपालक पदाधिकारी कोमल कुमारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं है। हालांकि उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर जल्द ही उचित समाधान किया जाएगा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार कर्मचारियों की लापरवाही से ही स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ रही हैं और लोग स्वास्थ्य संकट झेलने को मजबूर हैं।

# श्री लक्ष्मी नारायण प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

## अखंड हरिकीर्तन व विशाल भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी बाजार स्थित श्री हनुमान मानस मंदिर परिसर में भगवान श्री लक्ष्मी नारायण की नवीन प्रतिमा की चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन मंगलवार को श्रद्धा, भक्ति और वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हो गया। समापन अवसर पर अखंड हरिकीर्तन, हवन-पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। चार दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के दौरान मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। श्रद्धालुओं ने भव्य कलश एवं जलभरी यात्रा निकालकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र जल संग्रह किया और मंदिर पहुंचकर अनुष्ठान में शामिल हुए। इसके बाद



भगवान श्री लक्ष्मी नारायण की प्रतिमा के साथ भव्य नगर भ्रमण भी निकाला गया जिसमें पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह सहित काफी संख्या महिला पुरुष मौजूद रहे, भाजपा युवा नेता अमित कुमार पटेल ने स्टेशन पर दुर्गा मंदिर के निकट आरती का आयोजन किया तथा पाली रोड में श्रद्धालु लोगों के लिए जलपान की व्यवस्था की। पूरे मार्ग में 'जय श्रीराम' और 'हरि नाम' के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को संपन्न कराने के लिए वाराणसी से आए पांच विद्वान ब्राह्मणों के दल ने वैदिक विधि-विधान के अनुसार पूजा-अर्चना, यज्ञ एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। मंदिर के प्रधान पुजारी संजय मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। मंदिर समिति के सदस्य अर्जुन केसरी ने बताया कि श्री हनुमान मानस मंदिर में भगवान श्री लक्ष्मी नारायण की नवीन प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के लिए चार दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसकी शुरुआत 29 जून को भव्य कलश शोभायात्रा एवं पूजन-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद वैदिक अनुष्ठान, विशेष पूजन, प्राण प्रतिष्ठा, अखंड हरिकीर्तन, हवन तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अमित कुमार पटेल, धनंजय गुप्ता, विनय गुप्ता, बसंत लाल, काशी शर्मा, अखिलेश यादव, अनूप अग्रवाल, पार्वती देवी, रेणु देवी, आरती देवी, कुसुम देवी, उषा देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं मंदिर समिति के सदस्य उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में गहरा उत्साह और धार्मिक आस्था देखने को मिली।

# पिता की पीट-पीटकर हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** कैमूर जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव में एक बेटे ने मामूली विवाद में अपने पिता की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान 60 वर्षीय चूल्हन बिंद के रूप में हुई है जो स्वर्गीय मिट्ठू बिंद के पुत्र थे। घटना के संबंध में मृतक के छोटे पुत्र जितेंद्र कुमार बिंद ने बताया कि उनके मझले भाई सोनू बिंद घर के गलियारे में बकरी बांध रहे थे। पिता चूल्हन बिंद ने सोनू से बकरी हटाने के लिए कहा, क्योंकि इससे आने-जाने में परेशानी हो रही थी। इसी बात पर सोनू बिंद आक्रोशित हो गए और उन्होंने अपने पिता पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को तुरंत इलाज के लिए चैनपुर अस्पताल ले जाया गया। चैनपुर अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें भभुआ सदर अस्पताल रेफर किया गया। वहां डॉक्टरों ने उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए वाराणसी के हायर सेंटर भेजने की सलाह दी, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव का पंचनामा किया और भभुआ सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। पीड़ित परिवार ने आरोपी पुत्र सोनू बिंद की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: एसआईजी_डब्ल्यू_5_पॉलिसी, दिनांक** 01.07.2026, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ. झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_26-27_09_ओटीआर, दिनांक : 01.07.2026, कार्य का नाम:** मालदा मंडल के तहत प्रहरीयुक्त नॉन-इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेट के लिए सीसीटीवी कैमरे का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 2,08,20,686.64, **बयाना राशि:** रु. 4,16,400/-, **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_26-27_14_ओटी, दिनांक : 01.07.2026, कार्य का नाम:** चामाग्राम-विश्वसनीयता में सुधार के लिए चामाग्राम (सीएमएक्स) में द्वितीय डिटेक्शन का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 3,34,17,824.77, **बयाना राशि:** रु. 6,68,400/-, **ई-निविदा जमा देने की तिथि और समय :** दिनांक 08.07.2026 से 22.07.2026 को 11.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट:** वेबसाइट: **www.ireps. gov.in** और सूचना पट: वरिष्ठ डीएसटीई का कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा।

MLD-119/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-18, दिनांक:** 30.06.2026, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस है और निम्नलिखित कार्य को करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा केस सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-18, कार्य का नाम:** कार्यों के निम्नलिखित टीआरडी अंशः (क) सीतारामपुर-झाझा खंड की लाइन क्षमता बढ़ाने के लिए 06 आईबीपी का प्रावधान। (ख) सीतारामपुर में 100 मीटर द्वारा एचएल प्लेटफॉर्म नं. 03 का विस्तार एवं लाइन नं. 03 के साथ ओआरएल का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 1,69,62,471.37, **बयाना राशि:** रु. 3,39,200/-, **कार्य की समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तिथि से 60 दिन। **खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 04.08.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-159/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## मारपीट की प्राथमिकी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के काली स्थान निवासी रत्ना देवी ने पड़ोसी विजय कुमार गुप्ता समेत चार लोगों पर उन्हें तथा पति को मारपीट कर जख्मी करने की प्राथमिकी किया। पुलिस के अनुसार भूमि विवाद के कारण यह घटना घटी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## धारदार हथियार से किया जख्मी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना के जक्खी बिगहा निवासी जुलेखा खातून ने अपने भैसूर रेयासत हुसैन व उनकी पत्नी व पुत्र पर धारदार हथियार से सिर पर वार कर बुरी तरह घायल करने की प्राथमिकी किया। बचाव को आये पति लियाकत हुसैन की भी पिटाई की। वे घर छोड़ भागने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## विद्युत चोरी की प्राथमिकी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना के जक्खी बिगहा निवासी आदिल अहमद ऊर्फ राजा को बिना विद्युत कनेक्शन लिए विद्युत चोरी करते विद्युत धावा दल ने पकड़ा। पुलिस के अनुसार जेई प्रमोद कुमार ने 44500 रूपये के ऊर्जा राजस्व की चोरी की प्राथमिकी किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हिंदी अभिव्यक्ति का सहज माध्यम, राजभाषा का अधिकाधिक प्रयोग हमारा संवैधानिक दायित्व

## डीडीयू मंडल की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) में राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग एवं प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से गुरुवार को मंडल कार्यालय के सभागार में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने की। बैठक में मंडल में राजभाषा हिंदी के प्रयोग की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई तथा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य



करने वाले विद्युत (कर्षण चल स्टॉक) विभाग को प्रोत्साहन स्वरूप राजभाषा चल शील्ड प्रदान की गई। साथ ही गत तिमाही के दौरान विभिन्न कार्यालयों एवं स्टेशनों में किए गए राजभाषा निरीक्षण, हिंदी कार्यशालाओं तथा अन्य राजभाषा संबंधी गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी अभिव्यक्ति का सहज एवं प्रभावी माध्यम है तथा कार्यालयी कार्यों में इसका अधिकाधिक प्रयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदी में कार्य करना हमारा नैतिक कर्तव्य एवं संवैधानिक दायित्व है। साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों से नियमित पठन-पाठन की संस्कृति विकसित करने, पुस्तकालयों का अधिकाधिक उपयोग करने तथा सरल, सहज एवं व्यवहारिक हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान तकनीकी संसाधनों एवं ई-ऑफिस के माध्यम से हिंदी में कार्य करना पहले की अपेक्षा कहीं अधिक सरल और सुविधाजनक हो गया है। अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी सह अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री कुलदीप ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से ई-ऑफिस सहित दैनिक कार्यालयीन कार्यों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने तथा अपने व्यवहार एवं कार्यशैली से अधीनस्थ कर्मचारियों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। बैठक में मंडल के सभी शाखाओं के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का समन्वयन अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी सह अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री कुलदीप द्वारा तथा संचालन राजभाषा अधिकारी राजेश कुमार द्वारा किया गया।

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 (**वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा** के कार्यक्षेत्र हेतु) निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित करते हैं: **क्रम सं. 1, एनआईटी सं.134_2026-27, कार्य का विवरण :** एईएन/लिलुआ के अधीन एसएसई/पी.वे/लिलुआ के खंड में किमी 6/0-21/0 हावड़ा-बैण्डेल मेन लाइन तथा 6/0-10/0 हावड़ा-डानकुनी-हावड़ा बर्द्धमान कॉर्ड लाइन में पी.वे रखरखाव कार्य। **अनुमानित मूल्य:** रु.1,66,51,585.33, **बयाना राशि :** रु. 3,33,000/-, **क्रम सं. 2, एनआईटी सं.135_2026-27, कार्य का विवरण :** एईएन/लिलुआ के अधीन एसएसई/पी.वे/लिलुआ के खंड में लिलुआ वर्कशॉप, एलसीडी और बीईएसवाई में पी.वे रखरखाव कार्य। **अनुमानित मूल्य:** रु.88,83,170.35, **बयाना राशि:** रु. 1,77,700/-, **क्रम सं. 3, एनआईटी सं.136_2026-27, कार्य का विवरण:** एईएन/बैण्डेल के अधीन खन्यन और पालसिट के बीच किमी 55/00 से 90/800 तक एसएसई/पी.वे/पाण्डुया के तहत पी.वे रखरखाव कार्य। **अनुमानित मूल्य:** रु.1,90,17,583.46, **बयाना राशि:** रु. 3,80,400/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.):** शून्य (प्रत्येक हेतु)। **समापन अवधि:** 12 (बारह) माह (प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 14.07.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान: ई-निविदा प्रणाली के मामले में बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।।

HWH-184/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# डॉक्टर्स डे व चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे पर रोटरी क्लब ऑफ नवादा ने किया सम्मान समारोह

**नए अध्यक्ष व सचिव ने संभाला पदभार**

डॉ. पंकज कुमार सिन्हा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर बुधवार को रोटरी क्लब ऑफ़ नवादा की ओर से स्थानीय एक होटल में भव्य सम्मान समारोह एवं पदभार ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के तीन दर्जन से अधिक चिकित्सकों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स तथा वरिष्ठ रोटेरियनों को उनके उत्कृष्ट सामाजिक एवं व्यावसायिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के नए सत्र 2026-27 के लिए नए अध्यक्ष एवं सचिव ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। समारोह में रोटरी क्लब के निवर्तमान अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने नए अध्यक्ष नीरज लोहानी को तथा निवर्तमान सचिव आदित्य कुमार ने नए सचिव प्रहलाद प्रसाद को पदभार सौंपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवनिर्वाचित अध्यक्ष नीरज लोहानी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सिविल सर्जन डॉ. विमल प्रसाद उपस्थित रहे। मंच संचालन रोटेरियन अनिल कुमार भगत ने किया। अपने संबोधन में अध्यक्ष नीरज लोहानी ने कहा कि दूसरी बार रोटरी क्लब नवादा का नेतृत्व करने का अवसर मिलना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि





रोटरी क्लब पिछले 25 वर्षों से समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार कार्य करता आ रहा है और आने वाले सत्र में भी सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में कई जनहितकारी कार्यक्रम चलाए जाएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी सदस्यों के सहयोग से क्लब अपने सभी निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करेगा। उन्होंने बताया कि नए सत्र की विस्तृत कार्ययोजना सितंबर में आयोजित इंस्टॉलेशन समारोह के दौरान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की उपस्थिति में प्रस्तुत की जाएगी। इस अवसर पर सम्मानित किए गए चिकित्सकों में डॉ. विमल प्रसाद, डॉ. उर्मिला भगत, डॉ. सावित्री शर्मा, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. पिंकी बरनवाल, डॉ. सोनल गुप्ता, डॉ. सुनील कुमार ज्योति, डॉ. सलेन्द्र कुमार, डॉ. कुनाल कुमार (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. शिशु श्वेता, डॉ. संघमित्रा कुमारी, डॉ. स्नेहा आर्या, डॉ. प्रहलाद कुमार, डॉ. कुनाल कुमार, डॉ. रविश कुमार, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. शंभुक कुमार, डॉ. काशीनाथ पंडित, डॉ. परिमल भास्कर, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. संजय कुमार, डॉ. अमर कुमार, डॉ. जीनत परवीन सहित अन्य चिकित्सक शामिल रहे। इसके अलावा रोटेरियन चिकित्सकों में रोटेरियन डॉ. मनोज कुमार, रोटेरियन डॉ. कृपाल सिंह, रोटेरियन डॉ. महेश कुमार, रोटेरियन डॉ. सुनील कुमार (शिशु रोग विशेषज्ञ), रोटेरियन डॉ. नीरज कुमार, रोटेरियन डॉ. एकलव्य भगत, रोटेरियन डॉ. प्रेम प्रकाश, रोटेरियन डॉ. प्रेम सागर चौधरी एवं रोटेरियन डॉ. पुष्कर चंद्रा को भी सम्मानित किया गया। चार्टर्ड अकाउंटेंट्स में सीए धीरेंद्र कुमार एवं रोटेरियन पीयूष कुमार को सम्मानित किया गया। वहीं वरिष्ठ रोटेरियनों में रोटेरियन अरुण कुमार भगत, रोटेरियन ललित कुमार अग्रवाल, रोटेरियन शिव हरि अग्रवाल, रोटेरियन बद्री प्रसाद, रोटेरियन श्रीकांत सिंह, रोटेरियन शैलेंद्र प्रसाद सिंह, पास्ट एजी आर पी साहू ,रोटेरियन पास्ट एजी वजीर प्रसाद तथा रोटेरियन पास्ट एजी नवीन कुमार सिन्हा को भी सम्मानित किया गया।

# बिहारशरीफ में बैंक ऑफ बड़ौदा की नई शाखा का शुभारंभ

**जिले की सातवीं और शहर की चौथी शाखा शुरू**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। नालंदा जिले के लोगों के लिए बैंकिंग सुविधाओं का दायरा और बढ़ गया है। बिहारशरीफ के किसान कॉलेज के सामने बैंक ऑफ बड़ौदा की नई शाखा का भव्य उद्घाटन किया गया। यह बिहारशरीफ की चौथी तथा पूरे नालंदा जिले की सातवीं शाखा है। नई शाखा के खुलने से स्थानीय लोगों, छात्रों, व्यवसायियों और ग्राहकों को आधुनिक बैंकिंग सेवाएं आसानी से उपलब्ध होंगी।शाखा का उद्घाटन बैंक के महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख (पटना अंचल) सुमंत सुब्रत कुमार स्वाईं ने फीता काटकर किया। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रमुख (गया क्षेत्र) संजय कुमार तिवारी, उप क्षेत्रीय प्रमुख (बिहार क्षेत्र) प्रभात कुमार श्रीवास्तव समेत बैंक के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।महाप्रबंधक सुब्रत कुमार स्वाईं ने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा ग्राहकों को बेहतर, सुरक्षित और आधुनिक बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि नई शाखा के माध्यम से बचत खाता, ऋण, एटीएम, डिजिटल बैंकिंग, नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग तथा अन्य वित्तीय सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि नई शाखा क्षेत्र के लोगों को तेज, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के साथ बैंक की पहुंच को भी और मजबूत करेगी।



# 31 जुलाई तक हर हाल में पूरी करें सीएमआर आपूर्ति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जिला पदाधिकारी उदिता सिंह ने खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के तहत धान अधिप्राप्ति एवं कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर) आपूर्ति की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को लंबित कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। समीक्षा में बताया गया कि जिले में 1,32,967.46 मीट्रिक टन धान की खरीद के बदले 90,285.19 मीट्रिक टन सीएमआर राज्य खाद्य निगम को दिया जाना है। इसके विरुद्ध अब तक 74,189.757 मीट्रिक टन (82.17 प्रतिशत) सीएमआर प्राप्त हुआ है, जबकि 16,095.433 मीट्रिक टन सीएमआर की आपूर्ति शेष है। भारत सरकार ने सीएमआर जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 जुलाई 2026 कर दी है।बैठक में बताया गया कि 229 पैक्स एवं व्यापार मंडलों में से 77 समितियां शत-प्रतिशत सीएमआर जमा कर चुकी हैं, जबकि 39 समितियों पर पांच लॉट से अधिक सीएमआर लंबित है। डीएम ने इन समितियों की अनुमंडलवार सूची तैयार कर एसडीओ को नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया। साथ ही जिला प्रबंधक को 15 जुलाई तक शत-प्रतिशत सीएमआर प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रखंडवार दैनिक लक्ष्य निर्धारित करने को कहा। डीएम ने स्पष्ट किया कि निरीक्षण के दौरान किसी भी स्तर पर गड़बड़ी मिलने पर संबंधित समिति, गोदाम प्रबंधक और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जवाबदेही तय की जाएगी।



## एक नजर

### तेज रफ्तार बाइक की ठोकर से वृद्ध की मौत

**इस्लामपुर**। खोदागंज थाना क्षेत्र के खोदागंज-हुलासगंज मुख्य सड़क पर जहानबगीचा गांव के समीप तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान जहानबगीचा निवासी 60 वर्षीय राजेन्द्र रविदास के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वे पैदल खोदागंज बाजार जा रहे थे, तभी अनियंत्रित बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वे सड़क किनारे दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें तत्काल खोदागंज बाजार के एक निजी क्लीनिक पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बीम्स पावापुरी रेफर किया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद बाइक चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### दैनिक जनता दरबार में डीएम ने सुनीं 34 फरियादें

**बिहारशरीफ**। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने गुरुवार को आयोजित दैनिक जनता दरबार में 34 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, देवस्थान एवं पईन भूमि से अतिक्रमण हटाने, नहर खुदाई मुआवजा, अधिग्रहीत भूमि की अवार्ड राशि भुगतान, पेयजल सुविधा, परिमार्जन प्लस के तहत जमाबंदी सुधार, जमीन पर अवैध कब्जा तथा रोजगार उपलब्ध कराने जैसे मामलों पर सुनवाई हुई। जिलाधिकारी ने अधिकांश मामलों को अपर समाहर्ता एवं जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को भेजते हुए समयबद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया। बिहारशरीफ अंचल कार्यालय में बिना रिश्वत काम नहीं होने की शिकायत की जांच के आदेश भी दिए गए। वहीं शिक्षकों के वेतन विसंगति से जुड़े मामले की जांच का जिम्मा जिला शिक्षा पदाधिकारी को सौंपा गया। अन्य सभी आवेदनों पर भी संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

### 5 जुलाई के भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी तेज

**बिहारशरीफ**। भारतीय जनता पार्टी नालंदा जिला इकाई की ओर से आगामी 5 जुलाई को आयोजित होने वाले जिला कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर गुरुवार को मेहनौर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष राजेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत रणनीति तैयार की गई और विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं।जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर बिहार के सभी जिलों में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। नालंदा का सम्मेलन 5 जुलाई को होगा, जिसमें बिहार सरकार के खान एवं कला संस्कृति मंत्री डॉ. प्रमोद चंद्रवंशी तथा भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं क्षेत्रीय प्रभारी डॉ. प्रीती शेखर मुख्य रूप से कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। दोनों नेता संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों और चुनावी तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे।उन्होंने कहा कि सम्मेलन को लेकर जिले के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शैलेन्द्र कुमार, छोटेलाल राजवंशी, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, शिवशंकर दास, डॉ. आशुतोष कुमार, तेजस्विता राधा, जिला महामंत्री शिवरतन प्रसाद सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कौशल्या कुमारी बनी राजगीर की नई अंचलाधिकारी

**बिहारशरीफ**। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के जारी अधिसूचना के अनुसार राजगीर के अंचलाधिकारी अनुज कुमार का स्थानांतरण पटना सदर अंचलाधिकारी के पद पर किया गया है। वहीं, औरंगाबाद जिले के हसपुरा में पदस्थापित अंचलाधिकारी कौशल्या कुमारी को राजगीर का नया अंचलाधिकारी बनाया गया है। कौशल्या कुमारी प्रशासनिक सेवा के साथ-साथ अपनी विशिष्ट उपलब्धियों के कारण भी चर्चित रही हैं। भोजपुर जिले के आरा की मूल निवासी कौशल्या कुमारी लोकप्रिय टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर राज्यभर में पहचान बना चुकी हैं।प्रशासनिक सेवा में आने से पहले कौशल्या कुमारी शिक्षिका के रूप में कार्यरत थीं। हसपुरा में अंचलाधिकारी के रूप में उनके कार्यकाल को विशेष रूप से सराहा गया। जून 2025 में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा जारी राज्यव्यापी समीक्षा में बिहार के 534 अंचलों की रैंकिंग में हसपुरा अंचल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था। इस उपलब्धि का श्रेय कौशल्या कुमारी के प्रभावी नेतृत्व, राजस्व मामलों के त्वरित निष्पादन, भूमि संबंधी विवादों के समाधान तथा प्रशासनिक दक्षता को दिया गया था।अब राजगीर जैसे ऐतिहासिक एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटन नगरी में उनकी तैनाती को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में राजस्व प्रशासन अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जनोन्मुखी होगा तथा भूमि संबंधी मामलों के निष्पादन में भी तेजी आएगी।

### नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए राजीव कुमार ने भरा पर्चा

**सरमेरा**। सरमेरा प्रखंड के मलावां पैक्स में अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए राजीव कुमार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए पांच अभ्यर्थियों ने भी अपना-अपना नामांकन पत्र जमा किया।प्रखंड कार्यालय परिसर में नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। अभ्यर्थियों के साथ उनके समर्थक भी मौजूद रहे। निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी रौशन भूषण ने बताया कि पैक्स चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 3 जुलाई निर्धारित की गई है। उन्होंने इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना नामांकन पत्र दाखिल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी नामांकन प्रक्रिया पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से कराई जा रही है।

# सड़क हादसे में युवक की मौत से पसरा मातम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। कौआकोल थाना क्षेत्र के मधुरापुर गांव निवासी करीब 48 वर्षीय रामलखन यादव उर्फ पुरैल यादव की हरियाणा (बहादुरगढ़) में हुई सड़क दुर्घटना में मौत के बाद गुरुवार को जैसे ही उनका शव गांव पहुंचा,परिजनों में कोहराम मच गया। स्वजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो उठा और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार रामलखन यादव दिल्ली में रहकर ट्रक चालक का काम करते थे। बुधवार को हरियाणा के बहादुरगढ़ में वाहन चलाने के दौरान हुई सड़क दुर्घटना में उनकी दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन शव लाने के लिए घटनास्थल रवाना हुए थे। गुरुवार को शव गांव पहुंचते ही पत्नी,बच्चों समेत अन्य स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। उनके परिवार में दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। बताया जाता है कि छोटी पुत्री का विवाह करीब दो माह पूर्व ही हुआ था,जिसके बाद वह दोबारा परिवार के भरण-पोषण के लिए दिल्ली कमाने गए थे। अचानक हुई इस घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने इसे परिवार पर टूटा बड़ा दुख बताते हुए शोक व्यक्त किया है।

# विश्व जनसंख्या दिवस पखवारा की सफलता पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां**। विश्व जनसंख्या दिवस पखवाड़ा के सफल आयोजन के उद्देश्य से प्रखण्ड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ.मृत्युंजय कुमार की अध्यक्षता में अंतर विभागीय समन्वय की बैठक हुई। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, सीडीपीओ, बीपीआरओ, जीविका के प्रतिनिधि, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड लेखाप्रबंधक, बीसीएम, परिवार नियोजन सलाहकार आदि शामिल हुए। बैठक में जिला प्रतिनिधि, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया, नवीन कुमार पांडेय ने विश्व जनसंख्या दिवस एवं जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशिभूषण कुमार ने बताया कि पकरीबरावां प्रखण्ड के लिए 98 महिला बंध्याकरण एवं पांच पुरुष नसबंदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर परिवार नियोजन के अस्थायी साधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही आशा कार्यकर्ताओं द्वारा योग्य दंपत्तियों का सर्वेक्षण एवं पंजीकरण कर उन्हें परिवार नियोजन सेवाओं से जोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में 11 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन मेला, 21 जुलाई को परिवार नियोजन दिवस तथा 11 से 31 जुलाई तक विशेष परिवार नियोजन शिविरों के सफल संचालन हेतु विभागीय समन्वय एवं कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित करने, पंचायत स्तर तक इसकी प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने तथा सहयोग शिविरों एवं पंचायत विकास दिवस के अवसर पर आयोजित आयुष गतिविधियों के दौरान परिवार नियोजन संबंधी स्टॉल लगाकर आमजन को जागरूक करने का निर्देश दिया।



# ग्रीष्मावकाश के सामाजिक कार्यों के लिए ब्रिलिएंट ग्रुप के छात्रों को सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ**। स्थानीय सुंदरगढ़ स्थित ब्रिलिएंट ग्रुप के विशाल सभागार में ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालय पहुंचे छात्र-छात्राओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान उन बच्चों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने छुट्टियों के दौरान सामाजिक समरसता, बड़ों के सम्मान, प्रकृति संरक्षण और सेवा भाव से जुड़े कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई। विद्यालय की ओर से अवकाश से पहले बच्चों को विशेष गृहकार्य दिया गया था। इसमें माता-पिता एवं बुजुर्गों की सेवा, पेड़-पौधों को पानी देना, पशु-पक्षियों के लिए भोजन एवं पानी की व्यवस्था करना, पड़ोस में सामाजिक कार्यों में सहयोग देना तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्य करने का निर्देश दिया गया था। बच्चों ने इन कार्यों को पूरी जिम्मेदारी के साथ पूरा किया। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. शशि भूषण कुमार ने कहा कि बच्चों का विकास केवल किताबों तक सीमित नहीं होना चाहिए। उनमें सामाजिक, पारिवारिक, सांस्कृतिक और व्यवहारिक मूल्यों का विकास भी आवश्यक है। ऐसे प्रयास उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं।कुछ बच्चों ने मोहल्लों में जल रहे बिजली के पोल की अनावश्यक लाइटें बंद कर बिजली बचाने का अभियान चलाया, वहीं खुले नलों को बंद कर जल संरक्षण का संदेश भी दिया।समारोह में प्रथम पुरस्कार कुंज कुमार, जय श्री, जानकी, शिवन्या, नियति सिंह, तनुष कुमार, नंदनी, मिस्टी, अरब सिंह, सुशांत कुमार, नवनीत कुमार, प्रिया आनंद, आशीष कुमार और प्रिंस रंजन को दिया गया। इसके अलावा द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उपस्थित रहकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।



# हरनौत के 18 स्कूलों में त्रैमासिक परीक्षा शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हरनौत**। प्रखंड के 18 माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में त्रैमासिक परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त माहौल में शुरू हो गई। परीक्षा के पहले दिन विद्यालयों में सामान्य दिनों की तुलना में छात्रों की उपस्थिति अधिक रही। प्लस टू प्रोजेक्ट गर्ल्स स्कूल हरनौत, प्लस टू हाई स्कूल, गोनावां, सरथा, बस्ती (दैली) समेत विभिन्न विद्यालयों में परीक्षा को लेकर उत्साह का माहौल देखा गया।प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नितेश कुमार रंजन ने बताया कि कक्षा 9वीं और 10वीं की परीक्षा के पहले दिन पहली पाली में मातृभाषा तथा दूसरी पाली में द्वितीय भारतीय भाषा की परीक्षा आयोजित की गई। दूसरे दिन विज्ञान और सामाजिक विज्ञान तथा अंतिम दिन गणित एवं अंग्रेजी की परीक्षा होगी। उन्होंने बताया कि कक्षा 11वीं और 12वीं की त्रैमासिक परीक्षाएं 8 जुलाई तक चलेंगी। पहले दिन प्रथम पाली में भौतिकी, आंत्रप्रेन्योरशिप एवं दर्शनशास्त्र तथा द्वितीय पाली में रसायन विज्ञान, एकाउंटेंसी और राजनीति विज्ञान की परीक्षा हुई। दोनों पालियों की परीक्षा क्रमशः सुबह 9:30 से 12:45 बजे और दोपहर 2:00 से 5रू15 बजे तक आयोजित की जा रही है। प्रश्नपत्र पढ़ने और समझने के लिए छात्रों को अतिरिक्त 15 मिनट का समय भी दिया जा रहा है। बीइओ ने बताया कि सभी विद्यालयों को प्रश्नपत्र और उत्तरपुस्तिकाएं पहले ही उपलब्ध करा दी गई थीं तथा परीक्षा को समयबद्ध और निष्पक्ष ढंग से कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रखंड में कक्षा 9वीं में 1,764, 10वीं में 2,541 तथा 12वीं में 2,094, यानी कुल 6,399 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। परीक्षा के बाद शिक्षकों को उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर 11 जुलाई तक परिणाम तैयार करने का निर्देश दिया गया है।



# रजौली में भू-मापक अमीन सर्वे प्रशिक्षण के लिए नामांकन शुरू

नबिटा संवाददाता

**रजौली**। स्थानीय युवाओं एवं रैयत किसानों को रोजगारपरक तकनीकी दक्षता प्रदान करने तथा भूमि संबंधी कानूनी एवं तकनीकी जानकारी से सशक्त बनाने के उद्देश्य से रजौली प्रखंड में भू-मापक अमीन सर्वे तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए नामांकन प्रक्रिया 1 जुलाई से शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 15 जुलाई तक आवेदन जमा कर सकते हैं, जबकि 50 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ 17 जुलाई से रजौली इंटर विद्यालय में होगा। अंचल अधिकारी गुफरान मजहरी द्वारा जारी पत्र एवं अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में आयोजित इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को भू-मापक सर्वेक्षण, किश्तवार, खानापूरी, चकबंदी तथा भूमि मापन की वैज्ञानिक पद्धतियों का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही खाता, खेसरा, जमाबंदी, खतियान और भूमि अभिलेखों की विस्तृत जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि प्रतिभागी भूमि संबंधी मामलों को बेहतर ढंग से समझ सकें और राजस्व एवं भूमि सुधार कार्यों में प्रभावी भूमिका निभा सकें। प्रशिक्षण में नामांकन के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक अथवा समकक्ष निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 1 से 15 जुलाई तक अंचल कार्यालय रजौली के सीएसपी सेंटर तथा सिरदला के बहुउद्देशीय सभागार भवन में आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ एक पासपोर्ट आकार का फोटो एवं शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रतियां संलग्न करनी होंगी। अमीन अनुदेशक मुकेश कुमार ने बताया कि गुरुवार तक लगभग दस अभ्यर्थी नामांकन के लिए आवेदन कर चुके हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि अंतिम तिथि तक बड़ी संख्या में युवा इस प्रशिक्षण का लाभ उठाएंगे। प्रशिक्षण शुल्क सामान्य, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 250 रुपये तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए 200 रुपये निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण के समापन पर आयोजित लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को संस्थान की ओर से मान्यता प्राप्त प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी प्रशिक्षण प्रभारी श्याम कुमार (मो. 7033191902)

# अनुमंडलीय अस्पताल में कुप्रबंधन का बड़ा खुलासा, एनआरसी की बदहाली पर भड़के खाद्य आयोग अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। 75 शैय्या अनुमंडलीय अस्पताल, रजौली में व्याप्त कुप्रबंधन और अव्यवस्था की तस्वीर उस समय उजागर हो गई, जब बिहार राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष प्रहलाद सरकार ने शनिवार को अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बाल पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) की बदहाल स्थिति सामने आने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई और पिछले पांच वर्षों में यहां भर्ती हुए सभी कुपोषित बच्चों का पूरा रिकॉर्ड, पारिवारिक विवरण तथा आधार संख्या सहित विस्तृत रिपोर्ट तलब कर ली। निरीक्षण का मुख्य केंद्र एनआरसी रहा, जहां कुपोषित बच्चों के लिए भोजन तैयार करने वाले रसोईघर में गैस सिलेंडर का रेगुलेटर तक नहीं मिला। इसे बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के साथ गंभीर लापरवाही बताते हुए अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा। आयोग अध्यक्ष के पहुंचने की सूचना मिलते ही अस्पताल प्रशासन ने आनन-फानन में बेड लगाकर व्यवस्था को दुरुस्त दिखाने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर मौजूद कर्मी संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार और अस्पताल प्रबंधक विकास कुमार को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि एनआरसी में भर्ती हुए बच्चों से संबंधित सभी अभिलेख शीघ्र आयोग को उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान यह भी सामने आया कि कई परिवार भर्ती के अगले ही दिन बच्चों को लेकर अस्पताल छोड़ गए। इस पर उन्होंने आशंका जताई कि अस्पताल की बदहाल व्यवस्था अथवा कर्मियों के असंवेदनशील व्यवहार के कारण ऐसा हुआ होगा। उन्होंने कहा कि पूरे मामले को आयोग गंभीरता से ले रहा है। जल्द ही विशेष जांच टीम गठित कर मामले की विस्तृत जांच कराई जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर पूरे प्रकरण को न्यायालय के समक्ष भी प्रस्तुत किया जाएगा। अस्पताल में पिछले पांच वर्षों से स्थायी उपाधीक्षक की नियुक्ति नहीं होने के संबंध में उन्होंने कहा कि यह प्रशासनिक विषय है, जबकि उनका मुख्य फोकस फिलहाल एनआरसी की व्यवस्थाओं में सुधार सुनिश्चित करना है। एनआरसी में चिकित्सकों, शिशु रोग विशेषज्ञों एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्यकर्मियों की कमी पर उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर और मीडिया से मिली जानकारी के आधार पर विस्तृत प्रतिवेदन राज्य सरकार को भेजा जाएगा, ताकि रिक्त पदों को शीघ्र भरा जा सके। वहीं, 14 वर्ष तक के गंभीर रूप से बीमार बच्चों के इलाज के लिए स्थापित पीकू (पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट) के लंबे समय से बंद रहने तथा सिविल सर्जन के निरीक्षण को लेकर लगाए गए आरोपों पर भी उन्होंने संज्ञान लिया।

# रजरप्पा पिकनिक से लौट रहे राजगीर के युवक की संदिग्ध मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। राजगीर थाना क्षेत्र के पिलखी गांव निवासी 38 वर्षीय सोनू रविदास की झारखंड के बरही में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह राजगीर से 20-25 लोगों के समूह के साथ टूरिस्ट बस से रजरप्पा में पिकनिक और पूजा-अर्चना के लिए गए थे। परिजनों के अनुसार, बरही के एक होटल में भोजन करने के बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। इलाज के लिए हजारीबाग ले जाने के दौरान रास्ते में उनकी मौत हो गई।सोनू रविदास राजगीर में एक डॉक्टर के यहां कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में कार्यरत थे। मृतक के साढ़ू वीरेंद्र कुमार रवि ने बताया कि बुधवार की रात करीब 11रू30 बजे सोनू से फोन पर बातचीत हुई थी और तब वह पूरी तरह स्वस्थ थे। बरही के पास स्थित शिवम होटल में भोजन करने के कुछ देर बाद उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई, जिसके बाद उन्हें बरही सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने पेट फूलने और शरीर में किसी नशीले पदार्थ के जाने की आशंका जताते हुए उन्हें हजारीबाग रेफर किया था। उनका कहना है कि सोनू के मुंह से झाग निकल रहा था, जिससे जहर या नशीला पदार्थ दिए जाने की आशंका पैदा होती है। हालांकि, इस संबंध में अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। राजगीर थानाध्यक्ष रमन कुमार ने बताया कि घटना झारखंड के बरही क्षेत्र की है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा।



# शादी समारोह में गोली मारकर हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। तेल्हाड़ा थाना पुलिस ने शादी समारोह में हुई हत्या के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के अनुसार, 26 जून की रात करीब 12:30 बजे थानाध्यक्ष, तेल्हाड़ा थाना को सूचना मिली कि ग्राम शिवशंकरपुर में आयोजित एक शादी समारोह के दौरान पारविगहा निवासी सुरत पासवान पिता- स्व. महावीर पासवान को गोली मार दी गई है। गंभीर रूप से घायल सुरत पासवान को इलाज के लिए पीएमसीएच ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इस मामले में तीन नामजद आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष छापेमारी टीम का गठन कर त्वरित अनुसंधान शुरू किया। कार्रवाई के दौरान मामले के मुख्य आरोपी ओमप्रकाश कुमार उर्फ लोटनिया, पिता बृजलाली प्रसाद यादव, निवासी पारविगहा, थाना चिकसौरा को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।



# मगध विश्वविद्यालय विद्वत परिषद ने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों एवं पीएच.डी. अध्यादेश-2026 को दी स्वीकृति



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया की विद्वत परिषद की बैठक गुरुवार को कार्यवाहक कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप कई महत्वपूर्ण शैक्षणिक प्रस्तावों को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में द्विवर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष (सेमेस्टर I एवं II) के पाठ्यक्रम को 24 विषयों – हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, गणित, भौतिकी, रसायनशास्त्र, प्राणिशास्त्र, भूविज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, लोक प्रशासन, पत्रकारिता एवं जनसंचार, फारसी, इस्लामिक अध्ययन, मैथिली, भोजपुरी, मगही, संगीत, नाट्यकला तथा मानवशास्त्र में अनुमोदित किया गया। अध्यक्ष की अनुमति से प्रस्तुत अन्य एजेंडों में चार वर्षीय सीबीसीएस स्नातक कार्यक्रम के अंतर्गत एनएसएस (एइसी-4) के सेमेस्टर I से IV तक की पाठ्यक्रम संरचना, कार्यक्रम अवधि एवं एग्जिट विकल्प से संबंधित संशोधन तथा चतुर्थ सेमेस्टर तक किसी भी सेमेस्टर में 'क्रॉस वर्ड्स' को कौशल संवर्द्धन पाठ्यक्रम के रूप में लागू करने की स्वीकृति दी गई। बैठक में बिहार के विश्वविद्यालयों में पीएच.डी. उपाधि प्रदान करने संबंधी समरूप अध्यादेश एवं विनियम-2026 के प्रारूप को भी अनुमोदित किया गया। साथ ही एनईपी-2020 के अनुरूप द्विवर्षीय (चार सेमेस्टर) एवं एकवर्षीय (दो सेमेस्टर) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के अध्यादेश एवं विनियम के प्रारूप को स्वीकृति प्रदान की गई। इस बैठक में कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम, सीसीडीसी प्रो. संजय कुमार तिवारी, मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. निभा सिंह, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. एसएनपी यादव दीन, वाणिज्य संकायाध्यक्ष, सभी स्नातकोत्तर विभागों के अध्यक्ष/निदेशक/प्रभारी और सभी अंगीभूत कॉलेजों के प्राचार्य मौजूद रहे। बैठक की कार्यवाही की प्रति राजभवन सचिवालय, बिहार लोक भवन, पटना तथा निदेशक, उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को अग्रसारित की गई है।

# बांकेबाजार दुष्कर्म मामले में होगा स्पीडी ट्रायल : विकास वैभव

**फरार आरोपी पटना में आत्मसमर्पण के बाद गिरफ्तार, गया पुलिस कर रही पूछताछ की तैयारी**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** बांकेबाजार थाना क्षेत्र के चर्चित दुष्कर्म मामले में फरार चल रहे आरोपी रेहान ने पटना के फुलवारी शरीफ थाना में आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। गया पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए पटना पहुंच गई है। मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव ने बताया कि बांकेबाजार थाना क्षेत्र की एक युवती के परिजन की शिकायत पर रेहान के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार आरोपी ने युवती को बहला-फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। विकास वैभव ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए गया पुलिस लगातार उसके संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। जांच के दौरान दिल्ली, प्रयागराज सहित कई स्थानों पर दबिश दी गई। पुलिस की लगातार कार्रवाई और बढ़ते दबाव के बीच आरोपी ने पटना के फुलवारी शरीफ थाना में आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने कहा कि आरोपी को गया लाकर विस्तृत पूछताछ की जाएगी। मामले की जांच तेजी से आगे बढ़ाई जाएगी तथा पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर न्यायालय में स्पीडी ट्रायल के माध्यम से दोष सिद्ध कराकर कड़ी सजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। पुलिस के अनुसार मामले की जांच अभी जारी है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने अन्य युवतियों को भी अपने झांसे में लेकर उनके साथ यौन अपराध किए हैं। हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इन आरोपों की भी निष्पक्ष जांच की जा रही है और सभी पहलुओं पर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष और वैज्ञानिक तरीके से जांच की जाएगी तथा जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# वन-बी प्लेटफॉर्म का तेजी से हो रहा कायाकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** गया जंक्शन के सबसे उपेक्षित माने जाने वाले वन-बी प्लेटफॉर्म का अब तेजी से कायाकल्प हो रहा है। लंबे समय से गंदगी, जर्जर फर्श और यात्री सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे इस प्लेटफॉर्म पर रेलवे द्वारा युद्धस्तर पर पुनर्विकास कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य को निर्धारित समय में पूरा करने के लिए रेलवे ने एक पखवारे का मेगा ब्लॉक लिया है। इस दौरान विभिन्न निर्माण गतिविधियां तेज गति से संचालित की जा रही है। इस प्लेटफॉर्म से सर्वाधिक किऊल के लिए ट्रेनों चलती है। पुनर्विकास के तहत प्लेटफॉर्म की ऊंचाई को मानकों के अनुरूप किया जा रहा है। इसके साथ ही आधुनिक यात्री शेड, बेहतर गुणवत्ता का फर्श, आरामदायक बैठने की सीटें, सुव्यवस्थित जल निकासी व्यवस्था व अन्य आवश्यक यात्री सुविधाएं विकसित की जा रही है। निर्माण पूरा होने के बाद वन-बी प्लेटफॉर्म का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा और यात्रियों को पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित, स्वच्छ व सुविधाजनक वातावरण मिलेगा।

**अधिकारियों ने गुणवत्ता बनाए रखने के दिए निर्देश**

रेल कंस्ट्रक्शन विभाग के अभियंताओं व निर्माण एजेंसी के अधिकारियों ने गुरुवार को निर्माण कार्यों का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और निर्धारित समय-सीमा की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने निर्माण एजेंसी को सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। निर्माण कार्यों की प्रगति और अतिरिक्त प्लेटफॉर्म की जानकारी निरीक्षण टीम में रेल कंस्ट्रक्शन विभाग के अभियंता हरिगोविंद राय, निर्माण कंपनी के जीएम विनोद कुमार सिंह व प्रोजेक्ट मैनेजर संजय कुमार सिन्हा शामिल रहे। इस दौरान कंपनी के सनोज कुमार, प्रमोद कुमार उर्फ लोहा सिंह सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि वन-बी प्लेटफॉर्म से सटे एक अतिरिक्त प्लेटफॉर्म का निर्माण कार्य भी पूरा हो चुका है जिससे भविष्य में ट्रेनों के संचालन और यात्रियों की आवाजाही को और अधिक सुगम बनाया जा सकेगा। रेलवे का उद्देश्य गया जंक्शन को आधुनिक सुविधाओं से लैस करते हुए यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव उपलब्ध कराना है। बताया गया कि मेगा ब्लॉक अवधि के दौरान निर्माण कार्यों में और तेजी लाई जाएगी ताकि निर्धारित समय के अंदर सभी कार्य पूर्ण कर प्लेटफॉर्म को यात्रियों के लिए समर्पित किया जा सके। पुनर्विकसित वन-बी प्लेटफॉर्म न केवल गया जंक्शन की आधारभूत संरचना को मजबूती देगा, बल्कि यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित और आधुनिक सुविधाओं से युक्त बेहतर रेल सेवाओं का अनुभव भी प्रदान करेगा।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा की डिजिटल प्रशिक्षण कार्यशाला, बूथ स्तर तक संगठन विस्तार पर जोर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**शेरघाटी।** भाजपा ओबीसी मोर्चा पश्चिमी के तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय डिजिटल प्रशिक्षण महाभियान के तहत शेरघाटी स्थित रॉयल होटल में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनी ने की। मुख्य अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा बिहार के अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी थे। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कार्यकर्ताओं से डिजिटल प्रशिक्षण महाभियान को सफल बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध चार प्रशिक्षण वीडियो अवश्य देखें। इन वीडियो के माध्यम से पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी से लेकर नरेंद्र मोदी तक की वैचारिक यात्रा की जानकारी मिलती है जिससे कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा और सरकार की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचा सकेंगे। उन्होंने कहा कि जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक की यात्रा तथा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने कुशल प्रशासन और विकास का नया अध्याय लिखा है। अंत्योदय के संकल्प को साकार करते हुए केंद्र सरकार ने कोरोना काल में 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया और भारत ने दुनिया के अनेक देशों को दवाइयां भी उपलब्ध कराईं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पंचायत एवं नगर निकाय चुनावों में अति पिछड़ा वर्ग को 20 प्रतिशत आरक्षण देकर उसे राजनीतिक मुख्यधारा से जोड़ा। जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न प्रदान कर अति पिछड़ा समाज का सम्मान बढ़ाया गया तथा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्ज़ा देकर उसे और सशक्त बनाया गया। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि 3 जून को दायित्व ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने ओबीसी मोर्चा को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया है। इसके लिए जिला और मंडल स्तर पर लगातार प्रवास किया जाएगा और प्रत्येक बूथ पर समिति गठन तक अभियान जारी रहेगा। कार्यशाला में जिला अध्यक्ष आनंद कुमार दांगी, मुकेश मंडल, पंकज कुमार, पंकज कुमार गुप्ता, राधेश्याम शर्मा, आशिका कुमार, अरुण चंद्रवंशी, प्रदीप भारद्वाज, चंदन कुमार, प्रेम चंद्रवंशी, रंजीत चौहान, बिनोद चंद्रवंशी, पुष्पा चौरसिया, अनिल पाल और उपेंद्र शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# जनता दरबार में समस्याओं का ऑन स्पॉट निवारण

**प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता स्तर पर निष्पादन हेतु पदाधिकारियों को निर्देश**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने समाहरणालय स्थित कार्यालय में आये अनेको व्यक्तियों की समस्या को सुना गया है। जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 60 से अधिक आमजनों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, पेंशन योजना, मुआवजा, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष रखा। फतेहपुर धरहरा खुर्द के आवेदक ने बताया कि पैक्स गोदाम धरहरा खुर्द में पैक्स गोदाम का निर्माण कार्य किया जा रहा है, डीएम में जिला सहकारिता पदाधिकारी को जांच करने का निर्देश दिए हैं। शेरघाटी के आवेदक ने बताया कि वर्ष 2015 में विधायक फंड से सड़क निर्माण करवाया गया था जिसका कुछ राशि भुगतान हेतु लंबित है। डीएम ने उप विकास आयुक्त को निर्देश दिए हैं जांच करते हुए शेष लंबित बकाए राशि की भुगतान करवाये। वजीरगंज महुआंन के आवेदक ने कहा कि भूमि बंदोबस्त परवाना जमीन को अंचल अमीन द्वारा जमीन की नापी कराए जाने के बाद अंचलाधिकारी वजीरगंज द्वारा दखल कब्जा नहीं दिलाया जा रहा है, डीएम ने डीसीएलआर सदर को जांच करने का निर्देश दिए हैं।

# डॉ. जितेंद्र कुमार ने की कठोकर तालाब रोड का निर्माण जल्द शुरू कराने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (20 सूत्री) के सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. जितेंद्र कुमार ने स्वराजपुरी रोड स्थित डॉ. माहिरा वार्ड-23 में कठोकर तालाब रोड से छत्ता मस्जिद तक जर्जर सड़क के शीघ्र निर्माण की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मुख्यमंत्री सचिवालय में दर्ज परिवाद के बावजूद अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। डॉ. जितेंद्र कुमार ने बताया कि उन्होंने 22 जून 2026 को मुख्यमंत्री सचिवालय में परिवाद संख्या 2026027630 तथा सहयोग शिविर आरईएफ-171498 के माध्यम से सड़क निर्माण की मांग उठाई थी। इसके बाद पथ निर्माण प्रमंडल-1 के कार्यपालक अभियंता ने जवाब देते हुए बताया था कि 15 दिनों के भीतर संवेदक को सड़क निर्माण शुरू कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय से काफी अधिक अवधि बीत जाने के बावजूद अब तक सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। बरसात के मौसम में सड़क की बदहाल स्थिति के कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। डॉ. जितेंद्र कुमार ने कहा कि सड़क निर्माण में हो रही देरी से आम नागरिकों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और गया के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर से इस मामले में हस्तक्षेप कर अविलंब सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की, ताकि क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई कर सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कराएगा

# रोड टैक्स में बढ़ोतरी जनविरोधी फैसला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद और बिहार के महामंत्री शिवजी सिंह ने एक संयुक्त बयान जारी कर बिहार में रोड टैक्स में बेतहाशा बढ़ोतरी की आलोचना करते हुए कहा है कि सरकार के इस फैसले से लोगों की यात्रा दूभर हो जाएगी। नेशनल हाइवे की तर्ज पर बिहार में स्टेट हाइवे और पुलों पर भी टैक्स 1.25 से लेकर 8.10 रुपए प्रति किलोमीटर की दर से लगेगा जिससे यात्रा बहुत महंगी हो जाएगी और आम आदमी को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इसके अलावा बिहार के वृद्धों को समय पर पेंशन नहीं मिल रहा है जिससे उनको परेशानी हो रही है। बिहार के युवा बेरोजगारी की मार से त्रस्त हैं। डीजल और पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी से सभी जरूरी समान की कीमतें बढ़ गयी है, यात्रा महंगी हो गयी है। ऐसे में स्टेट हाइवे और पुलों पर टैक्स वसूलना बिहार वासियों के साथ ज्यादती है। बिहार सरकार का यह फैसला जनविरोधी है। नेता द्वय ने बिहार सरकार से स्टेट हाइवे और पुलों पर लगे सभी तरह के टैक्स को तत्काल वापस लेने की मांग की है।


## पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/(सामान्य)/पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, पूर्व रेलवे, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के सिलसिले में निम्नलिखित ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1337-2026-27, कार्य का विवरण:** "सियालदह स्टेशन पर वीडियो सर्विलांस सिस्टम के साथ इंटीग्रेटेड एआई आधारित फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम (एफआरएस) का प्रावधान" से संबंधित विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 14,00,504/-, **बयाना राशि:** रु. 28,000/-, **समापन अवधि:** 12 माह। **क्रम सं. 2, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1341-2026-27, कार्य का विवरण:** "वरिष्ठ डीईएन/I/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में बड़ानगर रोड, दक्षिणेश्वर, बालिघाट, बालिहाल्ट, टाला, पार्क सर्कस, लेक गार्डेन्स, माझेरहाट, श्यामनगर (कुल = 16 अदद) में सीमेंट कंक्रीटिंग के साथ प्लेटफॉर्म को ऊपर उठाने और सभी सहायक कार्यों" से संबंधित विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु.75,49,039/-, **बयाना राशि:** रु. 1,51,000/-, **समापन अवधि:** 08 माह। **आईआरईपीएस पर निविदा प्रकाशन की तिथि:** 30.06.2026 (प्रत्येक हेतु)। **बोली प्रारंभ होने की तिथि :** दिनांक 09.07.2026 (प्रत्येक हेतु)। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 23.07.2026 को 14.00 बजे (प्रत्येक हेतु)। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। SDAH-110/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# प्रधाना में बिहार ड्राइवर महासंघ का जिला कार्यालय खुला



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड के काबर पंचायत स्थित प्रधाना गांव में गुरुवार दोपहर बिहार ड्राइवर महासंघ ट्रेड यूनियन के गया जिला कार्यालय का उद्घाटन किया गया। जिला परिषद प्रतिनिधि मोहन यादव ने फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया। इस मौके पर गया जिला अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, बिहार प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष बबलू पांडेय, सामाजिक कार्यकर्ता लालू यादव, नरेंद्र कुमार, गुरुआ प्रखंड कोषाध्यक्ष बबलू कुमार यादव, सत्यम कुमार समेत बड़ी संख्या में ड्राइवर मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि यह कार्यालय जिले के ड्राइवरों की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए काम करेगा। ड्राइवरों के कल्याण, बीमा और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए संगठन प्रतिबद्ध है।

# परसावां मोड़ पर नाला ध्वस्त, आवागमन बाधित, हादसे की आशंका से ग्रामीण चिंतित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** गया-गोह मुख्य पथ से सटे कोंच के परसावां मोड़ स्थित मुख्य सड़क पर बना नाला टूट जाने से आवागमन गंभीर रूप से प्रभावित हो गया है। नाले के क्षतिग्रस्त होने के कारण चारपहिया वाहनों का परिचालन पूरी तरह बंद हो गया है जबकि लोग जान जोखिम में डालकर किसी तरह आवागमन कर रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि नाले का टूटा हिस्सा काफी गहरा और खतरनाक हो चुका है जिससे विशेषकर रात और बरसात के दिनों में बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क बने करीब चार वर्ष हो चुके हैं, लेकिन अब तक समुचित मरम्मत नहीं होने के कारण पुलिया पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। सड़क पर बने गड्ढे बारिश में पानी भरने से दिखाई नहीं देंगे जिससे हादसों का खतरा और बढ़ जाएगा। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी एवं संबंधित विभाग से तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करने तथा नाले और सड़क की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि आवागमन सुचारु हो सके और संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# इंटरनल व प्रैक्टिकल का अंक 10 जुलाई तक पोर्टल पर होगा अपलोड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** मगध विश्वविद्यालय ने परीक्षा संबंधी लंबित प्रक्रियाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के लिए संबद्ध एवं अंगीभूत महाविद्यालयों को दो महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। परीक्षा नियंत्रक की ओर से जारी आदेश में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के इंटरनल एवं प्रैक्टिकल अंक निर्धारित अवधि में विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड करने और वर्षों से लंबित स्नातक परीक्षाफल के प्रकाशन के लिए आवश्यक शैक्षणिक अभिलेख उपलब्ध कराने को कहा गया है।

आदेश के अनुसार बीसीए, बीबीएम, बीएएसपीएम, बीएससी आईटी, ईडब्ल्यूएमयू, बायोटेक्नोलॉजी और बायोकेमिस्ट्री के शैक्षणिक सत्र 2024-27 (पार्ट-दो) तथा 2025-28 (पार्ट-एक) के विद्यार्थियों के इंटरनल और प्रैक्टिकल अंक 3 से 10 जुलाई के बीच पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। निर्धारित समय के बाद किसी भी परिस्थिति में अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे। साथ ही किसी प्रकार की त्रुटि होने पर संबंधित महाविद्यालय को जिम्मेदार माना जाएगा। विश्वविद्यालय ने स्नातक सामान्य पाठ्यक्रम के सत्र 2018-21, 2019-22, 2020-23 और 2021-24 के लंबित परीक्षाफल के प्रकाशन के लिए संबंधित कॉलेजों से एडमिशन रजिस्टर और टेबुलेशन रजिस्टर तत्काल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि आवश्यक अभिलेख मिलते ही लंबित परिणाम जारी करने की प्रक्रिया तेज कर दी जाएगी। विश्वविद्यालय के इस निर्णय से हजारों विद्यार्थियों को राहत मिलने की उम्मीद है।

# टीबी स्क्रीनिंग के लक्ष्य को पूरा करने के लिए 'मिशन मोड' में संचालन के मुख्य सचिव ने दिए निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** बिहार को टीबी से मुक्त करने के संकल्प के साथ 'टीबी-मुक्त भारत अभियान' के तहत राज्य में चलाए जा रहे टीबी स्क्रीनिंग कार्यक्रम की मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि राज्य में कुल लक्षित आबादी 2.76 करोड़ है जिसमें से अब तक 14% यानी केवल 0.39 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग की जा सकी है। मुख्य सचिव ने आगामी 14 अगस्त 2026 तक राज्य में 1 करोड़ टीबी स्क्रीनिंग के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए इसे पूरी तरह 'मिशन मोड' में संचालित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस राष्ट्रीय अभियान की सफलता के लिए सभी संबंधित सरकारी विभागों और जिलाधिकारियों के बीच सुदृढ़ आपसी समन्वय अत्यंत आवश्यक है। मुख्य सचिव ने अभियान की गति को तीव्र करने और विभिन्न विभागों की जवाबदेही तय करने के लिए निम्नलिखित निर्देश जारी किए हैं। प्रत्येक ब्लॉक के लिए एक वरीय उप समाहर्ता या नोडल पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाए, जो दैनिक और साप्ताहिक स्क्रीनिंग लक्ष्यों की बारीकी से निगरानी करेंगे। राज्य में उपलब्ध सभी 674 मोबाइल हेल्थ टीमों का उपयोग कर स्कूल, हॉस्टल, महादलित टोला और जेलों में विशेष स्क्रीनिंग कैंप आयोजित करने के लिए व्यापक 'माइक्रोप्लान' तैयार किया जाए। जांच डेटा की दैनिक प्रविष्टि निक्षय पोर्टल पर अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए।

**शिक्षा विभाग:** माध्यमिक/उच्च विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में मोबाइल हेल्थ टीम भेजकर शत-प्रतिशत छात्र-छात्राओं की स्क्रीनिंग सुनिश्चित कराए।

**अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग:** विकास मित्रों के माध्यम से महादलित टोलों के लोगों को जागरूक कर कैंपों तक लाएं और छात्रावासों में सघन जांच अभियान चलाएं।

**ग्रामीण विकास विभाग:** जीविका दीदियों और स्वयं सहायता समूहों की साप्ताहिक बैठकों में टीबी स्क्रीनिंग के प्रति जागरूकता फैलाई जाए तथा उन्हें नजदीकी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आयोजित विशेष कैंपों से जोड़ा जाए। मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों को कहा कि इस राष्ट्रीय महत्व के अभियान में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी जिला पदाधिकारी स्वयं इस अभियान की साप्ताहिक समीक्षा करेंगे ताकि 14 अगस्त 2026 तक तय लक्ष्य को हर हाल में प्राप्त कर बिहार को टीबी मुक्त बनाया जा सके। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समाहरणालय गया में जिला पदाधिकारी गया, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता राजस्व, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था, सिविल सर्जन, सहित सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।


## पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (4), पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा। **क्रम सं. 1, ई-निविदा सं.:143_2026-27 वरिष्ठ डीईएन/4/ एचडब्ल्यूएच। कार्य का विवरण:** एईएन/रामपुरहाट के अधीन एसएसई/पी.वे/पाकुड़ के खंड में किमी-141/800-172/200 में पी.वे रखरखाव कार्य, **अनुमानित मूल्य :** रु.1,86,69,323.15, **बयाना राशि:** रु.3,73,400/-, **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं.:144_2026-27 वरिष्ठ डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच। कार्य का विवरण:** एईएन/बोलपुर शांतिनिकेतन के अधीन एसएसई/ पी.वे/सांइथिया के खंड में किमी 45/900-88/000 में पी.वे रखरखाव कार्य, **अनुमानित मूल्य:** रु.1,96,85,747.46, **बयाना राशि:** रु.3,93,700/-, **क्रम सं. 3, ई-निविदा सं.: 145_2026-27 वरिष्ठ डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच। कार्य का विवरण :** खाना-कोपाइ अप लाइन किमी-2/19 से 45/31 एवं एएमपी डाउन लाइन किमी-1/2 से 45/32 क्षेत्राधिकार के बीच एईएन/बोलपुर शांतिनिकेतन के अधीन एसएसई/पी.वे/बोलपुर शांतिनिकेतन के खंड में पी.वे रखरखाव कार्य, **अनुमानित मूल्य:** रु.2,01,19,182.48, **बयाना राशि:** रु. 4,02,400/-, **क्रम सं. 4, ई-निविदा सं.: 146_2026-27 वरिष्ठ डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच। कार्य का विवरण:** एईएन/रामपुरहाट के अधीन एसएसई/पी.वे/रामपुरहाट के खंड में पी.वे रखरखाव कार्य (स्थान रामपुरहाट-88/0 से 104/500 के बीच (अप, डाउन और रिव), **अनुमानित मूल्य:** रु. 1,58,24,362.59, **बयाना राशि:** रु. 3,16,500/-, **क्रम सं. 5, ई-निविदा सं.: 147_2026-27 वरिष्ठ डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच। कार्य का विवरण :** एईएन/रामपुरहाट के अधीन रामपुरहाट-दुमका के बीच एसएसई/पी.वे/रामपुरहाट के खंड में पी.वे रखरखाव कार्य (किमी-101/0-162/2), **अनुमानित मूल्य :** रु.1,97,94,478.49, **बयाना राशि :** रु. 3,95,900/-, **क्रम सं. 6, ई-निविदा सं. : 148_2026-27 वरिष्ठ डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच। कार्य का विवरण :** एईएन/रामपुरहाट के अधीन एसएसई/पी.वे/नलहाटी के खंड में पी.वे रखरखाव कार्य (स्थान नलहाटी-104/500 से 141/800 (अप एवं एएमपी डाउन), 104/500 से 128/920 (रिव), 43/740 से 45/900 (अप, डाउन एवं एएमपी कॉमन/एल) आजिमगंज लाइन, **अनुमानित मूल्य :** रु.1,63,36,855.64, **बयाना राशि:** रु. 3,26,700/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह (प्रत्येक हेतु)। **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.):** शून्य (प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 20.07.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपर्युक्त वेबसाइट के जरिए स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-182/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संपादकीय

## सर्वोच्च कौन, सरकार या धार्मिक संस्था?

नमाज पढ़ने गए, रोजे गले पड़ गए। पंजाब में आप की भगवंत मान सरकार की हालत वैसी ही गई है। सरकार खुद को सबसे बड़ा सिख हितैषी साबित करने जा रही थी, लेकिन सिखों की सबसे बड़ी संस्था अकाल तख्त ने उसकी लगाम यह कहकर खींच दी कि सिखों के धार्मिक मामलों में कानून बनाने का अधिकार सरकार को किसने दिया। इस बारे में मुख्यमंत्री भगवंत मान का कहना है कि सरकार ने यह कदम सिख संगत के कहने पर ही उठाया है। जिस तरह समूची सरकार अकाल तख्त में 5 सिंह साहिबानों के सामने पेश हुई, उससे यही संदेश गया कि मान सरकार ने संविधान में उल्लेखित पंथ निरपेक्षता से समझौता कर लिया है। जो हुआ है, वह लोकतंत्र की दृष्टि से ठीक नहीं है। यही नहीं अकाल तख्त श्री गुरू ग्रंथ साहिब की बेअदबी कानून मामले में सरकार को संशोधन करने का अल्टीमेटम देते हुए एक माह की मोहलत दी है। गौरतलब है कि पंजाब की मान सरकार ने पिछले दिनों श्री गुरू ग्रंथ साहिब बेअदबी मामले में सख्त कानून बनाने के इरादे से ' जगत जोत श्री गुरू ग्रंथ साहिब सत्कार ( संशोधन) विधेयक 2026 पारित कराया। इसके तहत पवित्र ग्रंथ की बेअदबी करने वाले को उम्र कैद और 50 लाख तक के जुर्माने का प्रावधान था। इस कानून के पारित होने पर अकाल तख्त ने इस पर गहरी नाराजी यह कहकर जताई कि उससे बिना सलाह लिए सरकार ने यह कानून कैसे पारित करा दिया। क्योंकि यह सिख धर्म से जुड़ा मसला है। अकाल तख्त को विधेयक और भी कुछ बातों पर आपत्ति थी। इस नाराजी के बाद अकाल तख्त के सम्मुख सफाई देने सत्तारूढ़ आप समेत सभी दलों के सिख विधायक सफाई देने पहुंचे। सुनवाई के दौरान अकाल तख्त जत्थेदार कुलदीप सिंह गड़गज ने कानून पर 6 एतराज जताए। उन्होंने कहा कि सरकार बेअदबी करने वालों को सजा देने के लिए कानून बनाए, इस पर कोई एतराज नहीं है, लेकिन सिख शब्दावली, मर्यादा और पंथ से जुडेव मामलों में विधानसभा फैसला नहीं कर सकती। तब तक इस कानून को होल्ड किया जाए। जत्थेदार ने 2 सवाल पूछे। इस दौरान विधायकों ने माना कि कानून को बिना पढ़े सहमति दी सुनवाई से पहले जत्थेदार ने मुख्यमंत्री भगवंत मान के दो वीडियो भी सुनवाए। पेशी के लिए आप के सभी सिख मंत्री और विधायक नंगे पैर लिखित स्पष्टीकरण के साथ अकाल तख्त पहुंचे थे। कांग्रेस, अकाली दल और निर्दलीय विधायक भी सुनवाई में मौजूद रहे। जत्थेदार कुलदीप सिंह ने कहा कि सरकार सिखों के लिए कोई कानून बनाए तो उसे सिखों की राय लेनी चाहिए। इस पर आप विधायक इंद्रवीर निज्जर ने कहा कि जब सुझाव मांगे थे तब एसजीपीसी को बुलाया था। निज्जर ने कहा कि कमेटी की तरफ से कोई चिट्ठी नहीं भेजी गई। सरकार का मुझे नहीं पता। कांग्रेस विधायक प्रताप बाजवा ने कहा कि मैंने इस बारे में सदन में मांग उठाई थी। स्पीकर ने नहीं मानी। इस पर आप विधायक जगरूप सिंह ने कहा कि हमने कानून को सहमति दी। लेकिन पढ़ा नहीं। अकाल तख्त ने सिख शब्दावली को बदलने पर भी कड़ा ऐतराज किया। उसने कहा कि विधानसभा को सिख शब्दावली तय करने का हक नहीं है। बीड़ के साथ स्वरूप कहते तो कोई ऐतराज नहीं। यही नहीं, कानून बनाने से पहले सरकार ने सिख धार्मिक संस्थाओं और अकाल तख्त से औपचारिक सलाह नहीं ली। जत्थेदार कुलदीप सिंह गड़गज ने यह भी कहा कि सरकार ने अकाल तख्त के पहले दिए गए निर्देशों की अनदेखी की। धार्मिक मामलों में अकाल तख्त की सर्वोच्चता निर्विवाद है, लेकिन क्या किसी चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकार को किसी शीर्ष धार्मिक संस्था के आगे पेश होना चाहिए, यह बड़ा सवाल है।

# भगवान के भरोसे है भारत की नागरिकता

**भारतीय नागरिकता पर विदेश मंत्रालय के बयान के बाद देश में एक नए किस्म का भ्रम पैदा हो गया है। अब पासपोर्ट धारी लोग भी एक दूसरे से पूछ रहे है कि जिस दस्तावेज के आधार पर हम विदेश में भारतीय नागरिक समझे जाते हैं क्या वह दस्तावेज महज यात्रा करने की एक परमिट है? चूंकि मौजूदा सरकार और सत्तारूढ दल के लोग यह बात बार बार कहा करते हैं कि विदेशी नागरिकों के घुसपैठ का मुद्दा किसी एक राज्य तक सीमित नहीं है बल्कि यह राष्ट्रीय स्तर का मुद्दा है इसलिए यह भ्रम अल्पसंख्यक समाज के साथ हिंदू समाज के मध्यवर्ग और दूसरे वर्गों में भी व्याप्त हो रहा है कि जब सरकार नागरिकता साबित करने के लिए प्रमाणपत्र मांगेगी तो उन्हें कौन कौन सा कागज (दस्तावेज) पेश करना पड़ेगा। और उसके लिए नोटबंदी, कोरोना और एसआईआर की तरह कितना हाहाकार मचेगा। भ्रम की इस स्थिति में एक लतीफा याद आता है।**

**अरुण कुमार त्रिपाठी**




एक राजा ने अपने एक कारिंदे को जंगल में ऊंट चराने के लिए भेजा। उस व्यक्ति ने ऊंटों की नकेल और उन्हें बांधने वाली रस्सियां खोल दीं ताकि वे आराम से जंगल में चर सकें और उन सबको लेकर एक पेड़ की छाया में आराम करने लगा। राज्य कर्मचारी को नींद आ गई और शासकीय सेवा के ऊंटों ने अपने को एकदम मुक्त समझ लिया। जब कर्मचारी की नींद खुली तो उसने देखा कि ऊंट कहीं है ही नहीं। बहुत ढूंढा लेकिन वे दिखे नहीं। शासकीय भय के मारे वह बदहवास हो गया। थोड़ी देर बाद जंगल के मार्ग से एक और शासकीय कर्मचारी गुजरते हुए दिखा, ऊंट वाले ने उसे नकेल और रस्सियां सौंपते हुए कहा कि 'जाकर कह देना उनसे जिनके थे वे, पता नहीं कहां गए जिनके हैं ये'। ऐसा ही एक प्रसंग गैबरियल गार्सिया मार्खेज के उपन्यास 'वन हन्ड्रेड ईयर आफ सालिट्यूड' में भी आता है। अचानक पूरे गांव की स्मृति चली जाती है और वे एक दूसरे को पहचान ही नहीं पाते। स्मृति लौटने तक पूरे गांव में तमाम तरह के नाटक होते हैं जिसमें हास्य, करुणा और त्रासदी सभी किस्म के भाव उभरते हैं। मार्खेज ने उसका बड़ा रोचक वर्णन किया है।

लोग एक दूसरे से पूछ रहे हैं कि जब पासपोर्ट नागरिकता का प्रमाण नहीं है, मतदाता परिचय पत्र नहीं है, आधार कार्ड नहीं है, पैन कार्ड नहीं है, जन्म प्रमाण पत्र नहीं है (जिस पर नाम नहीं लिखा होता), हाई स्कूल का सर्टीफिकेट नहीं है तो आखिर कौन सा दस्तावेज भारतीय नागरिकता का प्रमाण है। दरअसल नागरिकता की राजनीति करने वाली पार्टी को भ्रम पैदा करना, लोगों में भय पैदा करना और फिर अहसान करते हुए कोई कागज सौंपना एक परपीड़क किस्म का सुख देता है और राजनीतिक लाभ पैदा करता है। इसलिए विदेश मंत्रालय के बयान से लग गया है कि आने वाले समय में भारत में नागरिकता के दस्तावेज को लेकर भारी उथल-पुथल मचने वाली है और लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट काट कर हैरान होने से कोई रोक नहीं सकता। हालांकि सिर्फ पासपोर्ट धारक को भारत का नागरिक मान लेने से भी देश की बड़ी आबादी को परेशानी होती। क्योंकि देश में सिर्फ 9.3 करोड़ से लेकर 10.5 करोड़ यानी 6.5 से 8.7 प्रतिशत लोगों के पास ही भारत का वैध पासपोर्ट है। पासपोर्ट यानी वह पुस्तिका जिस पर अशोक का चिह्न बना है और भारतीय गणराज्य लिखा है और जब भी आप विदेश दौरा करते हैं तो उस पर वीसा का कागज चिपकाया जाता है और आव्रजन की मुहर लगती है। जिसे आप विदेशों में शान से दर्शाते भी हैं।

भारत जैसे प्राचीन देश की नागरिकता कागज पर आधारित होनी नहीं चाहिए बल्कि जन्म के आधार पर स्वाभाविक होनी चाहिए यह बात हमारे संविधान निर्माताओं ने समझ ली थी। हालांकि विभाजन जैसी महात्रासदी के चलते उन्हें इसे निर्धारित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। संविधान की मसविदा समिति के अध्यक्ष डॉ भीमराव आंबेडकर ने कहा था कि नागरिकता वाले प्रावधानों ने समिति को काफी सिरदर्दी दी। अनुच्छेद 5 से लेकर अनुच्छेद 11 तक नागरिकता पर चर्चा की गई है और उसे परिभाषित किया गया। उसी के साथ नागरिकता अधिनियम 1955 पारित किया गया और उसमें नागरिकता के मामले में देश में रह रहे मनुष्यों की स्थिति और सरकार के प्रपत्रों के अर्थ को स्पष्ट किया गया। जन्मजात नागरिकता के बारे में यह कानून कहता है कि जिन लोगों का जन्म 1950 और 1987 के बीच भारत में हुआ वे भारत के नागरिक हैं। जिनका जन्म 1987 से 2003 के बीच हुआ उन्हें नागरिकता तब मिलेगी जब उनके माता पिता में से कोई भी जन्म के समय भारतीय नागरिक रहा हो। अगर किसी का जन्म भारत के बाहर होता है लेकिन उसके माता पिता में से कोई एक व्यक्ति भारतीय नागरिक है तो उसे भारतीय नागरिकता प्राप्त होगी लेकिन इसके लिए जन्म के एक साल के भीतर उसे भारतीय वाणिज्य दूतावास में पंजीयन कराना होगा। इसके अलावा भारत में लंबे समय तक लगातार रहने वाले अनिवासी विदेशी नागरिक को भी नागरिकता देने का प्रावधान है। केंद्र सरकार को पास किसी विशिष्ट व्यक्ति को नागरिकता देने का विशेष अधिकार है। दलाई लामा और अदनान सामी जैसे लोगों को इसी प्रावधान के तहत नागरिकता दी गई है। बिहार में एसआईआर के दौरान दिखाए जाने वाले 11 दस्तावेजों की सूची पर जब मामला सुप्रीम कोर्ट गया तो फैसले में कहा गया कि इन दस्तावेजों में पासपोर्ट और जन्म प्रमाण पत्र के अलावा कोई भी दस्तावेज नागरिकता का अंतिम प्रमाण नहीं है। नागरिकता का सवाल सुप्रीम कोर्ट के समक्ष 1960 से पेश आ रहा है। अब्दुल खादिर के मामले में अदालत ने उसे विदेशी नागरिक मानने से इंकार कर दिया जबकि उसके पास पाकिस्तानी पासपोर्ट था। लेकिन 1962 में इजहार खान के मामले में पाकिस्तानी पासपोर्ट धारक को पाकिस्तानी नागरिक माना गया। भारत विभाजन के बाद जैसे जैसे भारत और पाकिस्तान के करीब आने और फिर से एक होने की संभावना समाप्त होने लगी वैसे वैसे नागरिकता की परिभाषा भी संकीर्ण होती गई। अस्सी के दशक में उठे असम आंदोलन ने नागरिकता की परिभाषा को और कठोर व संकीर्ण बनाने की ओर प्रेरित किया।

1955 का नागरिकता अधिनियम उन सभी को भारतीय नागरिक मानता था जो भारत में रह रहे हैं या जिनका जन्म इस धरती पर हुआ है। लेकिन पड़ोसी देशों से लगातार होने वाले युद्धों और देश के भीतर खदबदाती सांप्रदायिक राजनीति ने नागरिकता अधिनियम में छह बार संशोधन करवाया। इनमें 1986, 2003 और 2019 के संशोधन गहरा असर डालने वाले हैं। 2005 में सर्वानंद सोनोवाल के एक मुकदमे में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब कोई अपने को किसी देश का नागरिक बताता है तो नागरिकता साबित करने का दायित्व उसी पर आता है।

नागरिकता पर सबसे अधिक विवाद तो 2019 के सीएए एनआरसी ने पैदा किया और उस पर हुए आंदोलन ने उन कानूनों की अधिसूचना को लंबे समय तक रोक कर रखा। नागरिकता पर सरकार की ओर से पैदा किए गए भयानक भ्रम की इस स्थिति ने उदारता और समावेशिता पर आधारित भारतीय स्वाधीनता आंदोलन और प्राचीन संस्कृति के विराट दर्शन को संकीर्ण राष्ट्रवाद के दरवाजे पर लाकर पटक दिया है। इसके राजनीतिक नफा नुकसान तो अपनी जगह हैं लेकिन आज पूरा देश आशंका और आत्मसंदेह के वातावरण में जीने को अभिशप्त है। कभी गांधी जी ने कहा था कि अगर समस्त भारतीय धर्मग्रंथ नष्ट हो जाएं और बृहदारण्यक उपनिषद की एक पंक्ति बचे जो कहती है -सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यंति मा कश्चिद् दुःख भा भवेत, तो हमारा काम चल जाएगा। विश्व नागरिकता की बात करने वाले डॉ राम मनोहर लोहिया तो पासपोर्ट और बीसा दोनों का विरोध करते थे।

इसीलिए उनके 'मैनकाइंड' के संपादकीय बोर्ड के श्रीलंकाई सदस्य किसी भी देश में बिना बीसा पासपोर्ट के घुस जाते थे और फिर निष्कासित किए जाते थे। कागज की मांग जितना किसी देश को जितना पारदर्शिता और वैधानिकता की ओर ले जाती है उतना ही अपने सामान्य नागरिकों के लिए परेशानी पैदा करती है। कभी बस्तर के कलेक्टर रहे और अनुसूचित जाति और जनजाति के आयुक्त डॉ ब्रह्मदेव शर्मा लेखपालों से परेशान आदिवासियों से कहते थे कि जब कोई कागज मांगे या दिखाए तो कह दो कि कागज तुम अपने पास रखो और जमीन तो हमारी है। यानी कागज तुम्हारा जमीन हमारी। दरअसल यही कागज दिखाकर देश की आदिवासी और मूल निवासियों की बड़ी आबादी को विस्थापित किया गया है और उनके जल जंगल और जमीन को छीना गया है।

अध्यात्म

### बहरूपियों से हमेशा सतर्क एवं सावधान रहें



एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतरने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहाः भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतरके वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके दुःख का कोई ठिकाना न रहा और पल भर में ही उसका सारा संसार उजड़ गया। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। राजा बहुत दयालु इंसान था। राजा ने तुरंत अपने सैनिकों को उस शिकारी को पकड़कर लाने का आदेश दिया। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसके बाद राजा ने कबूतरी को ही उस शिकारी को सजा देने का अधिकार दे दिया और उससे कहा किः तुम जो भी सजा इस शिकारी को देना चाहो दे सकती हो। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा किः हे राजन, मेरा जीवन साथी तो इस दुनिया से चला गया जो फिर कभी भी लौटकर नहीं आएगा, इसलिए मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए। ये अच्छे व्यक्ति वाले कपड़े उतार दे क्योंकि अच्छे व्यक्ति वेल कपड़े पहन कर धोखे से घिनौने कर्म करने वाले सबसे बड़े नीच होते हैं। इसलिए अपने आसपास अच्छे व्यक्ति बनने का ढोंग करने वाले बहरूपियों से हमेशा सावधान रहें। सतर्क रहें और अपना बहुत ध्यान रखें।

# वैश्विक - परिदृश्य में उभरता कतर

**कुछ तो बेपनाह दौलत, कुछ कुशल राजनय और कुछ छवि-अभिसारी उपक्रम कि मध्यपूर्व का छोटा सा देश क़तर वैश्विक -परिदृश्य में तेजी से उभर आया है। फीफा की मेजबानी और फीफा में शिरकत, दुनिया में काबिले-तारीफ जीडीपी, लंदन में सर्वाधिक संपत्ति की खरीदी और कलाकृतियों के बेहतरीन म्यूजियम की स्थापना तथा अमेरिका-ईरान जंग में मध्यस्थता में सफलता क़तर को लगातार सुर्खियां बख्श रही हैं। बिला शक आगामी समय में इसमें और इजाफा होने के आसार हैं। मुमकिन है कि आप क़तर को नहीं जानते हों। मुमकिन है कि आपने उसकी राजधानी दोहा का नाम नहीं सुना हो और यह भी मुमकिन है कि अपने शेख तमीम बिन हमद अल थानी का नाम भी नहीं सुना हो, लेकिन अपनी धुरी पर घूमती दुनिया बदल रही है।**

**डॉ. सुधीर सक्सेना**

शीतयुद्ध के बाद एक ध्रुवीय दुनिया में नये-गुल खिल रहे हैं। यह अमेरिका के निर्लज्ज नव उपनिवेशवाद का दौर है, अलबत्ता मस्क्वा-बीजिंग-तेहरान की धुरी तेजी से उभर रही है और मध्यपूर्व में जियो-पॉलीटिकल समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। इन्हीं सन्दर्भों में क़तर की अहमियत भी बढ़ गयी है।

क़तर अरब प्रायद्वीप के उत्तर-पूर्वी तट पर क्षेत्रीय प्रायद्वीपीय देश है। दक्षिण में सऊदी अरब और तीन ओर से फारस की खाड़ी से घिरा क़तर कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का क्रमशः दूसरा और तीसरा सबसे बड़ा भंडार है। सन् 1783 में अल खलीफ वंश के राज के बाद यहां पहले तुर्की और फिर ब्रिटेन का शासन रहा। सन् 1971 में आजादी के बाद इसके दिन बहुरे और इसने भौतिक प्रगति की कुलांचे भरीं।

क़तर को जानने के लिये यहां के शासक अमीर शेब तमीम बिन हमद अल थानी के रसूख को जानना जरूरी है। उनके लिये जून, 13 में उन शेख हमद बिन खलीफा अल थानी ने सत्ता छोड़ दी थी, जिन्होंने वसन्त क्रांति में सीरिया और लीबिया जैसे देशों में बागियों का समर्थन किया था। आज अमीर की निजी संपत्ति 2.4 बिलियन डॉलर कूती जा रही है। उनकी खेलों और खेल स्पर्धाओं में रूचि है। वह खुद बैडमिंटन खेलते हैं। सन् 1998 में कतरी सेना में सेकेंड लेफ्टिलेंट के बाद वह सन् 2009 में डिप्टी कमांडर इन चीफ हो गये। वह अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी के मेंबर हैं। उनके पास सेंट जर्मेन नामक फ्रेंच फुटबॉल क्लब का स्वामित्व है। उन्होंने तीन शादियां कीं। पहली सन् 2005 में अपनी चचेरी बहन शेखा जवाहर और फिर सन् 2009 में शेखा अनूद से और फिर शेखा नूर से। उनके 11 बेटे और 13 बेटियां हैं। उन्होंने इंग्लैंड के शेरबॉर्न स्कूल और फिर वहीं की रायल मिलिट्री एकेडमी में पढ़ाई व ट्रेनिंग ली। यह उनका रसूख ही है कि शेरबार्न स्कूल की इंग्लैंड के बाहर एक ही शाखा है और वह भी क़तर की राजधानी दोहा में है।

क़तर की आबादी ज्यादा नहीं है। कुल जमा यही कोई चौंतीस लाख। करीब चालीस फीसद आबादी उस दोहा में रहती है, जो 19वीं सदी में शनैः शनैः विकसित हुआ। यहां तीन घेरों में योरोपीय और इस्लामी स्थापत्य की बस्तियां आबाद हैं। क़तर में चार लाख से अधिक हिन्दु रहते हैं। करीब 12 प्रतिशत हिन्दु मुख्यतः भारत व नेपाली मूल के हैं। क़तर की समृद्धि और वैभव में इनका बड़ा योगदान है। सौ कतरी रियाल करीब 2600 भारतीय रूपयों के बराबर हैं। क़तर की एक और खूबी है महिलाओं का कम अनुपात। लिंगानुपात में असमानता के चलते यहां महिलाओं की आबादी कुल सात लाख के आसपास है। बड़ी बात यह है कि यहां के अमीर लंदन में संपत्ति खरीदी में अव्वल हैं। वह लंदन में अब तक 35 से 40 बिलियन डॉलर का निवेश कर चुके हैं। अनुमान है कि आगामी चार-पांच साल में पांच बिलियन डॉलर तक का निवेश और होगा। क़तर दुनिया में अपनी जीडीपी के लिये जाना जाता है। जीडीपी के



मान से वह दुनिया में पांचवीं पायदान पर है, जबकि मोनाको सर्वोच्च पायदान पर।

क़तर अपने कला संग्रहालयों के लिये भी ख्यात है। क़तर म्यूजियम की स्थापना सन् 2005 में हुई थी। सन् 2008 में खुले म्यूजियम ऑफ इस्लामिक आर्ट और सन् 2010 में स्थापित मतफ अरब म्यूजियम ऑफ मार्डन आर्ट्स दर्शनीय हैं। सन् 2022 में दोहा फोरम की संरक्षिका शेखा अल मयस्सा बिंत हमद बिन खलीफा अल थानी ने तीन अन्य म्यूजियमों का ऐलान किया, जो लासानी हैं। सन् 2010 में निर्मित कतरी कलाग्राम (आर्टविलेज) का नजारा मंत्रमुग्ध करता है। सन् 2018 से दोहा में नियमित कला महोत्सव हो रहा है। शेखा अल मयस्सा कतरियों में कला अभिरूचि जगाने और अवाम को कलाकृतियों से 'कनेक्ट' करने के उपक्रमों के लिये जानी जाती है। सार्वजनिक स्थलों विभिन्न कला माध्यमों की कृतियों का प्रदर्शन आम बात है। इस्लामी आर्ट म्यूजियम में विगत करीब चौदह सौ वर्षों की इस्लामी कला निधियां संकलित हैं। दोहा में हमद अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर टर्मिनल के मध्य में 23 फुट का पीताभ टेडी बियर बरबस ध्यान आकृष्ट करता है। अर्स फिशर निर्मित बीस टन वजनी यह कांस्य-कृति सन 2011 में न्यूयार्क में 6.8 मिलियन डॉलर की बोली लगाकर खरीदी गयी थी। बताते हैं कि क़तर प्रतिवर्ष एक बिलियन डॉलर की रकम कला पर खर्च करता है। यह रूझान इस छोटे से इस्लामी मुल्क को अलग रंगो-नूर से माड़ती है। इस कला संदर्भ का एक और अहम पहलू यह है कि बीते बरसों में कतरी युवतियों में कला-संकाय के प्रति अभिरूचि बढ़ी है और बड़ी संख्या में वे कला-उपक्रमों से जुड़ रही हैं। सन् 1986 में क़तर विश्वविद्यालय में कला विभाग की स्थापना से इसे गति मिली है और यथार्थवाद, अति यथार्थवाद, अमूर्तन, व्यंजनावाद और कैलीग्राफी को विस्तार।

जब प्रतिष्ठित कतरियों की बात होती है तो सन् 2007-13 में प्रधानमंत्री रहे शेख हमद बिन जासिम बिन जबेर अल थानी का भी जिक्र होता है, जो सबसे धनी कतरी हैं। 1.2 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ वह वैश्विक - निवेश और ड्यूश बैंक में 'स्टेक' के लिए जाने जाते हैं। वर्तमान शासक 23 भाई बहने हैं। यूं भी अल थानी वंश यहां सेना, प्रशासन, कार्पोरेट और कारोबार में पैठ और दबदबे के लिए जाना जाता है। थानी कुल के सदस्यों की संख्या बीस हजार से ज्यादा है।

क़तर में कॉफी सर्वाधिक लोकप्रिय पेय है। इसे छोटी-छोटी प्यालियों में परोसा जाता है, जिसमें चीनी मिलाई जाती है, या फिर साथ में खजूर पेश किया जाता है। कड़क चाय में पिसी इलायची घोलते हैं और उसमें गाढ़ा दूध मिलाते हैं। क़तर के 2022 फीफा विश्व कप को प्रोत्साहन स्वरूप 282 मिनट की एक डाक्यूमेंट्री बनी थी। इसके लिये डेविड बेकहैम को 125 मिलियन पाउंड की रकम दी गयी थी। फीफा 26 के लिए क़तर ने सन् 25 में ही क्वालीफाई कर लिया था।क़तर आज तकनीकी स्टार्ट अप में अग्रणी है। क़तर टॉवर्स को विलासिता का शिखर माना जाता है। ईरान-अमेरिका जंग में क़तर बार-बार सुर्खियों में आया। रास लाफान में एलएनजी संयंत्र पर हमले में भारतीयों समेत 13 मारे गये और 66 आहत। किंतु ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता में कामयाबी ने कतर को राजनय में ऊंची पायदान पर प्रतिष्ठित कर दिया। इतालवी पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने क़तर की भूमिका की मुक्त कंठ सराहना की। मध्यस्थता के खेल में पाकिस्तान उसके सहयोगी या जूनियर की भूमिका निभाता नजर आया। ईरान की नजर में यूं भी क़तर अधिक विश्वसनीय है। क़तर इधर तुर्किये और सऊदी अरब के भी नजदीक आया है और उसने मिस्र समेत अनेक देशों से तार जोड़े हैं। ईरान-अमेरिका संघ के मजमून की इबारतें लिखने में उसकी भूमिका पाकिस्तान से अधिक मायने रखती है। उसकी जियोपालीटिकल-हैसियत मध्यपूर्व में उसकी भूमिका के महत्वपूर्ण होने का आभास देती है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज सितारे आपको एक महत्वपूर्ण संदेश दे रहे हैं कि अपनी सेहत को प्राथमिकता दें। यदि किसी पुरानी परेशानी को आपने नजरअंदाज कर रखा है।

**वृषभ**
आज आपकी वाणी ही आपकी सबसे बड़ी मित्र भी बन सकती है और सबसे बड़ी चुनौती भी। इसलिए बोलने से पहले एक बार सोच लेना समझदारी होगी।

**मिथुन**
दिन सुखद आश्चर्यों की सौगात लेकर आ सकता है। किसी पुराने मित्र से अचानक मुलाकात होने के योग हैं और यह मुलाकात कई यादगार पल वापस ले आएगी।

**कर्क**
आज धैर्य को हथियार बनाना होगा। क्रोध में लिया गया एक छोटा निर्णय भी बड़ी परेशानी खड़ी कर सकता है। जीवनसाथी की सलाह को हल्के में न लें।

**सिंह**
हंसी-मजाक और पुरानी यादों का सिलसिला आपके मन को हल्का और प्रसन्न बनाएगा। लेकिन इस खुशी के बीच अपने जरूरी कार्यों को नजरअंदाज न करें।

**कन्या**
आज आपके भीतर छिपी रचनात्मकता पूरी चमक के साथ सामने आ सकती है। नए विचार और नई योजनाएं आपके काम को नई दिशा देने में मदद करेंगी।

**तुला**
आज वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतना आवश्यक रहेगा। जिस कार्य को लेकर आप लंबे समय से चिंतित थे, उसमें प्रगति के संकेत मिल सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज जीवन में आराम और सुविधाओं का स्तर बढ़ता हुआ महसूस हो सकता है। पिछले दिनों की चिंताएं अब धीरे-धीरे कम होती दिखाई देंगी।

**धनु**
कार्यक्षेत्र में कुछ अड़चनें थीं, तो अब उनके दूर होने की संभावना बन रही है। आपकी मेहनत और समर्पण आपको सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं।

**मकर**
धन और समृद्धि में वृद्धि के संकेत हैं और व्यापार में भी लाभ की संभावना बनी हुई है। किसी यात्रा या मुलाकात के दौरान मिली जानकारी आगे चलकर आपके लिए सफलता का द्वार खोल सकती है।

**कुंभ**
आज का दिन सुकून और रिश्तों में मधुरता लेकर आ सकता है। यदि जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर दूरी या मतभेद था, तो अब वह दूर होता दिखाई देगा।

**मीन**
आपका स्वभाव कभी-कभी जल्द प्रतिक्रिया देने वाला हो सकता है, इसलिए परिवार के साथ बातचीत में संयम बनाए रखें। किसी भी कार्य में जल्दबाजी करने से बचें।

## संक्षिप्त समाचार

### मसौढ़ी विधायक अरुण मांझी का व्हाट्सएप हैक

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी के विधायक अरुण मांझी का व्हाट्सएप अकाउंट साइबर अपराधियों द्वारा हैक कर लिया गया है। हैकर्स उनके नंबर से लोगों को मैसेज भेजकर पैसे की मांग कर रहे हैं। विधायक अरुण मांझी ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर आम लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने बताया कि उनके व्हाट्सएप से मसौढ़ी के कई लोगों को मैसेज भेजा जा रहा है और उनसे पैसे की डिमांड की जा रही है। विधायक ने स्पष्ट किया कि उन्होंने किसी से पैसे नहीं मांगे हैं। जो भी मैसेज उनके नाम से आ रहे हैं, वह फर्जी हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि अनजान नंबर से आए मैसेज, लिंक या वढकरिक्वेस्ट पर क्लिक न करें और पैसे ट्रांसफर न करें। साइबर ठगी की इस घटना की जानकारी पुलिस और साइबर सेल को दे दी गई है। विधायक ने अपने समर्थकों और आम लोगों से आग्रह किया कि अगर उनके नाम से कोई मैसेज आए तो पहले फोन करके पुष्टि कर लें।

### 260 लीटर शराब के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी एक्साइज पुलिस ने छोटकी मसौढ़ी के पास गुप्त सूचना पर छापेमारी कर सीएनजी टेम्पो से 260 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की है। इस मामले में 3 तस्करों को गिरफ्तार कर टेम्पो भी जब्त कर लिया गया है।



एक्साइज सुपरिटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि तस्कर संगतपर से शराब लेकर जहानाबाद खपाने जा रहे थे। सूचना मिलते ही छोटकी मसौढ़ी में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान टेम्पो से बड़ी मात्रा में चुलाई शराब मिली। गिरफ्तार तस्कर में चिंटू कुमार 30 वर्ष, पिता स्व. अमिन्दर सिंह, पता- लोदिपुर, थाना- करौना,लक्ष्मण मांझी, 20 वर्ष, पिता रामबाबू मांझी, पता- नदौल,नीतीश कुमार, 21 वर्ष, पिता सुजीत यादव, पता- लोदिपुर, थाना- करौना,पूछताछ में तस्करों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। शराब तस्करी में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### भंवरा के अटैक से एक व्यक्ति जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनटीपीसी थाना क्षेत्र के परसामा गांव निवासी 50 वर्षीय राजू सिंह अपने घर के सामने आम के पेड़ के पास जाकर आराम करने के लिए सोच रहा था तभी अचानक भांवड़ा का झुंड अचानक राजू सिंह पर अटैक कर दिया भागते-भागते तक में जगह उसे पर अपना डंक गरा दिया जिससे राजू सिंह गंभीर रूप से जख्मी होकर छटपटाने लगे। जल्दबाजी में उसके पुत्र के द्वारा बाढ़ अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां घंटे इलाज के बाद उसे राहत मिली और कई घंटे के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी मिली।

### एनएच-30अ के सड़क किनारे बनी गहरी खाई

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के गुलाब बाग चौक से सकसोहरा जाने वाली सड़क के सिकंदरपुर रेलवे पुल के पास बुरा हाल है हालत यह है कि पुल से ठीक सेट सड़क के किनारे सड़क का पानी गिरने वाली जगह के पास कुआ जैसा गहरा खाई बन गया है और धीरे-धीरे अब सड़क को भी अपनी चपेट में लेने लगा है। जिससे कभी भी सड़क टूट सकता है साथ ही रेलवे ओवरब्रिज को भी नुकसान पहुंचा सकता है। सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा अभी तक मामले पर संज्ञान नहीं लिया गया है कभी भी बड़ा हादसा से इनकार नहीं किया जा सकता है मामले पर कोई भी अधिकारी कुछ भी बोलने से इनकार कर रहे हैं।

### वारंटी महेश रविदास को कादिरगंज पुलिस ने दबोचा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कादिरगंज पुलिस ने 6 साल पुराने पॉक्सो एक्ट के मामले में फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी महेश रविदास को रेपुरा गांव स्थित उसके घर से दबोचा गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि वादी अमीर रविदास, पिता बीजराम रविदास ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी महेश रविदास ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया था। इसी मामले में कादिरगंज थाना कांड संख्या 102/20 दर्ज है और आरोपी पर पॉक्सो एक्ट के तहत मामला चल रहा था।घटना के बाद से महेश रविदास फरार चल रहा था और कोर्ट से उसके खिलाफ वारंट जारी था। गुप्त सूचना पर पुलिस ने रेपुरा गांव में छापेमारी कर उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

### श्रीपालपुर स्कूल प्रबंधन समिति की विधायक ने की बैठक, छात्राओं ने भी सुनाई समस्याएं

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन प्रखंड के श्रीवीरचंद पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्रीपालपुर में सोमवार को प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विधायक श्याम रजक शामिल हुए जहां बैठक में स्कूल की मौजूदा समस्याओं और सुधार के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में श्रीपालपुर स्कूल के प्राचार्य प्रकाश चन्द्र गुप्ता ने पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर अतिथि का सम्मान किया।



बैठक में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, गणित शिक्षक का पद रिक्त होना, शौचालय की कमी, स्कूल कैम्पस और बाहर जलजमाव, क्लास रूम की कमी सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श हुआ। गणित शिक्षक न होने से पढ़ाई प्रभावित होने और जलजमाव के कारण बच्चों को आने-जाने में दिक्कत होने की बात भी उठी।समस्याओं के समाधान के लिए बैठक के दौरान ही संबंधित विभाग के अधिकारियों से फोन पर संपर्क कर दिशा-निर्देश दिए गए। स्कूल की मूलभूत जरूरतों को प्राथमिकता से पूरा करने पर जोर दिया गया। प्रबंधन समिति ने तय किया कि सभी बिंदुओं पर शीघ्र कार्रवाई कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

### 30 ग्राम गांजे के साथ एक गिरफ्तार

**मादक पदार्थ विरोधी अभियान में बड़ी कार्रवाई, बस स्टैंड के पास गुमटी से पकड़ी गई गांजा**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मसौढ़ी-जहानाबाद रोड स्थित बस स्टैंड के पास एक गुमटी में छापेमारी कर 30 ग्राम गांजा बरामद किया और क्रय-बिक्रय में संलिप्त एक 16 वर्षीय विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया है।



थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बस स्टैंड के पास स्थित एक गुमटी की आड़ में अवैध रूप से गांजे की बिक्री की जा रही है। सूचना की सत्यता की जांच के बाद पुलिस टीम ने गुरुवार को छापेमारी की। छापेमारी के दौरान गुमटी से 30 ग्राम गांजा बरामद हुआ। उसी समय गुमटी के पास मौजूद नदौल गांव निवासी 16 वर्षीय किशोर को भी हिरासत में ले लिया गया। प्राथमिक पूछताछ में किशोर ने गांजे के क्रय-बिक्रय में संलिप्तता स्वीकार कर ली। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे 'नशा मुक्त अभियान' का हिस्सा है। हाल के दिनों में पुलिस ने बस स्टैंड और बाजार क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी थी। गुमटी संचालकों की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही थी।

### पोठही में बुलडोजर से हटा अतिक्रमण

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन अंचल के मौजा पोठही, थाना संख्या 42, खाता संख्या 174, खेसरा संख्या 372 स्थित गैरमजरूआ आम रास्ता की जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए गुरुवार को प्रशासन ने बुलडोजर चलाया। भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी में यह अभियान चलाया गया। दरअसल बुधवार को प्रशासन जब अतिक्रमण हटाने पहुंचा था तो ग्रामीणों के जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा था।




घंटों चले हंगामे के बाद पुलिस प्रशासन को बिना कार्रवाई किए वापस लौटना पड़ा था। ग्रामीणों ने जमीन पर अपना दावा जताते हुए काम रुकवा दिया था। बुधवार की घटना के बाद गुरुवार को प्रशासन ने पूरी तैयारी के साथ अभियान चलाया। अतिक्रमण हटाने के लिए दंडाधिकारी के रूप में राजस्व अधिकारी धर्मेंद्र कुमार, पुनपुन और वरीय दंडाधिकारी के रूप में अंचलाधिकारी ममता कुमारी, पुनपुन को प्रतिनियुक्त किया गया था। साथ में भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया था ताकि किसी भी प्रकार के विरोध को रोका जा सके। अंचलाधिकारी ममता कुमारी ने बताया कि माननीय कोर्ट के निर्देश पर पोठही मौजा में गैरमजरूआ आम रास्ता की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है।

# फतुहा में युवक की गोली मारकर हत्या

**कई बिंदुओं पर जांच में जुटी पुलिस**







**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फतुहा थाना क्षेत्र के फैक्ट्री मोड़ स्थित ट्रेंड शोरूम के सामने एक मस्जिद के बगल के खाली प्लॉट में बुधवार देर रात एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान दरियापुर नया टोला निवासी नवीन कुमार (पुत्र श्रवण पासवान) के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल नवीन को पहले फतुहा अस्पताल, फिर पीएमसीएच और बाद में बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल (पारस) ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, घटना के समय नवीन अपने कुछ परिचितों के साथ खाली प्लॉट में मौजूद था। घटनास्थल से मिले खान-पान के सामान और बर्तनों से आशंका जताई जा रही है कि वहां कुछ लोग किसी बैठक या बातचीत के लिए जुटे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ और हमलावरों ने बेहद करीब से नवीन के गले में गोली मार दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही फतुहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। ग्रामीण एसपी कुंदन कुमार ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच के लिए एफएसएल टीम को भी सूचना दी गई है। फतुहा थानाध्यक्ष श्रीमंत सुमन ने बताया कि पुलिस आपसी रंजिश सहित सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है। संदिग्धों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। फतुहा एसडीपीओ-1 अवधेश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। एफएसएल जांच और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच आगे बढ़ाई जा रही है। परिजनों की ओर से अभी तक आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस हत्या के कारणों का पता लगाने और वारदात में शामिल अपराधियों तक पहुंचने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर जांच में जुटी हुई है।

**24 जुलाई को होगी बारा पैक्स चुनाव की वोटींग**

## 11-13 जुलाई को नामांकन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के आदेश के बाद मसौढ़ी प्रखंड के बारा पैक्स समिति का चुनावी कार्यक्रम संशोधित कर जारी कर दिया गया है। मतदाता सूची पर विवाद के कारण 18 मार्च की अधिसूचना संख्या-681 से शुरू हुई चुनाव प्रक्रिया 17 अप्रैल 2026 की अधिसूचना-979 से स्थगित कर दी गई थी। प्राधिकार के आदेश संख्या-1548 दिनांक 24 जून द्वारा मतदाता सूची विवाद का निष्पादन होने के बाद अब चुनाव प्रक्रिया नामांकन के स्तर से फिर शुरू होगी। संशोधित चुनाव कार्यक्रम में नामांकन तिथि 11 जुलाई शनिवार और 13 जुलाई, सोमवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक संवीक्षाः 14 जुलाई, मंगलवार और 15 जुलाई , बुधवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक अभ्यर्थिता वापसी/प्रतीक आवंटन 17जुलाई, शुक्रवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक एवं मतदान : 24 जुलाई, शुक्रवार को सुबह 7 बजे से शाम 4:30 बजे होगा।

## ऑटो ड्राइवर को पेट में चाकू मारकर किया जख्मी, गंभीर हालत में पटना रेफर



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के रेलवे पश्चिमी फाटक संख्या 54 के पास एक निजी विद्यालय के सीएनजी ऑटो ड्राइवर को बदमाशों ने ओवरटेक के मामले से नाराज होकर पेट में चाकू मार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया घायल की पहचान शांति टोला निवासी चंदन कुमार पिता विश्वनाथ शर्मा पूर्व पंचायत समिति सदस्य बेढना पंचायत के रूप में हुई है। घायल गंभीर हालत में अपने सीएनजी ऑटो चलाकर लहू लुहान अवस्था में अस्पताल पहुंचा और अस्पताल के बेड पर गिरकर बेहोश हो गया। चिकित्सा के द्वारा जल्दबाजी में युवक का इलाज करने के बाद बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने पटना रेफर कर दिया है। घायल चंदन ने बताया कि वह जल्दबाजी में स्कूली बच्चों को उठाने के लिए अपना ऑटो लेकर जा रहा था तभी सामने से एक स्कूटी सवार आ गया हालांकि उसके मोटर वाहन को कोई क्षति नहीं हुई है फिर भी उसने मेरा पीछा करके रेलवे पश्चिमी फाटक के पास एक व्यक्ति को बुला लिया और हम पर हमला बोल दिया। मेरे पेट में चाकू मार कर लहू लुहान कर दिया है।अस्पताल के चिकित्सक ने हालत गंभीर बताते हुए पटना भेजा है वहीं पुलिस एंबुलेंस से पटना भेजे जाने तक मौके पर नहीं पहुंची थी।

## बाढ़ में वज्रपात से दो की मौत, परिवार में मचा कोहराम



**बाढ़ /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के पंडारक प्रखंड के लालपुर गांव में धान का बिचड़ा गिराने गए दो व्यक्ति के ऊपर वज्रपात गिरने से हुई दोनोंव्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। आसमान में बादल छाए और जोरदार बारिश होने के बाद वज्रपात होना प्रारंभ हो गया। इसी वज्रपात के चपेट में आने से लालपुर गांव के दो व्यक्ति की मौत हो गई। वहां के ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि वज्रपात के बाद वहां खेत में कुछ मजदूर काम कर रहे थे उसी के द्वारा कुछ ग्रामीणों को फोन किया और दो व्यक्ति की मृत्यु की सूचना दिया गया। इसकी सूचना मिलते ही ग्रामीणों में अफरा तफरी का माहौल हो गया और दर्जनों ग्रामीण लालपुर लाल क्षेत्र में जाकर शव का पहचान किया गया पहचान करने के बाद पता चला कि ये दोनों व्यक्ति लालपुर गांव के ही निवासी हैं जिनका नाम सीताराम माता पिता हीरा महतो दूसरा का नाम गुप्ता महतो पिता सिया महतो बताया है। जब इसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा भदौर थाना प्रभारी को दिया गया तो भदौर थाना प्रभारी ने अपने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। भदौर थाना प्रभारी से शत्रुघ्न शाह बात किया गया तो उन्होंने बताया कि लालपुर गांव में दो व्यक्तियों पर वज्रपात गिरने से कोई मौत। हम लोग अभी घटनास्थल पर मौजूद हैं।

## प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य के नेतृत्व का एक वर्ष पूर्ण

**महाविद्यालय परिवार ने किया अभिनंदन**



**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य के सफल एवं उपलब्धियों से परिपूर्ण एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महाविद्यालय परिवार द्वारा एक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों एवं विद्यार्थियों ने उनके दूरदर्शी नेतृत्व, प्रशासनिक कुशलता, शैक्षणिक प्रतिबद्धता तथा महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास में उनके असाधारण योगदान की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि प्रो. शांडिल्य के नेतृत्व में टी.पी.एस. कॉलेज ने शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध एवं नवाचार, गुणवत्तापरक शिक्षा, छात्र-केंद्रित गतिविधियों, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, नैक संबंधी पहल, सांस्कृतिक एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों तथा प्रशासनिक पारदर्शिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उनके कार्यकाल में महाविद्यालय की शैक्षणिक पहचान और प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयां प्राप्त हुई हैं। उन्होंने शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के बीच समन्वय, सहयोग एवं सकारात्मक कार्यसंस्कृति को सुदृढ़ करते हुए संस्थान को प्रगति के नए आयामों तक पहुँचाने का कार्य किया है। उपस्थित सदस्यों ने कहा कि प्रो. शांडिल्य का व्यक्तित्व एक कुशल प्रशासक, संवेदनशील शिक्षाविद्, प्रेरक मार्गदर्शक एवं दूरदर्शी नेता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उनके नेतृत्व में महाविद्यालय निरंतर विकास, नवाचार एवं उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर है।

## बिजली कटौती को लेकर चपौर के किसानों ने जताया विरोध, 22 घंटे कृषि बिजली की मांग

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भीषण बिजली संकट से परेशान चपौर पंचायत के किसानों ने गुरुवार को बिजली विभाग के कार्यालय पर हल्ला बोल दिया। बड़ी संख्या में किसान कृषि कार्य के लिए पर्याप्त बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर पहुंचे और कार्यपालक अभियंता का घेराव कर अपनी समस्याएं रखीं। किसानों का कहना है कि मानसून की बेरुखी के कारण खेतों में दरारें पड़ गई हैं और धान के बिचड़े सूखने लगे हैं। ऐसे समय में सिंचाई के लिए बिजली जरूरी है, लेकिन विभाग की लापरवाही से कई-कई घंटे आपूर्ति बाधित रहती है। किसानों ने आरोप लगाया कि कई बार सिर्फ 1-2 घंटे बिजली देकर 10-12 घंटे तक कटौती कर दी जाती है, जिससे उनकी मेहनत, समय और पैसा तीनों बर्बाद हो रहा है।किसानों ने शिकायत निवारण व्यवस्था पर भी सवाल उठाए।

## एक करोड़ की रिटायरमेंट राशि पर अपराधियों की नजर, 25 लाख की रंगदारी मांगने वाले गिरफ्तार



**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना जिले के नदी थाना क्षेत्र में मिजोरम पुलिस से सेवानिवृत्त एक जवान से 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगने और उनके पोते के अपहरण की धमकी देने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को फतुहा एसडीपीओ-1 अवधेश कुमार ने नदी थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में मामले का खुलासा किया। एसडीपीओ ने बताया कि नदी थाना क्षेत्र के जेटुली गांव निवासी शिवचंद्र राय करीब एक माह पूर्व मिजोरम पुलिस से सेवानिवृत्त हुए हैं। सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें मिले करीब एक करोड़ रुपये में से अपराधियों ने 25 लाख रुपये की रंगदारी की मांग की थी। साथ ही रकम नहीं देने पर उनकी हत्या करने और स्कूल जाते समय उनके पोते का अपहरण कर जान से मारने की धमकी दी जा रही थी।

**व्हाट्सएप पर भेजे गए थे धमकी भरे संदेश**

पुलिस के अनुसार, शिवचंद्र राय के पुत्र राजन कुमार के मोबाइल पर 22 जून और 1 जुलाई 2026 को व्हाट्सएप के माध्यम से धमकी भरे संदेश भेजे गए थे। आरोपियों ने चेतावनी दी थी कि यदि तय समय तक रंगदारी नहीं दी गई तो पोते का अपहरण कर 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी जाएगी।

**शिकायत मिलते ही गठित हुई विशेष टीम**

पीड़ित परिवार की शिकायत पर 01 जुलाई 2026 को नदी थाना में कांड संख्या-265/2026 दर्ज किया गया। इसके बाद थानाध्यक्ष के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी एवं मानवीय अनुसंधान के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी संजीव कुमार राय (39), पिता शिवशंकर राय, निवासी जेटुली, थाना नदी को गिरफ्तार कर लिया। मामले में संलिप्त एक विधि-विरुद्ध बालक (नाबालिग) को भी निरुद्ध किया गया है।

**जांच जारी**

एसडीपीओ अवधेश कुमार ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आरोपियों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि घटना में किसी अन्य व्यक्ति की भी संलिप्तता है या नहीं।

## मोकामा में ट्रेन से मोबाइल झपटमारी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़-मोकामा रेलखंड पर चलती ट्रेन से यात्रियों के साथ लाठी-डंडे से प्रहार कर मोबाइल और कीमती सामान लूटने वाले गिरोह का मोकामा रेल पुलिस ने गुरुवार को उद्भेदन कर दिया। पुलिस ने महज 24 घंटे के अंदर दो झपटमारों को मोबाइल समेत गिरफ्तार किया है।मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह मोर-बरहपुर के बीच कंहाईपुर निवासी यात्री राजकुमार पर लाठी से हमला कर चलती ट्रेन से मोबाइल झपट लिया गया था।राजकुमार की शिकायत मिलते ही मोकामा रेल थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने तुरंत टीम गठित कर जांच शुरू की।पुलिस ने सबसे पहले सुबोध कुमार को गिरफ्तार किया। सुबोध की निशानदेही पर बरहपुर निवासी हरेन्द्र बिन्द के घर छापेमारी की गई।हरेन्द्र के घर से छतिग्रस्त अवस्था में झपटमारी किया गया मोबाइल बरामद हुआ।मोकामा रेल थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि बाढ़-मोकामा रेलखंड पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए गश्त तेज कर दी गई है।गिरोह के सदस्य चलती ट्रेन में खिड़की के पास बैठे यात्रियों को निशाना बनाते थे। लाठी-डंडे से डराकर मोबाइल और बैग छीन लेते थे। बरहपुर-मोर के बीच का इलाका इनका मुख्य टारगेट था।मोकामा रेल पुलिस की इस कार्रवाई से यात्रियों ने राहत की सांस ली है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की है।

## पूर्णिया में खुला सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स का 89वां फ्रेंचाइजी शोरूम

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** देश के प्रमुख ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स ने पूर्णिया, बिहार में अपना 89वाँ फ्रेंचाइजी शोरूम शुरू किया है। इसके साथ ही बिहार में कंपनी के शोरूम की कुल संख्या बढ़कर 9 हो गई है। 88 वर्षों से अधिक की विरासत रखने वाला सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स, शोरूम की संख्या के आधार पर पूर्वी भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड है। देशभर में कंपनी के 201 से ज्यादा आउटलेट्स का नेटवर्क है। ब्रांड को लगातार दूसरे साल टीआरए की ओर से 'मोस्ट ट्रस्टेड ज्वेलरी ब्रांड' का सम्मान मिला है। वहीं, वर्ष 2024 में टीआरए ने इसे 'मोस्ट डिजायर्ड ज्वेलरी ब्रांड्स' की सूची में भी शामिल किया, जहां इसने ज्वेलरी क्षेत्र के कई बड़े ब्रांड्स से बेहतर प्रदर्शन किया। पूर्वी भारत में अपनी उपस्थित को और मजबूत करते हुए, सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स ने बिहार के पूर्णिया में अपना 89वां फ्रेंचाइजी शोरूम शुरू किया है। इसके साथ ही राज्य में कंपनी के कुल शोरूम्स की संख्या बढ़कर 9 हो गई है। नेशनल हाईवे-31 पर फोर्ड कंपनी चौक, नवरत्न हट्टा में एचडीएफसी बैंक के पास और रॉयल उत्सव विवाह भवन के सामने स्थित यह नया मॉडर्न शोरूम (पीओः एचपीओ, पीएसः थाना खाट, पिनः 854301, बिहार) करीब 3,900 वर्ग फुट में फैला हुआ है। आकर्षक और शानदार इंटीरियर के साथ तैयार किया गया यह शोरूम ग्राहकों को आरामदायक और बेहतर खरीदारी का अनुभव देगा।

## मानसून की सुस्ती से दनियावां के खेत सूने, किसानों की बढ़ी चिंता

**बारिश का इंतजार लंबा होने से धान की खेती पर मंडराया संकट, प्रगतिशील किसान संघ ने जताई चिंता**

डॉ. राजीव नयन



**दनियावां (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मानसून की धीमी रफ्तार ने दनियावां प्रखंड के हजारों किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जून का अंतिम सप्ताह समाप्त हो गया, लेकिन सामान्य से कम बारिश होने के कारण धान की खेती प्रभावित होने लगी है। दनियावां प्रखंड में 33 राजस्व ग्राम और 6 पंचायतें हैं, जहां खेती ही मुख्य आजीविका है।ये पंचायत हैं शाहजहांपुर, दनियावां, सिंगरियावां, बांकीपुर-मछरियावां,खरभैया और सलारपुर। खेतों में तैयार बिचड़ा धान रोपाई का इंतजार कर रहा है, जबकि पर्याप्त पानी नहीं मिलने से किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। प्रगतिशील किसान संघ, के सदस्य पूर्व आत्मा अध्यक्ष सुनील कुमार, रामनाथ सिंह,बब्बन सिंह,सतीश कुमार, नागेंद्र पटेल,खरभैया पैक्स अध्यक्ष मुन्ना कुमार, तोप के रणधीर कुमार, राजकमल, जीवनचक के रौशन मिस्त्री और दनियावां के नीरज कुमार ने बताया कि समय पर अच्छी बारिश नहीं होने से खेतों की तैयारी और धान की रोपाई दोनों प्रभावित हो रही है। जिन किसानों ने महंगे दाम पर उन्नत बीज खरीदकर बिचड़ा तैयार किया है, उन्हें अब उसके खराब होने की चिंता सताने लगी है।किसानों ने अपने फरियाद में कहा कि लगातार देरी होने पर बिचड़ा की गुणवत्ता प्रभावित होने और उत्पादन घटने की आशंका बढ़ती जा रही है।

**डीजल-पंप से महंगी पड़ रही खेती:** किसानों ने बताया कि डीजल पंप या मोटर से सिंचाई कर खेती करना काफी महंगा पड़ रहा है। डीजल की बढ़ती कीमतों और बिजली की आंख मिचौनी व अतिरिक्त मजदूरी के कारण खेती की लागत बढ़ती जा रही है। छोटे और सीमांत किसानों के लिए यह स्थिति और अधिक कठिन हो गई है।

**कृषि विशेषज्ञों की रायः** प्रखंड कृषि पदाधिकारी लख्मीचंद ने बताया कि अनुमानित धान रोपनी का लक्ष्य 2300 हेक्टेयर था लेकिन वर्तमान स्थिति में यह संभव नहीं दिख रहा। किसान सलाहकार राजेश रंजन,प्रवीण कुमार, शिवकुमार चौधरी व कृषि समन्वयक अमृता कुमारी का मानना है कि धान की रोपाई के लिए शुरूआती मानसूनी बारिश बेहद महत्वपूर्ण है। यदि बारिश में अधिक देरी होती है, तो रोपाई का समय पीछे खिसक सकता है, जिससे फसल की बढ़वार और उत्पादन दोनों प्रभावित होंगे। प्रगतिशील किसान संघ ने प्रशासन से वैकल्पिक सिंचाई की व्यवस्था और डीजल अनुदान की मांग की है ताकि किसान समय पर रोपनी कर सकें।दूसरी ओर,कृषि विशेषज्ञों ने कम बारिश होने पर अरहर,मक्का, तिल व ऊंची भूमि पर सब्जी की फसलों को उगाने की सलाह कृषकों को दी है।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### छावनी प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को चेताया

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छावनी प्रशासन कार्यालय द्वारा क्षेत्रान्तर्गत अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए अतिक्रमण को अपने स्तर से जल्द से हटा देने की चेतावनी दी है। अगर समय सीमा के अंतर्गत लोग नहीं हटाने तो उनके ऊपर कार्यवाही करने की बात कही गई है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी वरूण कुमार ने बताया है कि दानापुर छावनी क्षेत्र को हर हाल मे स्वच्छ, साफ एवं सुन्दर करना है जिसमें नागरिकों की भागीदारी अपेक्षनीय है। उन्होंनें अनुरोध किया कि इस शहर को स्वच्छ, साफ, सुन्दर एवं अतिक्रमण मुक्त रखने हम सभी की जिम्मेवारी है। उन्होंने ने स्पष्ट किया कि सभी अतिक्रमणकारियों को तीन दिन का समय दिया जा रहा है कि वे अपने-अपने अतिक्रमण, खटाल को हर हाल में हटा लें। साथ ही साथ रोड पर शेड, पशु को ना बांधे और रोड पर पशुओं को खुला ना रखें अन्यथा इनके अतिक्रमित सामान को जब्त करते हुए कार्यवाही की जाएगी, जिसमें दण्डनीय शुल्क भी शामिल है।

### नए आवास सहायकों को पंचायतें आवंटित

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सभी 16 पंचायतों में दुसरे प्रखंड से बदल कर आये ग्रामीण आवास सहायकों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। बीडीओ चिरंजीवी पांडे ने प्रखंड कार्यालय में योगदान करने के बाद सभी आठ ग्रामीण आवास सहायकों की प्रतिनियुक्ति अलग-अलग पंचायत में कर दी है। एक आवास सहायक को दो पंचायत की जिम्मेवारी दी गई हैं। मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मद खालिद इकबाल को जसौली और गोपी छपरा पंचायत , रमेश कुमार को बथना और जसौली पट्टी , रतन कुमार को मच्छरगांवा और कररिया , रूपम कुमारी को जगीरहा और महारानी भोपत निशू कुमारी को कोटवा और डुमरा , मोहम्मद अशफाक आलम को पोखरा और अहिरौलिया , मोहम्मद खुशीद आलम को भोपतपुर उत्तरी एवं दक्षिणी और दीपक कुमार को बडरहरवा कल पूर्वी एवं पश्चिमी पंचायत आवंटित किया गया है।इस बाबत बीडीओ श्री पांडेय ने बताया कि एक आवास सहायक के जिम्मे दो पंचायत है, ऐसे में प्रत्येक आवास सहायक को आसपास के पंचायत आवंटित किए गए है , जिससे कि दूरी की वजह से काम में बाधा उत्पन्न नहीं हो।

### बंदरों का आतंक महिला को छत से धक्का दिया

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा प्रखंड के रसूलपुर थाना क्षेत्र के अतरसन पंचायत अंतर्गत अतरसन गांव में दो बंदरों के आतंक से ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है। आए दिन बंदरों द्वारा लोगों पर हमला किए जाने से पूरे गांव में भय का माहौल बना हुआ है। गुरुवार को अतरसन गांव निवासी कुसुम देवी (30) अपने घर की छत पर सूख रहे कपड़े उतारने गई थीं। इसी दौरान दो बंदर अचानक उनके पास पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बंदरों ने उन पर हमला कर धक्का दे दिया, जिससे वह छत से नीचे गिर गईं। घटना में वह घायल हो गईं। परिजनों ने तत्काल उन्हें इलाज के लिए एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया जहां घायल महिला का उपचार चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह पहली घटना नहीं है। अब तक अतरसन गांव एवं पंचायत के लगभग आधा दर्जन लोगों को ये बंदर हमला कर घायल कर चुके हैं। लगातार हो रहे हमलों से बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों में दहशत का माहौल है और लोग घरों की छतों तथा बाहर निकलने से भी डर रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से बंदरों को शीघ्र पकड़कर सुरक्षित जंगल क्षेत्र में छोड़ने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।



### दाउदपुर में मारपीट कर छत पर पटका, 3 पर केस

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के दाउदपुर में घर में हिस्सा मांगने को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। पड़ोसियों ने पति-पत्नी को छत पर पटककर लाठी-डंडे और दांत से काटकर जख्मी कर दिया। घटना 30 जून की रात करीब 12 बजे की है। पीड़िता तानिया कुमारी, पति रंजन कुमार, निवासी दाउदपुर ने मसौढ़ी थाना में आवेदन देकर बताया कि वह रात में छत पर सोने जा रही थी। इसी दौरान पड़ोसी विट्ठल हलवाई, उम्र 60 वर्ष, पिता कामेश्वर साव, उनकी पत्नी लीला देवी, उम्र 55 वर्ष और बेटा राजकिशोर कुमार, उम्र 19 वर्ष, सभी निवासी दाउदपुर वहां पहुंच गए। आरोप है कि तीनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और कहा कि छत पर सोने नहीं देंगे। विरोध करने पर विट्ठल ने तानिया को धक्का देकर गिरा दिया और मुक्के से मारते हुए बिस्तर छीनकर बाहर फेंक दिया। तानिया के शोर मचाने पर पति रंजन कुमार बचाने आए तो सभी ने उन्हें भी पकड़कर गर्दन दबा दी। मारपीट में रंजन कुमार की गर्दन और पीठ छिल गई।तानिया ने बताया कि छत से नीचे आने के बाद भी आरोपियों ने अपने साथियों को बुलाकर गली में पटक-पटक कर मारपीट की। राजकिशोर ने रंजन की छाती दांत से काट ली जिससे वह जख्मी हो गई। आरोपियों ने धमकी दी कि घर में हिस्सा नहीं मिलेगा।घटना के बाद पीड़ित दंपती ने मसौढ़ी थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### महिला से छेड़खानी, सोने की चेन लूटी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के तुलसीचक गांव में खेत में धान रोपनी कर रही 50 वर्षीय महिला के साथ छेड़खानी और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने महिला का ब्लाउज फाड़कर लज्जाभंग किया और बाद में उसकी दोनों पुतोह को रास्ते में रोककर सोने की चेन लूट ली। घटना 30 जून को हुई। पीड़िता चिंता देवी, पति स्व. अरविंद सिंह, निवासी तुलसीचक ने मसौढ़ी थाना में आवेदन देकर बताया कि वह दिनांक 30.06.26 को अपने खेत में धान रोपने के लिए पाईप बिछा रही थी। इसी दौरान गांव के रामवीर सिंह, उम्र 45 वर्ष, पिता वेश लाल सिंह, धर्मवीर सिंह, उम्र 50 वर्ष, पिता वेश लाल सिंह, अजय सिंह, उम्र 22 वर्ष, पिता धर्मवीर सिंह और सूरज कुमार, उम्र 23 वर्ष, पिता रामवीर सिंह, सभी निवासी तुलसीचक वहां पहुंचे। आरोप है कि वीर सिंह ने खेत में लगे पाईप को हटा दिया। विरोध करने पर सभी ने मिलकर चिंता देवी को पकड़ लिया। वीर सिंह ने साड़ी खींचकर ब्लाउज फाड़ दिया और अश्लील हरकतें करने लगा। शोर सुनकर बेटा सतीश कुमार बचाने आया तो आरोपियों ने उसकी भी पिटाई की और धमकी दी कि दोबारा खेत पर आई तो जान से मार देंगे। रात करीब 7 बजे मसौढ़ी में रहने वाली पीड़िता की दोनों पुतोहू जब घर आ रही थीं तो गांव से बाहर रास्ते में आरोपियों ने उन्हें घेर लिया। सभी ने दोनों पुतोहू को पकड़कर छेड़खानी की, ब्लाउज फाड़ दिए और गले से सोने की चेन लूट ली। जाते-जाते धमकी दी कि खेत पर गई तो बलात्कार कर देंगे। मारपीट में चिंता देवी के बाएं और दाएं पैर में सूजन आ गई है। पीड़िता ने मसौढ़ी थाना में सभी 5 लोगों के खिलाफ मारपीट, छेड़खानी, लूट और धमकी देने की शिकायत दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### मच्छरगांवा में जलजमाव की शिकायत पर बीडीओ ने किया निरीक्षण

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड की मच्छरगांवा पंचायत के वार्ड संख्या-5 में सड़क पर जलजमाव से हो रही परेशानी को लेकर ग्रामीणों ने बीडीओ से शिकायत किया। ग्रामीणों की शिकायत के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी चिरंजीवी पाण्डेय ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क पर जमा पानी, जल निकासी की व्यवस्था तथा स्थानीय लोगों की समस्याओं की जानकारी ली।ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर लंबे समय से पानी जमा रहने के कारण आवागमन में परेशानी हो रही है। खासकर स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में स्थिति और गंभीर हो जाती है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। बीडीओ ने संबंधित अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को जलजमाव के कारणों की जांच कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण प्रशासन की प्राथमिकता है और जल निकासी की समुचित व्यवस्था के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मौजूद ग्रामीणों ने प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की। बीडीओ ने भरोसा दिलाया कि तकनीकी जांच के बाद आवश्यक कदम उठाकर जलजमाव की समस्या का जल्द समाधान कराया जाएगा।

# एनआईपीईआर हाजीपुर और बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के बीच एमओयू



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना और राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, हाजीपुर के बीच बुधवार को विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में अनुसंधान, शैक्षणिक सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू के तहत दोनों संस्थान औषधीय एवं पशु चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में संयुक्त अनुसंधान, फैकल्टी, वैज्ञानिकों और विद्यार्थियों के आदान-प्रदान, जर्मप्लाज्म एवं जैविक नमूनों के आदान-प्रदान तथा बड़े और छोटे पशुओं पर डायग्नोस्टिक, चिकित्सीय, टॉक्सिकोलॉजी और मेडिकल डिवाइस के प्री-क्लीनिकल मूल्यांकन संबंधी अध्ययन करेंगे। साथ ही वैज्ञानिक साहित्य, प्रयोगशालाओं, अनुसंधान सुविधाओं और उपकरणों का साझा उपयोग भी किया जाएगा। इस अवसर पर कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि यह समझौता विश्वविद्यालय के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे विश्वविद्यालय को एनआईपीईआर की ड्रग डिस्कवरी, ट्रांसलेशनल रिसर्च और अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं की विशेषज्ञता का लाभ मिलेगा। राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, हाजीपुर की निदेशक प्रो. के. रुक्मणी ने कहा कि औषधीय विज्ञान और पशु विज्ञान का यह समन्वय ट्रांसलेशनल रिसर्च को नई दिशा देगा। दोनों संस्थानों की विशेषज्ञता के समेकन से दवा खोज, चिकित्सा उपकरणों के मूल्यांकन, जैव प्रौद्योगिकी, नवाचार और कौशल विकास के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित होंगे । विश्वविद्यालय के निदेशक (शोध) डॉ. नरेश कुमार सिंह ने कहा कि इस एमओयू से दोनों संस्थानों के बीच संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं को बढ़ावा मिलेगा तथा वैज्ञानिक संसाधनों, प्रयोगशालाओं और विशेषज्ञता के आदान-प्रदान से उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर निदेशक स्नातकोत्तर शिक्षा डॉ. पंकज कुमार सिंह, कुलसचिव कर्नल कामेश कुमार, निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. निर्मल सिंह दहिया, अधिष्ठाता डॉ. पल्लव शेखर, डॉ. राकेश कुमार सहित विश्वविद्यालय के कई शिक्षक एवं वैज्ञानिक उपस्थित थे।

## लाखों की लागत से बना बास्केट बॉल कोर्ट बना उपेक्षा का शिकार, कोर्ट उखड़ा और झाड़ियों में घिरा खेल मैदान



**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के शिवधर अनूठा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लाखों रुपये की लागत से निर्मित बास्केटबॉल कोर्ट इन दिनों बदहाल स्थिति में है। रखरखाव के अभाव में खेल मैदान के चारों ओर झाड़ियां उग गई हैं, जिससे इसकी उपयोगिता पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस उद्देश्य से यह खेल मैदान बनाया गया था, वह पूरा होता नहीं दिख रहा है। ग्रामीणों और खिलाड़ियों के अनुसार नियमित सफाई एवं देखरेख नहीं होने के कारण खिलाड़ी यहां अभ्यास करने से कतराते हैं। मैदान के आसपास फैली झाड़ियां न केवल इसकी सुंदरता बिगाड़ रही हैं, बल्कि सांप-बिच्छू जैसे जहरीले जीवों का भी खतरा बना हुआ है। इससे युवाओं का खेल के प्रति उत्साह प्रभावित हो रहा है। वहीं गुणवत्ता पर भी सवाल उठना लाजमी है। कोर्ट भी कई जगह उखड़ गए है।स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर खेल सुविधाओं का विकास कर रही है, लेकिन रखरखाव के अभाव में ऐसी योजनाएं दम तोड़ रही हैं। उनका कहना है कि यदि समय रहते मैदान की सफाई, मरम्मत और नियमित देखभाल नहीं की गई तो यह पूरी तरह अनुपयोगी हो जाएगा।ग्रामीणों एवं खिलाड़ियों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से खेल मैदान की साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई तथा आवश्यक मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि युवा बेहतर माहौल में अभ्यास कर सकें और सरकारी धन का उद्देश्य भी पूरा हो सके।

## पल्स पोलियो अभियान का निरिक्षण, 20 हजार बच्चों को पिलाई गई दवा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दो बुंद जिदंगी की संकल्प के साथ मसौढ़ी प्रखंड में चल रहे राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान में अब तक उल्लेखनीय प्रगति हुई है। अभियान के तहत अब तक 30,117 घरों को टच किया जा चुका है और 20,141 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई है।बुधवार को खैनिया देवरिया, मसौढ़ी में पल्स पोलियो टीम संख्या 55 का मॉनिटरिंग विजिट किया गया। इस दौरान चिकित्सा पदाधिकारी टड, हल्ड के ऋ्ट और ढउक इउ,इमाम हसनैन आदी के पदाधिकारियों ने टीम के कार्यों का निरीक्षण किया। टीम द्वारा घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने की प्रगति, कार्यप्रणाली और माइक्रोप्लान के अनुसार किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों ने टीम को निर्देश दिया कि सभी पात्र बच्चों तक शत-प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित की जाए। छूटे हुए किसी भी बच्चे को पोलियो की खुराक देने से वंचित न रखा जाए। इसके लिए विशेष मॉनिटरिंग और रिविजिट करने को कहा गया।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि 5 साल तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं।

## बिहार में अधिवक्ता लिपिक कल्याण अधिनियम लागू किए जाने की मांग संबंधी ज्ञापन सांसद को सौंपा



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सर्किट हाउस में जिला विधिज्ञ लिपिक संघ, व्यवहार न्यायालय मोतिहारी के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह को बिहार में अधिवक्ता लिपिक कल्याण अधिनियम लागू किए जाने की मांग संबंधी ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संघ ने बताया कि बिहार के लाखों अधिवक्ता लिपिक न्यायालयों की न्यायिक प्रक्रिया में अधिवक्ताओं के सहयोगी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा न्याय दिलाने की प्रक्रिया को सुचारु बनाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इसके बावजूद उनके लिए अब तक किसी प्रकार की विधिक एवं सामाजिक सुरक्षा संबंधी कल्याणकारी व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। झारखंड, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल एवं ओडिशा जैसे राज्यों में अधिवक्ता लिपिक कल्याण अधिनियम लागू है। वर्ष 2022 में इस विषय पर बिहार सरकार के विधि विभाग द्वारा बिहार राज्य बार काउंसिल से प्रतिवेदन मांगा गया था। इसके उपरांत बिहार राज्य बार काउंसिल ने अपने प्रस्ताव प्रस्ताव संख्या- 71/2022 के माध्यम से बिहार में अधिवक्ता लिपिक कल्याण अधिनियम लागू किए जाने पर सहमति व्यक्त करते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु अपनी अनुशंसा विधि विभाग को भेजी थी। इसके बावजूद अब तक इस दिशा में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जा सका है। ज्ञापन प्राप्त करने के उपरांत सांसद श्री सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुना तथा उन्हें आश्वस्त किया कि अधिवक्ता लिपिक न्यायिक व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण अंग हैं। उनके हितों एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़े इस विषय को संबंधित स्तर पर गंभीरतापूर्वक उठाया जाएगा तथा बिहार सरकार एवं संबंधित विभाग के समक्ष इस मांग को उचित रूप से रखा जाएगा, ताकि इस दिशा में सकारात्मक पहल हो सके।

# रक्सौल में डॉक्टरों और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का हुआ सम्मान

### भारत विकास परिषद ने किया अभिनंदन



**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाज और राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के सम्मान में भारत विकास परिषद, शाखाझरक्सौल की ओर से बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल सभागार में गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को अंगवस्त्र, गुलाब पुष्प और स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ हुआ। परिषद के अध्यक्ष रजनीश प्रियदर्शी ने कहा कि चिकित्सक जहां मानव जीवन की रक्षा कर समाज को स्वस्थ बनाने का कार्य करते हैं, वहीं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स देश की आर्थिक व्यवस्था को पारदर्शी, अनुशासित और मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मयोगियों का सम्मान करना परिषद के लिए गर्व और सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर डॉ. श्रीराम प्रसाद, डॉ. मंजू जायसवाल, डॉ. स्वाति सपन, डॉ. विजय कुमार, डॉ. प्रभु जोसेफ, डॉ. सुजीत कुमार, डॉ. एस.के. सिंह, डॉ. उमेश प्रसाद, डॉ. प्रहस्त कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. अमित जायसवाल, डॉ. आदित्य प्रसाद, डॉ. बिपिशा श्रेष्ठ, डॉ. अरुण यादव, डॉ. शशि रंजन, डॉ. नारायण डालमिया, डॉ. मनीता, डॉ. चंदन कुमार, डॉ. अदिति गुप्ता तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रदीप अग्रवाल और विजय केशान को सम्मानित किया गया। सम्मानित चिकित्सकों एवं सीए प्रतिनिधियों ने परिषद की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में सेवा और उत्कृष्ट कार्य करने वालों का मनोबल बढ़ाते हैं तथा नई पीढ़ी को समाज के प्रति समर्पण की प्रेरणा देते हैं। परिषद के संरक्षक भरत प्रसाद गुप्त एवं महेश कुमार अग्रवाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन संपर्क संयोजक उमेश कुमार सिकारिया ने किया, जबकि सेवा संयोजक सह मीडिया प्रभारी बिमल कुमार सर्राफ एवं सुनील कुमार ने संयोजन की जिम्मेदारी निभाई। कोषाध्यक्ष सुनील कुमार के धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ। इस मौके पर परिषद के योगेन्द्र प्रसाद, नीतेश कुमार सिंह, विनोद कुमार, दिनेश प्रसाद, अरविंद जायसवाल, विनोद रौनियार, सुरेश धानोठिया, अजय कुमार सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सैनिक रोड पर शराब तस्करी का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना थाना क्षेत्र में पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सैनिक रोड, झांझरा से होम डिलीवरी के लिए शराब ले जा रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से नेपाली विदेशी शराब की बड़ी खेप और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। जितना पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान सैनिक रोड झांझरा में वाहन जांच और गश्ती के क्रम में दो संदिग्ध युवकों को रोका गया। तलाशी लेने पर उनके पास से 60 बोतल 'एंबीशन' ब्रांड की नेपाली विदेशी शराब



बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 18 लीटर है। शराब की होम डिलीवरी किए जाने की आशंका जताई जा रही है।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जितना थाना क्षेत्र के झंझरा गाँव निवासी मुन्ना कुमार पिता जयप्रकाश मंडल तथा संजीत कुमार, पिता स्वर्गीय रामजी मंडल के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को मौके से गिरफ्तार कर लिया तथा उनके उपयोग में लाई जा रही मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद शराब कहां से लाई गई थी और इसकी आपूर्ति किन-किन क्षेत्रों में की जानी थी।

## नो मेंस लैंड से माता मंदिर हटाने पर बनी सहमति, प्रशासन और ग्रामीणों के बीच वार्ता सफल



**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा स्थित तुमरिया टोला के भकुआ ब्रह्म बाबा मंदिर परिसर में नो मेंस लैंड के भीतर बने माता मंदिर को हटाने के मुद्दे पर गुरुवार को स्थानीय नागरिकों और प्रशासन के बीच लंबी वार्ता के बाद सहमति बन गई। प्रशासन ने लोगों को भारत सरकार के निर्देशों और सीमा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की अनिवार्यता से अवगत कराया, जिसके बाद ग्रामीणों ने मंदिर को हटाने पर सहमति जताई। जानकारी के अनुसार, भारत सरकार ने भारत-नेपाल सीमा पर स्थित नो मेंस लैंड को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश जारी किए हैं। इसी क्रम में भकुआ ब्रह्म बाबा मंदिर परिसर में स्थापित माता मंदिर नो मेंस लैंड की सीमा में पाया गया, जिसे हटाने की कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। मंदिर हटाने की सूचना के बाद स्थानीय लोगों ने बुधवार से ही विरोध शुरू कर दिया था। विरोध के कारण पहले दिन जेसीबी मशीन को बिना कार्रवाई किए वापस लौटना पड़ा। गुरुवार को भी बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुटे और अपनी भावनाएं प्रशासन के समक्ष रखीं। स्थिति को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) मनीष कुमार,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) मनीष आनन्द, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी (ईओ) मनीष कुमार, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के सहायक कमांडेंट तथा हरैया थानाध्यक्ष किशन पासवान ने स्थानीय लोगों के साथ विस्तृत संवाद किया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नो मेंस लैंड से अतिक्रमण हटाना केंद्र सरकार के निर्देशों के तहत अनिवार्य है और इसमें किसी प्रकार की छूट संभव नहीं है। काफी देर तक चली बातचीत के बाद दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी। प्रशासन के आश्वासन और सरकारी निर्देशों को देखते हुए स्थानीय नागरिकों ने मंदिर को हटाने के निर्णय का विरोध समाप्त कर दिया। इसके साथ ही नो मेंस लैंड को अतिक्रमण मुक्त कराने की दिशा में प्रशासन का रास्ता साफ हो गया।

## अमरनाथ यात्रा के लिए 200 श्रद्धालुओं का दूसरा जत्था रवाना

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाबा अमरनाथ की पवित्र यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को मोकामा स्टेशन से अमरनाथ यात्रियों का दूसरा जत्था जम्मू के लिए रवाना हुआ।श्रद्धालुओं की रवानगी को लेकर सुबह से ही मोकामा स्टेशन परिसर श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के अनोखे रंग में रंगा नजर आया।ट्रेन के आने से पहले ही स्टेशन परिसर 'हर-हर महादेव', 'बम-बम भोले' और 'जय बाबा बफानी' के गगनभेदी जयघोष से गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर यात्रियों के परिजनों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ स्टेशन पर उमड़ पड़ी। लोगों ने अमरनाथ जा रहे श्रद्धालुओं को फूल-मालाएं पहनाई और तिलक लगाकर उनकी सुरक्षित व मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी।

## आज खुल जाएगा पीपापुल, हजारों की आबादी नाव के सहारे

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि और मानसून की सक्रियता को देखते हुए दियारा की लाइफ-लाइन माना जाने वाला पीपापुल शुक्रवार को खोल दिया जायेगा। इस पुल के खुलते ही दानापुर का दियारा से सीधा सड़क संपर्क टूट जायेगा। जिससे सात पंचायतों की हजारों की आबादी के लिए आवागमन का संकट गहरा गया है। पीपापुल हटने के बाद अब दियारा वासियों को अगले नवंबर महीने तक नाव ही एकमात्र साधन के रूप में उपलब्ध होगी। बरसात के मौसम में नाव का सफर न केवल समय लेने वाला होगा, बल्कि यह काफी जोखिम भरा भी होता है। अब लोगों को दानापुर पहुंचने के लिए विभिन्न घाटों पर नाव के भरोसे रहना होगा। ठेकेदार ई. वीरेंद्र कुमार ने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार 15 जून के बाद ही पुल खोलने की प्रक्रिया शुरू होनी थी, लेकिन लोगों की सुविधाओं को देखते हुए इसे कुछ दिनों के लिए टाल दिया गया था।

# डॉक्टर्स डे एवं सीए डे पर ईस्ट चंपारण लायंस क्लब ने किया सम्मान समारोह

### सेल्फ मेडिकेशन से बचने का दिया संदेश




**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ईस्ट चंपारण लायंस क्लब द्वारा 1 जुलाई को संध्या 7:00 बजे से नए अध्यक्ष इं.सुधांशु सिन्हा के अध्यक्षता में शहर स्थित स्थानीय होटल में डॉक्टर्स डे एवं सीए डे के अवसर पर भव्य सम्मान समारोह सह क्लब की प्रथम जनरल बॉडी मीटिंग (जीबीएम) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब से जुड़े चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट का सम्मान किया गया। साथ ही क्लब द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता और सेवा कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने पर चर्चा हुई। डॉक्टर्स डे के अवसर पर लायन डॉ. परवेज अजीज, लायन डॉ. राहुल साह, लायन डॉ. सुरेश चंद्रा, लायन डॉ॰ नारायण, लायन डॉ. एम. यू. अख्तर, लायन डॉ. अभिनव दीपांकर, लायन डॉ. सुमित कुमार एवं लायन डॉ.आमिर नेहाल एवं केपी श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में बिना चिकित्सकीय सलाह के दवा लेने (सेल्फ मेडिकेशन) की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि छोटी-सी लापरवाही भी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है। सभी चिकित्सकों ने लोगों से किसी भी बीमारी में स्वयं दवा लेने के बजाय योग्य चिकित्सक से परामर्श लेने की अपील की तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। वहीं चार्टर्ड अकाउंटेंट लायन सोनल सारस्वती ने वित्तीय अनुशासन एवं कर संबंधी जागरूकता पर क्लब के सदस्यों के बीच अपने विचार साझा किए। इसके उपरांत आयोजित क्लब की प्रथम जनरल बॉडी मीटिंग में पदस्थापन समारोह तैयारी पर चर्चा की गई। बैठक में वर्षभर आयोजित होने वाले सेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन इंजीनियर सुधांशु सिन्हा,सचिव लायन रिजू श्रीवास्तव एवं सह कोषाध्यक्ष मनीष झा और उनकी पूरी टीम का सभी सदस्यों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत करते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। उपस्थित सदस्यों ने समाजहित में सेवा कार्यों को और अधिक गति देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रीजन चेयरपर्सन लायन सुजीत सिंह, जोनल चेयरपर्सन लायन अशोक जायसवाल,क्लब एडमिस्ट्रेटर लायन अमित सेन,लायन मनोज जायसवाल, लायन अमरनाथ साहू,लायन महेशचंद्र लाल,लायन सुधांशु रंजन,लायन विनय कुमार सिंह, लायनअभिषेक नारायण,लायन चंदन कुमार,लायन सुधीर गुप्ता, लायन पवन पुनीत चौधरी,लायन आदित्य कुमार सिंह,लायन अजय आजाद,लायन राजू कुमार, अनिल कुमार वर्मा शैलेश कुमार,लायन गौरव कुमार,लायन विकास कुमार,एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

# बटाने पुल पर प्रशासनिक रोक बेअसर धड़ल्ले से दौड़ रहे हाइवा-ट्रक

## एनएचएआई ने पुल को बताया था खतरनाक, 5 करोड़ की लागत से बन रहा डायवर्सन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। औरंगाबाद-अंबा मुख्य मार्ग पर स्थित दोमुहान बटाने पुल पर जिला प्रशासन की रोक के बावजूद भारी वाहनों का परिचालन जारी है। एनएचएआई द्वारा पुल को जर्जर एवं दुर्घटना की दृष्टि से खतरनाक घोषित किए जाने के बाद भी हाईवा और ओवरलोड ट्रक बेखौफ होकर पुल पार कर रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने तकनीकी जांच के बाद बटाने पुल को असुरक्षित घोषित किया था। इसके बाद औरंगाबाद जिला प्रशासन ने पुल से सभी प्रकार के भारी वाहनों, जैसे हाईवा, ट्रक और बसों के परिचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी थी। प्रशासन ने दोनों ओर बैरिकेडिंग कर बड़े वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग भी निर्धारित किया था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बालू और गिट्टी लदे ओवरलोड हाईवा एवं ट्रक चालकों ने बैरिकेडिंग को क्षतिग्रस्त कर दिया है। इसके बाद दिन और रात दोनों समय भारी वाहन पुल से गुजर रहे हैं। लगातार बढ़ते दबाव के कारण पुल की स्थिति और कमजोर होती जा रही है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। एनएचएआई ने पुल पर यातायात का सुरक्षित विकल्प उपलब्ध कराने के लिए करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से डायवर्सन निर्माण कार्य शुरू कराया है। जिला प्रशासन ने निर्माण एजेंसी को 15 दिनों के भीतर डायवर्सन तैयार कर चालू करने का लक्ष्य दिया है, ताकि भारी वाहनों को सुरक्षित मार्ग से निकाला जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब प्रशासन ने स्पष्ट प्रतिबंध लगाया है और बैरिकेडिंग भी की गई है, तब भी भारी वाहन पुल से कैसे गुजर रहे हैं। उनका आरोप है कि ओवरलोड वाहनों पर प्रभावी निगरानी नहीं होने के कारण नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पुल पर 24 घंटे पुलिस बल की तैनाती, बैरिकेडिंग तोड़ने वालों तथा प्रतिबंध के बावजूद पुल पार करने वाले वाहन मालिकों और चालकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही डायवर्सन निर्माण कार्य को युद्धस्तर पर पूरा कराने की भी अपील की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो बटाने पुल पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# जलवायु परिवर्तन संपूर्ण विश्व के समक्ष एक गंभीर चुनौती

## दाउदनगर महाविद्यालय में वन महोत्सव सप्ताह का आरंभ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। दाउदनगर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा वन महोत्सव सप्ताह का आरंभ किया गया जो सात जुलाई तक चलेगा। वन महोत्सव सप्ताह का आरंभ महाविद्यालय के प्रेमचंद सभागार में "जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में वनों का सामाजिक महत्व" विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन कर किया गया। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य एवं संगोष्ठी के संरक्षक प्रो. (डॉ.) एम. एम. इस्लाम के मार्गदर्शन में यह संपन्न हुआ। संगोष्ठी का आरंभ मनोविज्ञान के डॉ. श्रीनिवास सिंह के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने अपने प्रयास से किये गये वृक्षारोपण के कार्यों की चर्चा की और इस संकल्प को दोहराया कि अगर प्रत्येक व्यक्ति अपने खास दिन के अवसर पर एक पेड़ भी लगाये तो वन महोत्सव सप्ताह के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सुमित कुमार मिश्रा सहायक प्राचार्य, वनस्पति विज्ञान विभाग ने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन संपूर्ण विश्व के समक्ष एक गंभीर चुनौती है। इसके प्रभावों को कम करने में वनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वन केवल पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में ही सहायक नहीं हैं, बल्कि जैव विविधता संरक्षण, जल स्त्रोतों की सुरक्षा, कार्बन अवशोषण, प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम करने तथा समाज के आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। अध्यक्षीय संबोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. देव प्रकाश ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य केवल सेवा कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरणीय चेतना तथा राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना भी है। उन्होंने बताया कि देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र के 33% भाग पर वन होने चाहिए परंतु भारत इस राष्ट्रीय औसत से अभी पीछे है तथा बिहार राज्य की स्थिति वन क्षेत्र के मामले में और भी दयनीय है। उन्होंने स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों से वन महोत्सव सप्ताह के दौरान अधिकाधिक पौधारोपण एवं उनके संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता, गोद लिए गांव में पर्यावरण जागरुकता एवं महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण जैसे कार्यक्रम निर्धारित हैं। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन मनोविज्ञान की डॉ. शहला बानो ने तथा संचालन दर्शनशास्त्र की डॉ. रोजी कांत ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मी एवं छात्र-छात्राओं तथा एन.एस.एस. स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही।

# नवनिर्मित ठाकुरबाड़ी में प्राण प्रतिष्ठा के बाद भंडारा, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**ओबरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वर्गीय मोतीलाल जायसवाल की नवनिर्मित ठाकुरबाड़ी में भगवान श्री लक्ष्मी नारायण एवं शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आयोजित पांच दिवसीय पूजनोत्सव का समापन गुरुवार को भव्य भंडारा के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। पूजनोत्सव के पांचों दिनों तक ठाकुरबाड़ी परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व 151 कन्याओं एवं उतनी ही संख्या में महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद वेदी पूजन संपन्न हुआ तथा भगवान श्री लक्ष्मी नारायण एवं शिव परिवार की प्रतिमाओं का नगर भ्रमण कराया गया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद हवन, महाआरती और भंडारा का आयोजन किया गया। पूरे आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन, गीत-संगीत एवं सामूहिक सुंदरकांड पाठ से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। कार्यक्रम में अनिल जायसवाल, सुनील जायसवाल, पप्पू जायसवाल, विनय जायसवाल, सुबोध जायसवाल, पिंटू जायसवाल, चंद्र जायसवाल, पूर्व मुखिया शंभू प्रसाद, अनिल अग्रवाल, रामलाल सिंह यादव, पंकज कुमार सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, बच्चे एवं युवाओं ने भाग लिया।

# बिहार सतर्कता जागरुकता सप्ताह के तहत पदाधिकारी व कर्मी लेंगे इमानदारी की शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। बिहार सरकार के निगरानी विभाग के निर्देशानुसार एवं जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में 2 जुलाई से 08 जुलाई 2026 तक "बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह" का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य सरकारी कार्यों में पारदर्शिता, bमानदारी, जवाबदेही एवं भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता की भावना को सुदृढ़ करना तथा आमजन एवं सरकारी कर्मियों के बीच सतर्कता एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता का प्रसार करना है। जिलाधिकारी ने निगरानी विभाग से प्राप्त निर्देशों के आलोक में जिले के सभी विभागों, कार्यालयों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन




सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 03 जुलाई 2026 को जिला अंतर्गत सभी विभागों एवं अधीनस्थ कार्यालयों में पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता शपथ दिलाई जाएगी। इसके अतिरिक्त 04 जुलाई 2026 को जिले के सभी प्रखंड, अंचल एवं पंचायत स्तर पर भी शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें संबंधित पदाधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि शपथ ग्रहण कार्यक्रम का सफल आयोजन करते हुए उसकी अनुपालन प्रतिवेदन एवं कृत कार्रवाई की सूचना निर्धारित समय पर जिला प्रशासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन ने सभी विभागों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की है कि वे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए पारदर्शी, जवाबदेह एवं भ्रष्टाचारमुक्त प्रशासन की स्थापना के संकल्प को सशक्त बनाने में अपना योगदान दें।

# समाजसेवी विजय पाठक के निधन पर प्रबुद्ध लोगों ने दी श्रद्धांजलि



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड के ऊचौली गांव निवासी एवं पत्रकार सत्येंद्र पाठक के पिता तथा समाजसेवी विजय पाठक के निधन पर क्षेत्र के कई समाजसेवियों, प्रबुद्धजनों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने विजय पाठक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधी डा गुलाम साहिद, योगेंद्र यादव, हरेंद्र कुमार, डा संजय यादव, सुनील कुमार बर्मा,, हरेंद्र कुमार , युगेन्द्र यादव , पैक्स अध्यक्ष मनोज सिंह, राजद नेता शाहजादा शाही, राजकिशोर मिश्र, उमापत मिश्र, रंजीत मिश्र, वार्ड पार्षद राजू मिश्र, संतन सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, मुन्ना यादव, बब्लू सिंह, डिम्पल सिंह, चंदन सिंह, भोला कुमार, नरेश मेहता, अमित मिश्र, आशुतोष मिश्र सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सदर अस्पताल में वेंटिलेटर का अभाव, आधुनिक सुविधाओं के इंतजार में मरीज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। मॉडल सदर अस्पताल का दर्जा मिलने के बावजूद औरंगाबाद सदर अस्पताल बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है। अस्पताल में अब तक वेंटिलेटर जैसी जीवनरक्षक सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी है, जिससे गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज के लिए अन्य शहरों में रेफर करना पड़ता है। वहीं खराब एंबुलेंस, दवाओं की कमी और हाल में लिफ्ट खराब होने जैसी घटनाओं ने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

अस्पताल परिसर में लगभग 34.47 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित दो नौ मंजिला भवन तैयार हैं। इन भवनों का उद्घाटन करीब आठ माह पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा किया गया था और अस्पताल को मॉडल अस्पताल का दर्जा भी मिला था। उद्देश्य जिले के लोगों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा इलाज के लिए बाहर जाने की मजबूरी को कम करना था। हालांकि, अब तक दोनों भवनों का पूर्ण रूप से संचालन शुरू नहीं हो सका है। एक भवन में सीमित स्तर पर सेवाएं संचालित हो रही हैं, जबकि दूसरा भवन अब भी उपयोग की प्रतीक्षा में है। अस्पताल की व्यवस्था को लेकर हाल के दिनों में कई घटनाएं चर्चा में रही हैं। कुछ दिन पहले रेफर मरीज को ले जाने के दौरान एंबुलेंस को धक्का देकर स्टार्ट करने का वीडियो सामने आया था। वहीं दो दिन पूर्व अस्पताल की लिफ्ट बीच में फंस जाने से लोग करीब आधे घंटे तक उसमें फंसे रहे। इसके अलावा समय-समय पर दवाओं की कमी की शिकायतें भी सामने आती रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च कर आधुनिक भवन बनाने का उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब अस्पताल में वेंटिलेटर, पर्याप्त दवाएं, सुचारु एंबुलेंस सेवा और सभी आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। मरीजों और उनके परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग से अस्पताल की व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार की मांग की है।

# बैग बरामद, महत्वपूर्ण दस्तावेज व मोबाइल समेत स्वामी को सौंपा गया




**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। रफीगंज थाना क्षेत्र के कजपा निवासी सौरभ कुमार का बैग 7 मई 2026 को गया जाने के दौरान रफीगंज बाजार में गुम हो गया था। मामले में रफीगंज थाना में सनहा संख्या 481/26, दिनांक 12 मई 2026 को दर्ज कराया गया था। मामले की जांच के बाद रफीगंज पुलिस ने गुम हुए बैग को बरामद कर लिया। शनिवार, 2 जुलाई 2026 को बैग में सुरक्षित रखे मोबाइल फोन, पैन कार्ड, आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं सामान उसके वास्तविक स्वामी सौरभ कुमार को विधिवत सुपुर्द कर दिया गया।बैग की बरामदगी में एएसआई राम अवधेश सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बैग और उसमें रखे सभी आवश्यक दस्तावेज सुरक्षित मिलने पर सौरभ कुमार एवं उनके परिजनों ने रफीगंज पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की।


**समाहरणालय, औरंगाबाद**

बिहार सरकार

(जिला योजना कार्यालय)

–: अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :–

Phone No:-06186-222096, Email:aurangabad.dpo-bih@gov.in

मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत, श्री ललन राम माननीय स0वि0स0 कुटुम्बा द्वारा औरंगाबाद जिला अंतर्गत जनता महाविद्यालय लभरी–परसावां अम्बा में भौतिकी, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान तथा भूगोल एवं मनोविज्ञान शास्त्र विषयों के प्रायोगिक उपकरणो के आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु अनुशंसा की गयी है।

उपरोक्त अनुशंसा के आलोक में अनुशंसित महाविद्यालय मे नियमानुसार प्रायोगिक उपकरणों का क्रय/निर्माण एवं आपूर्ति हेतु दिनांक **09.07.2026 को अपराह्न 03:00** बजे तक निर्माता कम्पनी/फर्म ख्याति प्राप्त एजेंसीयों से तकनीकी एवं वित्तीय निविदा (अलग–अलग मुहर बंद लिफाफा में) निम्नलिखित शर्तों के अधीन आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा को दिनांक **09.07.2026 को अपराह्न 03:30** बजे बजे जिला क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता स्वंय या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

माननीय द्वारा अनुशंसित भौतिकी, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान तथा भूगोल एवं मनोविज्ञान शास्त्र विषयों के अलग–अलग अनुशंसा एवं प्रायोगिक उपकरणों की विशिष्टियाँ सहित सूची जिला के वेबसाईट www.aurangabad.nic.in पर उपलब्ध है, जिससे प्राप्त किया जा सकता है अथवा कार्यालय अवधि में अपने निजी खर्च पर निविदा से संबंधित कागजात या सामग्रियों की सूची प्राप्त किया जा सकता है।

**जिला योजना पदाधिकारी,**
**औरंगाबाद**

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**PR. No. 006907 (Planning) 2026-27**

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।


# महुआवां गांव जाने वाली सड़क जर्जर ग्रामीण परेशान, मरम्मत की उठी मांग

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। जिले की ग्रामीण सड़कों की बदहाल स्थिति लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। मदनपुर प्रखंड की महुआवां पंचायत में ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित आंबेडकर नगर जाने वाली सड़क वर्षों से जर्जर अवस्था में है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे, उभरी गिट्टियां और टूटे हिस्से राहगीरों के लिए हादसे का कारण बन रहे हैं। करीब दो किलोमीटर लंबी इस सड़क से बनिया सहित दर्जनों गांवों के लोग आवागमन करते हैं। यही मार्ग प्राणपुर-खिरियावां पथ को भी जोड़ता है, जिससे इसका महत्व और बढ़ जाता है। सड़क की खराब स्थिति के कारण दोपहिया वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल चलने वालों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, आए दिन राहगीर गिरकर घायल होते रहते हैं, जबकि बरसात के मौसम में सड़क की स्थिति और भी बदतर हो जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि जीटी रोड मोती बिगहा पथ से इस सड़क का करीब एक किलोमीटर हिस्सा विभाग द्वारा बसावट का हवाला देकर अधूरा छोड़ दिया गया, जिसके कारण आवागमन और अधिक प्रभावित हो रहा है। लोगों का कहना है कि लंबे समय से सड़क की मरम्मत या निर्माण नहीं होने से परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से जर्जर सड़क की शीघ्र मरम्मत एवं अधूरे हिस्से का निर्माण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सड़क का पुनर्निर्माण नहीं कराया गया तो बरसात के दौरान दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ जाएगी।

# करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गजाधर बिगहा गांव में विद्युत करंट की चपेट में आने से 40 वर्षीय के किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान उस गांव निवासी रामाश्रय यादव के पुत्र ललन यादव के रूप में हुई है। ललन यादव खेती-किसानी करने के साथ-साथ पशु चारा की दुकान भी चलाते थे। गुरुवार दोपहर वह दुकान से घर पहुंचे और वहां से खेत की ओर जाने के लिए निकले। घर के बगल में स्थित मंदिर के पास बिजली का एलटी तार पहले से टूटकर जमीन पर गिरा हुआ था। बताया जाता है कि उन्हें जमीन पर पड़ा तार दिखाई नहीं दिया और जैसे ही वह उसके संपर्क में आए, तेज करंट की चपेट में आ गए। इसके बाद गंभीर अवस्था में उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने प्रारंभिक जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजन शव से लिपटकर बिलख पड़े और अस्पताल परिसर का माहौल गमगीन हो गया। घटना की सूचना मिलने पर नगर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया गया। नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया जाएगा। मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है। घटना के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग से टूटे तारों की नियमित जांच और समय पर मरम्मत की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना न हो।


**समाहरणालय औरंगाबाद**

बिहार सरकार

(जिला योजना कार्यालय)

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना अन्तर्गत, माननीय सांसद श्री राजा राम सिंह द्वारा औरंगाबाद जिला अंतर्गत विभिन्न विद्यालयो/शैक्षणिक संस्थानो में स्टील बुक केस (Bookshelves) आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु अनुशंसा की गयी है।

उपरोक्त अनुशंसा के आलोक में अनुशंसित विद्यालयो/शैक्षणिक संस्थानो मे नियमानुसार स्टील बुक केस (Bookshelves) का क्रय/निर्माण एवं आपूर्ति हेतु दिनांक **09.07.2026** को अपराह्न **03.00** बजे तक निर्माता कम्पनी/फर्म व ख्याति प्राप्त एजेंसीयों से तकनीकी एवं वित्तीय निविदा (अलग–अलग मुहर बंद लिफाफा में) नीचे अंकित शर्तो के अधीन आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा को दिनांक **09.07.2026** को अपराह्न **03.30** बजे जिला क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा। जिसमें निविदादाता स्वयं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

माननीय द्वारा अनुशंसित जिम सामग्री की विशिष्टियों सहित सूची जिला योजना कार्यालय अथवा www.aurangabad.nic.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। जिससे प्राप्त किया जा सकता है।

**जिला यो0 पदाधिकारी,**
**औरंगाबाद**

**PR. No. 006887 (Planning) 2026-27**

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।



**समाहरणालय औरंगाबाद**

बिहार सरकार

(जिला योजना कार्यालय)

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना

सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना अन्तर्गत, माननीय सांसद श्री राजा राम सिंह द्वारा औरंगाबाद जिला अंतर्गत प्रखंड दाउदनगर स्थित कस्तुरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय एकौनी में जिम सामग्री आपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु अनुशंसा की गयी है।

उपरोक्त अनुशंसा के आलोक में अनुशंसित विद्यालय मे नियमानुसार जिम सामग्री का क्रय/निर्माण एवं आपूर्ति हेतु दिनांक **09.07.2026** को अपराह्न **03.00** बजे तक निर्माता कम्पनी/फर्म व ख्याति प्राप्त एजेंसीयों से तकनीकी एवं वित्तीय निविदा (अलग–अलग मुहर बंद लिफाफा में) नीचे अंकित शर्तो के अधीन आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा को दिनांक **09.07.2026** को अपराह्न **03.30** बजे जिला क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा। जिसमें निविदादाता स्वयं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

माननीय द्वारा अनुशंसित जिम सामग्री की विशिष्टियों सहित सूची जिला योजना कार्यालय अथवा www.aurangabad.nic.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। जिससे प्राप्त किया जा सकता है।

**अविनाश प्रकाश**
**जिला योजना पदाधिकारी**
**औरंगाबाद**

**PR- 006925 (Planning) 2026-27**

विस्तृत सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



**समाहरणालय, औरंगाबाद**

बिहार सरकार

(जिला योजना कार्यालय)

Phone No:-06186-222096
Email: aurangabad.dpo-bih@gov.in

–: अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :–

मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत श्री ललन राम, माननीय स0वि0स0 कुटुम्बा द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026–27 में अपने विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कुटुम्बा, नबीनगर एवं देव प्रखंडों में यात्री शेड के अधिष्ठापन हेतु अनुशंसा की गई है। उक्त के आलोक में यात्री शेड के अधिष्ठापन हेतु निविदादाताओं/अपूर्तिकर्त्ताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा Double Bid System के अन्तर्गत निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक **09.07.2026 को 03:00** बजे अप0 तक जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद में प्राप्त की जाएगी। तकनीकी एवं वित्तीय निविदा दो अलग–अलग मुहरबंद लिफाफों में एवं दोनों एक बड़े मुहरबंद लिफाफों में स्वीकार की जाएगी। तकनीकी निविदा संबंधित समिति के सदस्यों के समक्ष अध्यक्ष, निविदा समिति के कार्यालय में दिनांक **09.07.2026 को 03:30** बजे अप0 में खोली जाएगी, जिसमें निविदादाता तथा उसके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति भाग ले सकते है। आमंत्रित करने हेतु निविदा की विस्तृत विशिष्टियाँ एवं शर्त निम्नवत् है :–

| क्र0 | कार्य की विवरणी | यात्री शेड की विशिष्टियाँ | | |
|---|---|---|---|---|
| | यात्री शेड की संख्या संख्या–05 | **Component** | **Specifications** | |
| | | Yatri Shed Size | Size : 5m x 2.2m x 2.5m | |
| | | Pillar Details | Vertical Pillar SS-141 mm x 3 mm<br>Roof Horizontal Pillar SS-141 mm x 3 mm | |
| | | Information Panel | Inter Back Side- 10 Ft. x 4 Ft.<br>Width 125 x 125 x 50 mm | |
| | | Seating | Bench SS 50 mm dia pipe<br>Sitting back rest Pipe SS-110 mm | |
| | | Seating Capacity | 8 | |
| | | Off Grid Solar System | For Power Supply | |
| | | Led Light (Solar Operated) | in background of information panel | |
| | | 6 Amp Charging Socket | For Mobile or Laptop Charging (Solar Operated) | |
| | | Dustbin | SS Dustbin | |
| | | **Dimensions of Yatri Shed:** | | |
| | | **Length** | **Width** | **Height** |
| | | 05 Meter | 2.2 Meter | 2.5 Meter |
| | | **Dimensions of Flooring for access & accessibility of wheel chair** | | |
| | | **Length** | **Width** | |
| | | 06 Meter | 04 Meter | |

निविदा की विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 006885 ( Planning ) 2026-27

**जिला योजना पदाधिकारी, औरंगाबाद**

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# 'वन नेशन, वन स्टूडेंट आईडी' के तहत अपार आईडी जेनरेशन की समीक्षा

## डीएम ने की शिक्षा विभाग की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। जिसमें शिक्षा विभाग, समग्र शिक्षा, मध्याह्न भोजन योजना (पीएम पोषण) तथा योजना एवं लेखा शाखा से संबंधित विभिन्न कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने विभागीय योजनाओं की प्रगति, विद्यालय की अवसंरचना, छात्र हित से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन, वेतन भुगतान तथा विद्यालय निरीक्षण की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम द्वारा जिले में संचालित विद्यालय भवन निर्माण योजनाओं की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिले के अंतर्गत कुल 17 योजनाओं के तहत 25 विद्यालयों एवं भवनों में निर्माण कार्य प्रक्रियाधीन है। इनमें से 15 स्थलों पर कार्य तीव्र गति से संचालित हो रहा है। जबकि कुछ महत्वपूर्ण परियोजनाएं जैसे उच्च माध्यमिक विद्यालय परमलपुर तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय जनैद्पुर का निर्माण कार्य पूर्ण कर संबंधित विभाग को हस्तांतरित किया जा चुका है। समीक्षा के दौरान यह भी सामने आया कि कुछ योजनाएं भूमि विवाद अथवा तकनीकी कारणों से लंबित हैं। इस पर जिला पदाधिकारी ने विशेष रूप से उच्च माध्यमिक विद्यालय साहुरी सहित अन्य लंबित स्थलों के संबंध में संबंधित अंचलाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर अतिक्रमण, भूमि विवाद एवं अन्य बाधाओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ कराया जा सके। समग्र शिक्षा अंतर्गत जिले के सभी प्रखंडों में चयनित मॉडल स्कूलों के सुदृढ़ीकरण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि विभाग द्वारा प्रत्येक मॉडल स्कूल को लघु मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य के लिए पाँच लाख रुपये की राशि उपलब्ध कराई जानी है। इस संबंध में विद्यालयों की आधारभूत संरचना से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन विभाग को भेजा जा चुका है। सत्र 2026-27 के लिए ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर छात्र नामांकन की प्रगति की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में अब तक 5,30,306 छात्रों की प्रविष्टि पूर्ण की जा चुकी है। तथा कुल लक्ष्य का 6.23 प्रतिशत कार्य शेष है। तेघड़ा और बरौनी प्रखंडों में लंबित प्रतिशत अपेक्षाकृत अधिक पाए जाने पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में 'वन नेशन, वन स्टूडेंट आईडी' के अंतर्गत अपार आईडी जनरेशन की समीक्षा की गई।जिसमें बताया गया कि यूडाइज पोर्टल पर अब तक 4,24,092 छात्रों की आईडी जनरेट की जा चुकी है। सदर प्रखंड में सर्वाधिक 35.27 प्रतिशत कार्य लंबित पाया गया। जिसका मुख्य कारण छात्रों के आधार कार्ड का उपलब्ध नहीं होना बताया गया। इस पर जिला पदाधिकारी ने वंचित छात्रों का आधार कार्ड बनवाकर अविलंब अपार आईडी जनरेशन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।मध्याह्न भोजन योजना (पीएम पोषण) की समीक्षा में बताया गया कि जिले के कुल 1,457 विद्यालय इस योजना से आच्छादित हैं। जिनमें 683 प्राथमिक विद्यालय, 747 मध्य विद्यालय तथा 21 पीएम श्री विद्यालय शामिल हैं। योजना के सुचारु संचालन के लिए जिले में कुल 5,058 रसोइया-सह-सहायक कार्यरत हैं। मई की रिपोर्ट के अनुसार जिले में औसतन 68.42 प्रतिशत छात्र इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। मंसूरचक प्रखंड का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा, जबकि वीरपुर और शाम्हो अकहा कुरहा प्रखंडों में लाभान्वित छात्रों का प्रतिशत अपेक्षाकृत कम पाया गया। इस पर जिला पदाधिकारी ने कम प्रदर्शन वाले प्रखंडों में भोजन की गुणवत्ता सुधारने, बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा योजना के प्रभावी संचालन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। बैठक में विभिन्न छात्रवृत्ति एवं कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत डीबीटी की स्थिति की भी समीक्षा की गई। नियोजित माध्यमिक शिक्षकों के वेतन भुगतान की प्रक्रिया जारी है। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, मनोज कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा आकाश कुमार, डीपीओ स्थापना अमृत कुमार, डीपीओ एमडीएम मजहर हुसैन सहित सभी प्रखंडों के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयनित गोवर्धन को किया गया सम्मानित




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** कतीरा स्थित उषा अस्पताल के सभाकक्ष में भारतीय सेना के उच्च पद लेफ्टिनेंट के लिए चयनित जगदेव नगर निवासी विश्वक सेन सिंह के पुत्र गोवर्धन का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अस्पताल के चिकित्सक डॉ. सन्नी सिंह (चर्मरोग एवं सौंदर्य रोग विशेषज्ञ) और डॉ. निधि प्रभाकर (दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ) ने गोवर्धन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. सन्नी सिंह ने कहा कि सेना में उच्च पद पर चयनित होना पूरे भोजपुर जिले के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि उषा अस्पताल में चर्म रोग एवं सौंदर्य से संबंधित आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां मुंहासे व उनके निशान का इलाज, बाल झड़ने की समस्या, तिल-मस्सा हटाने, लेजर हेयर रिमूवल सहित त्वचा संबंधी विभिन्न रोगों का उपचार किया जा रहा है। वहीं डॉ. निधि प्रभाकर ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य और शारीरिक क्षमता के कारण ही गोवर्धन का चयन सेना में संभव हो सका है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में दांतों से संबंधित सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिसमें नया दांत लगाना, दांत निकालना, जबड़े का ऑपरेशन सहित अन्य उपचार शामिल हैं।

सम्मान समारोह में गोवर्धन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता विश्वक सेन सिंह, माता सुमन देवी और चाचा बिनकटेश्वर शर्मा को दिया। उन्होंने कहा कि परिवार के सहयोग और मार्गदर्शन से ही वह इस मुकाम तक पहुंच पाए हैं। इस दौरान उनके पिता और चाचा को भी गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। अस्पताल के निदेशक डॉ. बी.के. प्रभाकर ने कहा कि उषा अस्पताल में भोजपुरवासियों को आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मौके पर पूर्व प्राचार्य बीरेन्द्र कुमार सिंह, पूर्व शिक्षक संघ अध्यक्ष मुक्तेश्वर उपाध्याय, रामजी राय, सियासरण तिवारी, डॉ. बीरेन्द्र यादव, प्रो. जनेश्वर राय, प्रो. गजेन्द्र राय, पूर्व प्राचार्य सुरेन्द्र राय, कमलेश मौआर, ललन चौधरी, हिमांशु शेखर, मंटू चौधरी, सत्यनारायण राय, चितरंजन सिंह, गोलू जी, हरदेव सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# तेल विपणन कंपनियों के दैनिक प्रदर्शन की डीएम ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री निर्देशानुसार जिले में आम उपभोक्ताओं को एलपीजी एवं अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की सुचारू, समयबद्ध और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तेल विपणन कंपनियों के दैनिक प्रदर्शन की सतत समीक्षा की जा रही है। जिले में कार्यरत तीनों प्रमुख तेल विपणन कंपनियों–इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड–की आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था संतोषजनक पाई गई है। बुकिंग एवं डिलीवरी की समीक्षा में यह पाया गया कि दिनांक 1 जुलाई 2026 को जिले में कुल 12,500 नई बुकिंग प्राप्त हुईं। इसके विरुद्ध विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल 11,270 सिलेंडरों/आपूर्ति की सफल डिलीवरी की गई। कंपनीवार डिलीवरी की स्थिति में इंडियन ऑयल द्वारा 6,625, भारत पेट्रोलियम द्वारा 3,354 तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम द्वारा 1,291 डिलीवरी सुनिश्चित की गई।वर्तमान बुकिंग एवं उपलब्ध स्टॉक की स्थिति भी संतोषजनक पाई गई है। जिले में इस समय कुल 33,821 चालू बुकिंग दर्ज हैं। जबकि इसके सापेक्ष 26,843 सिलेंडरों/उत्पादों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। कंपनीवार उपलब्ध स्टॉक में इंडियन ऑयल के पास 12,487, भारत पेट्रोलियम के पास 10,902 तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम के पास 3,454 सिलेंडरों/उत्पादों का स्टॉक उपलब्ध है। बैकलॉग की स्थिति पर समीक्षा के दौरान पाया गया कि जिले में औसत बैकलॉग वर्तमान में मात्र 2.7 दिन है। कंपनीवार बैकलॉग में इंडियन ऑयल का 2.7 दिन, भारत पेट्रोलियम का 2.3 दिन तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम का 3.0 दिन बैकलॉग दर्ज किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा इसे शीघ्रातिशीघ्र न्यूनतम अथवा शून्य स्तर पर लाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने सभी तेल विपणन कंपनियों के अधिकारियों एवं स्थानीय वितरकों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि किसी भी परिस्थिति में आम उपभोक्ताओं को गैस अथवा पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति में किसी प्रकार की असुविधा या किल्लत का सामना नहीं करना पड़े।

# डॉक्टर्स डे पर आइएमए ने नवोदित डॉक्टरों को किया सम्मानित

## चिकित्सकों के सम्मान, अधिकार एवं सुरक्षा के लिए भारतीय चिकित्सा संघ हर परिस्थिति में तैयार : डॉ पंकज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिले की भारतीय चिकित्सा संघ द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर बुधवार को आइएमए भवन में सैकड़ो नवोदित चिकित्सक को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आइएमए बेगूसराय के अध्यक्ष डॉ ए के राय ने की, जबकि मंच संचालन डॉ रामरेखा ने अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, बरौनी के कार्यकारी निदेशक सत्य प्रकाश एवम विशिष्ट अतिथी सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार थे। इस अवसर पर आइएमए बेगूसराय द्वारा पिछले



तीन वर्षों के दौरान आइएमए की सदस्यता ग्रहण करने वाले लगभग 100 नवसदस्य चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। सभी नवसदस्यों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। अपने संबोधन में आइएमए के सचिव डॉ पंकज कुमार सिंह ने कहा कि नवसदस्य चिकित्सकों का सम्मान करना केवल एक औपचारिकता नहीं बल्कि उन्हें प्रोत्साहित करने और उनके आत्मविश्वास को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि युवा चिकित्सक पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं निर्भीकता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने विश्वास दिलाया कि प्रत्येक चिकित्सक के सम्मान, अधिकार एवं सुरक्षा के लिए भारतीय चिकित्सा संघ हर परिस्थिति में उनके साथ दृढ़ता से खड़ा है और भविष्य में भी सदैव उनके हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। कार्यक्रम में डॉ कामिनी राय ने भारत रत्न डॉ बिधान चंद्र राय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डॉ बी. सी. राय का जीवन सेवा, समर्पण, अनुशासन और चिकित्सा के प्रति उत्कृष्ट प्रतिबद्धता का अनुपम उदाहरण है। जिससे प्रत्येक चिकित्सक को प्रेरणा लेनी चाहिए।अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ ए के राय ने सभी चिकित्सकों को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि समाज की सेवा ही चिकित्सकों का सर्वोच्च धर्म है। उन्होंने आइएमए बेगूसराय को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के लिए सभी सदस्यों से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। समारोह में लगभग 200 चिकित्सकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों ने एक-दूसरे को डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएँ दीं तथा संगठन की एकता एवं चिकित्सा सेवा के उच्च आदर्शों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# स्वच्छता कार्यों का अधिकारियों ने लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देश के आलोक में जिला अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में सुबह 6 बजे से संचालित स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, प्रखंड समन्वयकों तथा जिला स्तरीय टीम द्वारा किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पंचायतों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता कर्मियों की कार्यप्रणाली तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था की जमीनी स्थिति का आकलन करना था। इसी क्रम में उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी द्वारा प्रातः 7 बजे से बरौनी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पपरौर, महना एवं नूरपुर के विभिन्न वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा उठाव कार्य, वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट तथा स्वच्छता से जुड़ी व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत पपरौर में डब्लूपीयू एवं नाडेप इकाई का अवलोकन किया गया। यहां गीले कचरे से तैयार किए जा रहे कम्पोस्ट खाद की प्रक्रिया का निरीक्षण किया गया तथा डब्लूपीयू पर स्वच्छता कर्मियों द्वारा अपशिष्ट के पृथक्करण (सेग्रिगेशन) कार्य पर संतोष व्यक्त किया गया। पपरौर पंचायत के वार्ड संख्या 11, 12 एवं 3 में डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्य करते स्वच्छता कर्मियों से मिलकर उनके कार्यों, सामने आने वाली समस्याओं, यूजर चार्ज संग्रहण की स्थिति तथा मानदेय भुगतान से संबंधित जानकारी ली गई। ग्राम पंचायत महना में वार्ड संख्या 08, 07 एवं 05 का निरीक्षण किया गया। यहां ई-रिक्शा के माध्यम से कचरा उठाव की व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा महना डब्लूपीयू का निरीक्षण कर लॉगबुक संधारण की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि प्रतिदिन डब्लूपीयू पर जमा होने वाले ठोस अपशिष्ट एवं प्लास्टिक कचरे की मात्रा किलोग्राम में दर्ज की जाए। ताकि अपशिष्ट प्रबंधन की प्रगति का नियमित आकलन किया जा सके। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ पैडल रिक्शों पर लगे डस्टबिन क्षतिग्रस्त हैं, जिस पर उन्हें अविलंब बदलने का निर्देश दिया गया। साथ ही ग्राम पंचायत के 15वें वित्त आयोग की राशि से स्वच्छता कर्मियों के लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने को कहा गया। ग्राम पंचायत नूरपुर में वार्ड संख्या 1, 2, 3, 4 एवं 05 का निरीक्षण किया गया, जहां ई-रिक्शा से कचरा संग्रहण कार्य की समीक्षा की गई तथा डब्लूपीयू का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता कर्मियों ने बताया कि उनका मानदेय दिसंबर 2025 से लंबित है, जिसके कारण उन्हें आर्थिक एवं कार्यगत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर उप विकास आयुक्त ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि ग्राम पंचायत के 15वें वित्त आयोग की राशि से अगस्त 2025 से अद्यतन लंबित मानदेय का अविलंब भुगतान कराया जाए, ताकि स्वच्छता कार्य बाधित न हो।

# लापता किशोर बरामद

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** करीब डेढ़ माह से लापता किशोर को नावकोठी पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। बरामदगी के बाद पुलिस ने उसे अपने संरक्षण में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। किशोर को न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, बेगमपुर वार्ड संख्या-2 निवासी ओमप्रकाश महतो के पुत्र आदर्श कुमार बीते 16 मई से लापता था। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चलने पर नावकोठी थाना में कांड संख्या 88/26 दर्ज कराया गया था। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। जांच के क्रम में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आदर्श कुमार को बेगमपुर से सकुशल बरामद कर लिया।

# विशेष भूमि सर्वेक्षण कार्य होगा चरणबद्ध

## 35 राजस्व ग्रामों में सर्वेक्षण कार्य है जारी, 15 में पूरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** नावकोठी अंचल क्षेत्र में चल रहे विशेष भूमि सर्वेक्षण अभियान में लगातार प्रगति हो रही है। अंचल प्रशासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 35 राजस्व ग्रामों में सर्वेक्षण कार्य जारी है, जिनमें से अब तक 15 राजस्व ग्रामों में किस्तवार कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। अंचल प्रशासन के अनुसार जिन मौजों में किस्तवार कार्य पूर्ण हुआ है, उनमें वृंदावन (थाना संख्या-204), मथुरापुर (254), कमलपुर (205 एवं 209), करेयटार (259), बहादुरपुर (203, 211 एवं 212), इब्राहिमपुर (208), फकीरना (261), गुरुदान (182), अब्बूपुर (207), नीरपुर (252), गम्हरिया (184) तथा मनेरपुर (249) शामिल हैं।

प्रशासन ने बताया कि अब्बूपुर (थाना संख्या-207) और बहादुरपुर (थाना संख्या-203) मौजा में खानापुरी कार्य भी पूरा कर लिया गया है। 20 जून 2026 को दोनों मौजों के संबंधित रैयतों के बीच खानापुरी पर्चा का सफलतापूर्वक वितरण किया गया। जिन अन्य मौजों में किस्तवार कार्य पूर्ण हो चुका है, वहां भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत जल्द ही खानापुरी पर्चा वितरित किया जाएगा। अंचल प्रशासन ने बताया कि खानापुरी पर्चा प्राप्त करने के बाद यदि किसी भू-स्वामी या रैयत को प्रपत्र-8 में दर्ज विवरण पर कोई दावा या आपत्ति हो, तो वे आवश्यक अभिलेखों के साथ संबंधित दावा-आक्षेप शिविर में आवेदन कर सकते हैं। नियमानुसार पर्चा वितरण की तिथि से 30 कार्य दिवस के भीतर दावा एवं आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है। प्रशासन ने सभी संबंधित भू-स्वामियों और रैयतों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर दावा या आपत्ति दर्ज कराने की अपील की है। साथ ही कहा है कि विशेष भूमि सर्वेक्षण से जुड़ी किसी भी जानकारी या सहायता के लिए संबंधित सर्वेक्षण शिविर कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला की तैयारियों की समीक्षा

## श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा है प्रशासन की प्राथमिकता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिले के सुल्तानगंज में एक महीने तक चलने वाले विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जिलाधिकारी अलंकृता पांडे की अध्यक्षता में आज एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। जिला समाहरणालय स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित इस बैठक में सुल्तानगंज के श्रावणी मेला क्षेत्र में चल रही तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव भी मौजूद थे। जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र में विभिन्न स्टेजों के निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनने वाले लेजर शो एवं लाइटिंग की व्यवस्था को आधुनिक, भव्य एवं आकर्षक बनाने पर विशेष जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को



समुचित कार्ययोजना के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, स्वास्थ्य, सुरक्षा, यातायात, बैरिकेडिंग तथा अन्य विभागों द्वारा कराई जा रही तैयारियों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी श्रीमती पांडेय ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक व्यवस्था समय पर पूर्ण करने तथा गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी विभाग पूरी तत्परता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। बैठक में नगर आयुक्त किसलय कुशवाहा, अपर समाहर्ता दिनेश राम, अपर समाहर्ता धीरेंद्र कुमार मिश्रा, अपर समाहर्ता (विधि-व्यवस्था) राकेश रंजन, गोपनीय शाखा प्रभारी सुधीर कुमार, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर विकास कुमार सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ट्रेन से गिरने से युवक की मौत

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** तेयाय ओपी क्षेत्र के लखनपुर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या-1 अतरुआ गांव में गुरुवार को उस वक्त मातमी सन्नाटा पसर गया, जब 18 वर्षीय नितु कुमार उर्फ लालो का शव पैतृक घर पहुंचा। शव वाहन की सायरन सुनते ही गांव के लोग दौड़ पड़े और स्वजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। नितु चार भाइयों में दूसरे नंबर पर था। बड़ा भाई नितिश की शादी एक माह पूर्व हुई थी और उसी शादी में शामिल होने के लिए वह बेंगलुरु से गांव आया था। उससे छोटे दो भाई किशन और अनुराग हैं। ग्रामीणों ने बताया कि नितु ही घर का कमाऊ पूत था। बड़े भाई की शादी में हुए खर्च के कारण परिवार पर कर्ज बढ़ गया था। मंगलवार सुबह वह पिता अरविंद साह के साथ कमाने के लिए बेंगलुरु रवाना हुआ था। बुधवार सुबह सूचना मिली कि जबलपुर रेलवे स्टेशन से पहले ट्रेन से गिरने के कारण नितु की मौत हो गई। खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई और लोग उसके घर पहुंचने लगे।

# रालोमो के सभी प्रकोष्ठों का जल्द होगा गठन

## 9 जुलाई को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में हजारों कार्यकर्ता होंगे शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग-19 किनारे कथरुआ गांव के वार्ड संख्या-1 स्थित राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के पार्टी कार्यालय में गुरुवार को जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता रालोमो जिलाध्यक्ष सह टेंगरा पंचायत के मुखिया अरुण कुमार मेहता व संचालन जैनेंद्र कुशवाहा ने की। बैठक में जिले के सभी प्रखंड अध्यक्षों के साथ संगठन की मजबूती, कमिटी विस्तार तथा आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अरुण कुमार मेहता ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। जल्द ही मुख्य विंग के साथ-साथ युवा, महिला, किसान, छात्र एवं चिकित्सक प्रकोष्ठ का गठन एवं चुनाव की प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन के बल पर रालोमो जिले में नई पहचान बनाएगी और पार्टी के



राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा की नीतियों एवं विचारों को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने का अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 9 जुलाई को रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के बलिगांव में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा बिहार लेनिन जगदेव प्रसाद की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। कार्यक्रम में रालोमो के हजारों कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर भाग लेंगे और निर्धारित समय व रूट चार्ट के अनुसार कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर उनका स्वागत करेंगे। बैठक में बारुण प्रखंड अध्यक्ष सह कंचनपुर पंचायत के मुखिया बसंत कुमार मेहता, रफीगंज प्रखंड अध्यक्ष चंदन चंद्रवंशी, मदनपुर प्रखंड अध्यक्ष शमशेर सिंह, देव प्रखंड अध्यक्ष दुर्गा कुमार, कुटुंबा प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र मेहता, जिला उपाध्यक्ष तपस्या वर्मा, नवीनगर प्रखंड अध्यक्ष शमरेश उर्फ पप्पू पांडेय, नवीनगर दक्षिणी प्रखंड अध्यक्ष कामाख्या नारायण कुशवाहा, ओबरा प्रखंड अध्यक्ष जमुना राम, दाउदनगर प्रखंड अध्यक्ष अमन कुमार, गोह प्रखंड अध्यक्ष राजीव उर्फ गुड्डू कुशवाहा, हसपुरा प्रखंड अध्यक्ष लाल बहादुर सिंह उर्फ श्रीकांत कुमार वर्मा, सदर प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार वर्मा, भोला मेहता, दिनेश कुमार मेहता, सुनील कुमार, मुनिलाल मेहता, चंद्रलोक कुमार, मृत्युंजय मेहता उर्फ दीपक, धीरेंद्र कुमार मेहता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एसएसपी ने 785 दागियों को दिलाई शपथ

## अपराध छोड़ मुख्यधारा से जुड़ने की दी नसीहत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** अपराध नियंत्रण, अपराधियों की निगरानी और समाज में शांति एवं कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से धनबाद पुलिस ने गुरुवार को पुलिस लाइन में एक ऐतिहासिक पहल की। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के चिन्हित 785 दागी व्यक्तियों की सामूहिक परेड वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के समक्ष कराई गई। बताया गया कि झारखंड में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में चिन्हित दागी व्यक्तियों की एक साथ परेड आयोजित की गई है। आगे भी यह इस तरह की पेशी समय समय पर की जाएगी।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, परेड में शामिल अधिकांश व्यक्ति विभिन्न आपराधिक मामलों में आरोपित हैं या पूर्व में जेल जा चुके हैं। इन सभी की वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा करने, उनका सत्यापन करने तथा भविष्य में अपराध की पुनरावृत्ति रोकने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी दागी व्यक्तियों का सत्यापन किया गया तथा उनकी अद्यतन जानकारी पुलिस अभिलेखों में दर्ज की गई।

परेड को संबोधित करते हुए एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजना नहीं, बल्कि समाज में अपराध को जन्म लेने से पहले रोकना भी है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी गलतियों को सुधारने और सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिलना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति अपराध का रास्ता छोड़कर ईमानदारी से सामान्य नागरिक की तरह जीवन व्यतीत करता है तो धनबाद पुलिस उसका पूरा सहयोग करेगी।

एसएसपी ने यह भी घोषणा की कि जिन लोगों का आचरण अच्छा रहेगा, जो लंबे समय तक किसी भी आपराधिक गतिविधि में शामिल नहीं होंगे तथा सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे, उनका नाम दागी सूची से हटाने पर विचार किया जाएगा। वहीं यदि किसी व्यक्ति का नाम किसी मुकदमे में गलत कारणों से दर्ज हो गया हो और उसका अपराध से कोई संबंध न हो, तो ऐसे लोगों को अपनी बेगुनाही साबित करने का पूरा अवसर दिया जाएगा।

हालांकि उन्होंने स्पष्ट चेतावनी भी दी कि यदि कोई व्यक्ति अपराध की दुनिया में दोबारा लौटता है तो उसके विरुद्ध कानून के तहत और भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि धनबाद पुलिस अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है तथा किसी भी परिस्थिति में कानून व्यवस्था से समझौता नहीं किया जाएगा।

इस अवसर पर सभी दागी व्यक्तियों को सामूहिक रूप से शपथ दिलाई गई कि वे भविष्य में किसी भी प्रकार के अपराध, गैर-सामाजिक गतिविधि अथवा कानून-विरोधी कार्य में शामिल नहीं होंगे। साथ ही वे समाज में एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी पहचान बनाएंगे तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करेंगे।

परेड समाप्त होने के बाद सभी 785 दागी व्यक्तियों की फोटोग्राफी एवं पहचान संबंधी विवरण अद्यतन किए गए। इन आंकड़ों के आधार पर थाना स्तर पर नई दागी सूची तैयार की जा रही है, ताकि चिन्हित व्यक्तियों की गतिविधियों पर नियमित निगरानी रखी जा सके। धनबाद पुलिस का मानना है कि इस तरह की पहल से अपराध पर प्रभावी नियंत्रण, अपराधियों की सतत निगरानी तथा समाज में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी।

## कैदियों के लिए अनूठी पहल की शुरूआत

चाईबासा। मंडल कारा चाईबासा में बंदियों को सजा काटने के साथ-साथ उनके जीवन को सकारात्मक दिशा देने के लिए अनूठी पहल की शुरूआत की गई है। उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देश पर जेल में प्रोजेक्ट परिवर्तन के तहत औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती से संबंधित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। आरसेटी के सहयोग से आयोजित यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम 2 जुलाई से 11 जुलाई तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान जेल के बंदियों को औषधीय और सुगंधित पौधों की वैज्ञानिक खेती करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि प्रोजेक्ट परिवर्तन का मुख्य उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि आपको आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा से सम्मानपूर्वक जोड़ना है।

उन्होंने कहा कि जेल से रिहा होने के बाद यही हुनर आपके लिए रोजगार और सम्मानजनक जीवन का आधार बनेगा।

# बिना लाइसेंस के नहीं बेच सकेंगे खाद और कीटनाशक




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** जिले में बिना लाइसेंस के बीज, उर्वरक और कीटनाशकों का कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। खरीफ मौसम के दौरान बढ़ती मांग को देखते हुए जिला कृषि विभाग लगातार छापा मार रही है।

गत दिनों बलियापुर में भी छापा मारा गया था। जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक मिश्र ने आम सूचना जारी कर कहा है कि बिना वैध अनुज्ञप्ति के बीज, खाद और कीटनाशकों की खरीद-बिक्री पूरी तरह गैरकानूनी है। नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यवसायियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि खरीफ सीजन में धान के बीज, खाद और कीटनाशकों की मांग बढ़ने के साथ कई व्यापारी और सामान्य राशन दुकानदार बिना लाइसेंस इनका व्यापार शुरू कर देते हैं। इससे नकली खाद, अमानक बीज, प्रतिबंधित कीटनाशकों की बिक्री और जमाखोरी की आशंका बढ़ जाती है, जिसका सीधा नुकसान किसानों को उठाना पड़ता है। जिला कृषि कार्यालय ने सभी व्यवसायियों और विक्रेताओं को कारोबार शुरू करने से पहले संबंधित विभाग से वैध अनुज्ञप्ति लेने का निर्देश दिया है। साथ ही किसानों से अपील की गई है कि वे केवल लाइसेंसधारी विक्रेताओं से ही कृषि सामग्री खरीदें, पक्का बिल अवश्य लें और किसी भी अनियमितता की सूचना तत्काल कृषि विभाग को दें, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# कोर्ट में एक हुए जीवनसाथी, बच्चों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लातेहार।** न्यायालय परिसर में एक ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने वहां मौजूद हर व्यक्ति को भावुक कर दिया। लंबे समय से अलग रह रहे कृति देवी और उनके पति जस कुमार उरांव ने आपसी मतभेदों को पीछे छोड़ते हुए फिर से एक साथ जीवन बिताने का निर्णय लिया।

जैसे ही दोनों ने समझौते पर सहमति जताई और न्यायालय से साथ बाहर निकले, उनके तीनों बच्चे दीपक उरांव, रीमा कुमारी और प्रिया कुमारी के चेहरों पर खुशी साफ झलकने लगी। कुछ देर पहले तक कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा बना यह परिवार देखते ही देखते फिर से एक छत के नीचे लौटने की उम्मीद के साथ घर के लिए रवाना हुआ।

न्यायालय परिसर में मौजूद अधिवक्ताओं, कर्मियों और स्वजन ने इस पल का स्वागत किया। यह सफलता जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में संचालित मध्यस्थता केंद्र के सतत प्रयासों का परिणाम रही। प्रशिक्षित मध्यस्थ सह बार एसोसिएशन लातेहार के अध्यक्ष लाल अरविंद नाथ शहदेव ने धैर्यपूर्वक दोनों पक्षों की बात सुनी और उन्हें रिश्ते की अहमियत का एहसास कराया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिवम चौरसिया, अधिवक्ता रंजन यादव और बिरसा उरांव ने भी लगातार संवाद की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। कई दौर की बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से अपने विवाद का पटाक्षेप कर दिया। इस समझौते की सबसे बड़ी खुशी उन तीन मासूम बच्चों के हिस्से आई, जिन्हें अब फिर से माता और पिता दोनों का स्नेह एक साथ मिलेगा।

स्वजन ने भी राहत की सांस ली और इसे नई शुरूआत बताया। न्यायालय परिसर में मौजूद लोगों का कहना था कि मुकदमे जीतने से कहीं अधिक सुख परिवार के फिर से जुड़ने में है। जब बिखरे रिश्ते जुड़ते हैं तो सबसे बड़ी जीत इंसानियत की होती है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अधिकारियों ने बताया कि मध्यस्थता केंद्र का उद्देश्य केवल विवाद समाप्त करना नहीं, रिश्तों में संवाद कायम कर परिवारों को टूटने से बचाना भी है। यह मामला उसी सोच का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया।

कृति देवी और जस कुमार उरांव के परिवार के फिर से एक होने से यह संदेश भी गया कि धैर्य, संवाद और आपसी विश्वास के सहारे वर्षों पुराने मतभेद समाप्त किए जा सकते हैं। सोमवार को न्यायालय परिसर से विदा हुआ यह परिवार अपने साथ समझौते के साथ एक नई उम्मीद, नया विश्वास व तीन बच्चों के सुनहरे भविष्य की मुस्कान भी लेकर गया।

# एसआइआर ने पकड़ी रफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान ने बुधवार को सदर प्रखंड में रफ्तार पकड़ ली।

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ घर-घर पहुंचकर मतदाताओं के बीच गणना (इन्यूमरेशन) प्रपत्र का वितरण कर रहे हैं। इस दौरान वालंटियर्स एवं बीएलओ सहायकों ने भी मतदाताओं को प्रपत्र भरने और जमा करने में सहयोग किया।

अभियान की निगरानी बीएलओ पर्यवेक्षक लगातार कर रहे हैं, ताकि प्रत्येक पात्र मतदाता तक गणना प्रपत्र समय पर पहुंचे और उसका संग्रहण भी निर्धारित अवधि में हो सके। वालंटियर्स मतदाताओं को प्रपत्र भरने की प्रक्रिया समझाने के साथ आवश्यक जानकारी भी उपलब्ध करा रहे हैं।

बीएलओ पर्यवेक्षक नारद मंडल ने रामचंद्रपुर पंचायत के गुलदाहा गांव स्थित बूथ संख्या-347 तथा नवादा पंचायत के बूथ संख्या-350 एवं 354 का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि संबंधित बूथों पर गणना प्रपत्र का वितरण जारी है और मतदाताओं से निर्धारित समय के भीतर प्रपत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराने की अपील की जा रही है।

बीडीओ सह सीओ अरविंद कुमार बेदिया ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के तहत बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण एवं संग्रहण कर रहे हैं।

उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि प्रपत्र में सही जानकारी भरें, नवीनतम फोटो चिपकाएं, हस्ताक्षर करें तथा भरा हुआ प्रपत्र बीएलओ को सौंपकर उसकी पावती अवश्य प्राप्त करें।

उन्होंने सभी बीएलओ, बीएलओ सहायकों, वालंटियर्स तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के बीएलए-2 प्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही मतदाता सूची पूरी तरह अद्यतन, पारदर्शी और त्रुटिरहित बन सकेगी।

# नदियों से बालू का अवैध खनन जारी, राजस्व को लगाया जा रहा चूना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड के विभिन्न नदियों बराकर नदी व इरगा नदी के दलांगी, हरदिया, पंदनाखुर्द, चानो ,रजमनियां , बाराडीह ,झरखी, गारागुरो , खुरजियो, नगलो , जमडीहा, पेशम , विजयडीह आदि घाट में अवैध बालू खनन और परिवहन का कारोबार बेखौफ तरीके से हो रहा है। नाम नहीं छापने के शर्त पर स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नाम अखबार में छपते ही तस्करों मारपीट व झूठा मुकदमा में फंसा देंगे, प्रशासन भी तस्करों को संरक्षण दे रहा है।

प्रखंड की संबंधित नदियों से प्रतिदिन अवैध रूप से बालू का उठाव कर ट्रैक्टरों और अन्य वाहनों से खुलेआम परिवहन किया जा रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग और प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में न तो एनजीटी के निदेर्शों का पालन होता दिखाई दे रहा है और न ही खनन विभाग या प्रशासन की कार्रवाई का कोई भय बालू माफियाओं में नजर आता है।

दिनदहाड़े नदियों से बालू निकालकर विभिन्न स्थानों दूसरे प्रखंड धनवार देवरी, तिसरी, मरकच्चो, डुमरी, बगोदर, विष्णुगढ़ हजारीबाग तक पहुंचाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि प्रखंड में चल रहे कई सरकारी निर्माण कार्यों में भी ठेकेदार रायल्टी जमा करने के नाम पर अवैध स्रोतों से बालू मंगा रहा है। इससे सरकारी योजनाओं में नियमों के पालन को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि बालू वैध खनन पट्टों से लाया जा रहा है तो उसकी जांच और सत्यापन होना चाहिए।स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, खनन विभाग से अवैध बालू खनन और परिवहन पर तत्काल रोक लगाने,व दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा सरकारी निर्माण कार्यों में उपयोग हो रहे बालू की जांच कराने की मांग की है, ताकि सरकार व विभाग को राजस्व घाटा न हो।

बराकर नदी के दलांगी घाट में करोड़ों की लागत से बन रहा नवनिर्मित पुल के पास से बालू का अवैध तरीके से उठाव हो रहा है। उसके बाद भी पुल निर्माण विभाग के पदाधिकारी चुप है।

## आज गुल रहेगी बिजली

**गढ़वा।** डंडई विद्युत शक्ति उपकेंद्र में 11 केवी स्विच ब्रेकर लाइन की मेंटेनेंस, साफ-सफाई तथा 33 केवी का नया ब्रेकर लगाने का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही चिनिया के 33 केवी फीडर में भी नया आउटगोइंग ब्रेकर स्थापित किया जाएगा। विद्युत विभाग के कर्मी आजाद खान ने बताया कि इस कार्य के कारण आज एवं 3 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक तथा दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित अवधि के दौरान आवश्यक कार्य पहले से निपटा लें तथा विद्युत विभाग के रखरखाव कार्य में सहयोग करें। विभाग ने बताया कि मेंटेनेंस एवं ब्रेकर स्थापना का उद्देश्य विद्युत आपूर्ति को अधिक सुरक्षित, सुचारु और विश्वसनीय बनाना है।

# डीआरएम ने संघ की मांगों पर कार्रवाई का दिया आश्वासन

## एक सप्ताह के भीतर जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की कही बात

**नवबिहार टाइम्स संव्वाददाता**

**धनबाद।** रेलवे पार्किंग ठेकेदार द्वारा कथित मनमानी, अवैध वसूली, ई-रिक्शा चालकों के साथ दुर्व्यवहार तथा रेलवे स्टेशन क्षेत्र में अव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था के विरोध में झारखंड ई-रिक्शा टोटो संघ द्वारा आज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद के समक्ष गुरूवार को विशाल धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना में सैकड़ों की संख्या में ई-रिक्शा टोटो चालक एवं संघ के पदाधिकारी शामिल हुए।

धरना-प्रदर्शन के दौरान ई-रिक्शा चालकों ने रेलवे पार्किंग ठेकेदार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए अवैध वसूली बंद करने, निर्धारित पार्किंग शुल्क लागू करने, वैध रसीद देने, दुर्व्यवहार पर रोक लगाने तथा ई-रिक्शा पार्किंग व्यवस्था को नियमित करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लंबे समय से चालक समुदाय को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन बार-बार शिकायत एवं ज्ञापन देने के बावजूद रेलवे प्रशासन द्वारा अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई।

धरना के बाद मंडल रेल प्रबंधक, धनबाद द्वारा संघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ गोलमेज वार्ता आयोजित की गई। वार्ता में संघ की ओर से रेलवे पार्किंग ठेकेदार द्वारा कथित अवैध वसूली, पार्किंग शुल्क की रसीद नहीं दिए जाने, निर्धारित दरों का पालन नहीं होने, यात्रियों को छोड़ने एवं लेने आने वाले ई-रिक्शाओं से शुल्क वसूली, स्टेशन क्षेत्र से होकर गुजरने वाले वाहनों से जबरन शुल्क लेने, पार्किंग कर्मियों के दुर्व्यवहार, पार्किंग स्थल की बदहाल स्थिति तथा ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन नहीं बनाए जाने जैसे मुद्दों को प्रमुखता से रखा गया।

वार्ता के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने संघ की मांगों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया तथा कहा कि एक सप्ताह के भीतर पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ई-रिक्शा पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने एवं चालकों की समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने की बात भी कही। वार्ता समाप्त होने के बाद संघ के संरक्षक बैभव सिन्हा ने सम्मेलन कक्ष के बाहर धरना स्थल पर प्रतीक्षा कर रहे सैकड़ों ई-रिक्शा चालकों को वार्ता की पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आंदोलन की एकता और शक्ति के कारण रेलवे प्रशासन को चालक समुदाय की समस्याओं पर गंभीरता से संज्ञान लेना पड़ा है। डीआरएम द्वारा एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई के आश्वासन की जानकारी मिलते ही उपस्थित चालक साथियों में उत्साह फैल गया और सभी ने एकजुट होकर आंदोलन की सफलता पर खुशी व्यक्त की।

संघ के अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि यह धरना केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि ई-रिक्शा चालकों के सम्मान, आजीविका और अधिकारों की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि चालक अब किसी भी प्रकार की मनमानी, धमकी, अवैध वसूली और अपमान को स्वीकार नहीं करेंगे।

संघ के संरक्षक बैभव सिन्हा ने कहा कि झारखंड ई-रिक्शा टोटो संघ ने हमेशा लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें रखी हैं। आज का विशाल प्रदर्शन यह स्पष्ट संदेश है कि यदि चालक समुदाय के साथ अन्याय होगा, तो संघ संगठित होकर उसका जवाब देगा।

मौके पर उपस्थित पूर्व यूथ कांग्रेस अध्यक्ष मनोज सिंह ने कहा कि डीआरएम द्वारा दिए गए एक सप्ताह के आश्वासन का संघ सम्मान करता है, लेकिन यदि निर्धारित समय के भीतर दोषी पार्किंग ठेकेदार एवं संबंधित कर्मियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तथा ई-रिक्शा पार्किंग व्यवस्था को पारदर्शी और नियमित नहीं किया गया, तो संघ आंदोलन को और व्यापक एवं निर्णायक रूप देगा।

संघ ने रेलवे प्रशासन से मांग की कि पार्किंग ठेकेदार की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच कराई जाए, निर्धारित शुल्क का पालन सुनिश्चित हो, प्रत्येक भुगतान पर वैध रसीद दी जाए, केवल यात्रियों को छोड़ने-लेने अथवा स्टेशन क्षेत्र से होकर गुजरने वाले ई-रिक्शाओं से जबरन शुल्क वसूली बंद हो, पार्किंग स्थल की सफाई एवं रखरखाव हो तथा ई-रिक्शा चालकों के लिए स्पष्ट एवं स्थायी पार्किंग व्यवस्था लागू की जाए। धरना-प्रदर्शन में संघ के संरक्षक बैभव सिन्हा, अध्यक्ष अनिल यादव, यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मनोज सिंह, संस्थापक मुन्ना कुशवाहा, शैलेश कुमार, राजू वर्मा, अमित साव, राजेश सिंह, राजेश राम, पवन साव, धर्मेंद्र कुमार, मासूम अली, गुलजार अहमद, विष्णु कुमार सहित बड़ी संख्या में ई-रिक्शा चालक एवं संघ के सदस्य उपस्थित थे।

# सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के जिम्मे झारखंड टूरिज्म की ब्रांडिंग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** झारखंड में धार्मिक-पर्यटन को विकसित कर रोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में हेमंत सरकार ने पहल तेज कर दी है। खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य में पर्यटन की असीम संभावनाओं को उभार देने के लिए बीते दिन रांची के जोन्हा वाटर फॉल पहुंच कर सोशल मीडिया पर कई तस्वीरों को साझा किए हैं।

इसके बाद नगर विकास एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने राज्य में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए तकरीबन 110 सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को आधिकारिक तौर पर एप्रूव किया है जो झारखंड टूरिज्म का स्टेक होल्डर बनकर काम करेंगे।

ये सभी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर झारखंड की प्राकृतिक संपदा, खूबसूरती, धर्म, पर्यटन, कला व संस्कृति से जुड़े रील्स, वीडियो व अन्य अहम जानकारियों का स्क्रिप्ट तैयार कर डिजिटल माध्यम से इसकी जानकारी जन-जन तक पहुंचाएंगे।

इधर सरकार की मंशा के अनुरूप झारखंड की उपराजधानी दुमका में भी धर्म व पर्यटन को बढ़ावा देने की पहल आने वाले दिनों तेज होने वाली है। बुधवार को दुमका समाहरणालय में आयोजित जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद की बैठक में कई अहम प्रस्ताव लिए गए हैं।

खास बात यह कि इस बैठक में मौजूद दुमका के सांसद व कई विधानसभा क्षेत्रों से आए विधायकों ने जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण, आधारभूत संरचनाओं के विकास एवं नए पर्यटन स्थलों को विकसित करने को लेकर अहम सुझाव दिए हैं।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों के विकास के लिए व्यवहारिक एवं दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार की जाएगी। पर्यटन स्थलों तक बेहतर सड़क संपर्क, डिजिटल प्रचार-प्रसार, स्थानीय कला एवं संस्कृति का संरक्षण, स्थानीय उत्पादों के विपणन तथा पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही स्थानीय युवाओं को पर्यटन गतिविधियों से जोड़कर स्वरोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा।

# सीकेडी 'साइलेंट किलर' के खिलाफ जागरूकता अभियान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

धनबाद। भारत में क्रॉनिक किडनी डिजीज यानी सीकेडी एक बड़े स्वास्थ्य संकट के रूप में उभर रही है। देश में 13.8 करोड़ से ज्यादा वयस्क सीकेडी से प्रभावित हैं और हर साल 2.2 लाख नए मरीजों को डायलिस की जरूरत पड़ती है। 2011 से 2023 के बीच 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में सीकेडी के मामले 11.12% से बढ़कर 16.38% हो गए हैं। सबसे चिंताजनक बात ये है कि 90% से अधिक लोगों का निदान तब होता है जब बीमारी अंतिम अवस्था में पहुंच जाती है। इसी 'साइलेंट किलर' से लड़ने के लिए डॉ. मिहिर किडनी केयर हॉस्पिटल पिछले 1 साल से झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल के मरीजों को विशेषज्ञ किडनी देखभाल दे रहा है। ये धनबाद का एकमात्र समर्पित किडनी हॉस्पिटल है। डॉ. मिहिर कुमार ने कहा, ₹सीकेडी शुरूआती स्टेज में कोई लक्षण नहीं दिखाती। मरीज को तब पता चलता है जब डायलिस या ट्रांसप्लांट ही विकल्प बचता है। हमारा मिशन है कि हर डायबिटीज और बीपी के मरीज हर साल यूरिन टेस्ट जरूर कराएं।

# जापान विज्ञान कार्यक्रम में पहुंची जागृति, झारखण्ड का नाम किया रौशन

## स्वाध्याय से हासिल किया मुकाम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा। कौन** कहता है आसमान में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारो, इस उक्ति को स्थानीय प्लस टू उच्च विद्यालय की पूर्व छात्रा जागृति कुमारी ने सच साबित कर दिखाया है।

साधारण परिवार से आने वाली सरकारी विद्यालय की इस मेधावी छात्रा ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर जापान विज्ञान कार्यक्रम में भाग लेकर न केवल विद्यालय और परिवार, बल्कि पूरे प्रखंड का नाम रोशन किया है।

गुरुवार को विद्यालय परिसर में आयोजित शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी सह सम्मान समारोह में जागृति को प्रशस्ति पत्र तथा उनके माता-पिता को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जागृति कुमारी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि 24 में से 30 जून तक तक छह दिन का जापान प्रवास के दौरान उन्हें जैक्सा स्पेस सेंटर, रिकेन इंस्टीट्यूट सहित कई वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं, विश्वविद्यालयों और नवाचार केंद्रों का भ्रमण कराया गया। वहां अंतरिक्ष विज्ञान, आधुनिक तकनीक, सुपर कंप्यूटर और वैज्ञानिक अनुसंधान की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जापान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एजेंसी के कार्यक्रम के तहत उन्हें विज्ञान और तकनीक के विभिन्न पहलुओं को करीब से समझने का अवसर मिला। जापान की स्वच्छता, अनुशासन, समय पालन और वहां के लोगों का व्यवहार उन्हें बेहद प्रभावित कर गया।

जागृति शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं। वर्ष 2025 में मैट्रिक परीक्षा में प्लस टू उच्च विद्यालय, पोड़ैयाहाट से प्रखंड में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर उन्होंने विद्यालय का गौरव बढ़ाया था। बिना किसी ट्यूशन के केवल स्वाध्याय के बल पर उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की।

वर्तमान में वह प्लस टू उच्च विद्यालय, पथरगामा में अध्ययनरत हैं। जागृति के पिता राजेश रंजन मशरूम विक्रेता हैं, जबकि उनकी माता गृहिणी होने के साथ सिलाई का कार्य करती हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार ने शिक्षा को प्राथमिकता दी।जागृति ने केंद्र एवं राज्य सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में भी सफलता प्राप्त की है और वर्तमान में केंद्र सरकार की छात्रवृत्ति का लाभ ले रही हैं। वर्ष 2025 में उन्हें जागरण जीनियस अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।

प्रधानाध्यापक नीतीश कुमार ने कहा कि जागृति ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत और लगन के आगे आर्थिक अभाव बाधा नहीं बन सकते। उन्होंने कहा कि जागृति ने विद्यालय, परिवार और पूरे प्रखंड का मान बढ़ाया है। उनका सपना इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना है और वह उसी लक्ष्य को लेकर निरंतर मेहनत कर रही हैं।

समारोह में जागृति के पिता राजेश रंजन ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने बेटी की पढ़ाई कभी नहीं रुकने दी। विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन और नियमित अध्ययन की बदौलत ही उनकी बेटी आज इस मुकाम तक पहुंची है। बताया गया कि करीब दो माह बाद बेंगलुरु स्थित आईटी संस्थान में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में भी जागृति को आमंत्रित किया गया है, जिसमें जापान विज्ञान कार्यक्रम में शामिल सभी छात्र-छात्राएं भाग लेंगे।

# मुख्य सचिव ने स्क्रीनिंग बढ़ाने एवं टीबी मरीजों के पोषण सहयोग पर दिया जोर

## टीबी मरीज के पोषण सहयोग पर की गई चर्चा




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा को लेकर राज्य के सभी जिला पदाधिकारियों, सिविल सर्जनों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में औरंगाबाद जिले से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, सिविल सर्जन तथा स्वास्थ्य विभाग के संबंधित पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने जिलेवार टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी जिला पदाधिकारियों एवं सिविल सर्जनों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से व्यापक स्तर पर संचालित किया जाए तथा संभावित मरीजों की समय पर पहचान एवं उपचार सुनिश्चित किया जाए। मुख्य सचिव ने सभी सिविल सर्जनों को निर्देश दिया कि टीबी स्क्रीनिंग अभियान में तेजी लाई जाए, अधिक से अधिक लोगों की जांच कराई जाए तथा संदिग्ध मरीजों की शीघ्र पहचान कर उनका समयबद्ध उपचार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों एवं संवेदनशील समूहों में स्क्रीनिंग गतिविधियों को और प्रभावी बनाने पर बल दिया। बैठक में टीबी मरीजों के पोषण सहयोग (फूड बास्केट) पर भी विशेष चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग को समाज के विभिन्न वर्गों, स्वयंसेवी संस्थाओं, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, सामाजिक संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से टीबी मरीजों को फूड बास्केट उपलब्ध कराने के लिए गोद लेने की पहल को प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता के माध्यम से टीबी मरीजों को बेहतर पोषण उपलब्ध कराकर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में महत्वपूर्ण सहयोग दिया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि टीबी मरीजों के लिए आवश्यक पोषण सामग्री उपलब्ध कराने हेतु फूड बास्केट पर लगभग 600 रूपये प्रति माह तक व्यय किया जाता है, जिससे उपचार के दौरान मरीजों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराई जा सके। बैठक के उपरांत जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को मुख्य सचिव द्वारा दिए गए निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने, टीबी स्क्रीनिंग अभियान में और तेजी लाने तथा जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान को जनसहभागिता के साथ प्रभावी ढंग से संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समय पर जांच, समुचित उपचार एवं पोषण सहयोग के माध्यम से जिले को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य की दिशा में सभी संबंधित विभाग समन्वित रूप से कार्य करें।

## प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता पर सरकार का जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस के अवसर पर राज्य सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा ज्ञान भवन पटना से किया गया। इस कार्यक्रम में औरंगाबाद जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ नाथ वर्मा समाहरणालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष से वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। निगरानी विभाग के निर्देशानुसार दिनांक 02 जुलाई 2026 से 08 जुलाई 2026 तक पूरे राज्य में 'बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह' मनाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य शासन-प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं ईमानदारी को बढ़ावा देना, भ्रष्टाचार के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा आम नागरिकों को शिकायत निवारण व्यवस्था एवं सतर्कता तंत्र से जोड़ना है। कार्यक्रम के दौरान सतर्कता एवं सुशासन से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। साथ ही भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनभागीदारी बढ़ाने, शिकायतों के त्वरित निष्पादन, प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता तथा जवाबदेही सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर जिला निगरानी कोषांग की कार्यप्रणाली, विभागीय एवं ऑनलाइन पोर्टल पर प्राप्त परिवादों के निष्पादन की स्थिति, हेल्पलाइन एवं वेबसाइट की उपलब्धता, अभियोजन स्वीकृति से संबंधित लंबित मामलों, नागरिक पर्यवेक्षकों के अद्यतन विवरण, जन-जागरूकता अभियान तथा पोर्टल संचालन से संबंधित विषयों की जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिहार सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान सभी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम, शपथ ग्रहण, परिचर्चा, प्रचार-प्रसार एवं जनसहभागिता आधारित गतिविधियों का व्यापक आयोजन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि निर्धारित सभी कार्यक्रमों का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक नागरिक भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक हों तथा शिकायत एवं सूचना तंत्र का प्रभावी उपयोग कर सकें।

## सोन नदी किनारे झाड़ी से मिला बुजुर्ग का शव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** गुरुवार को बारुण थाना क्षेत्र के जानपुर गांव से 65 साल के बुजुर्ग का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान उस गांव निवासी 65 वर्षीय कामता राम के रूप में की गई हैं। जानकारी के अनुसार कामता राम बुधवार को घर से मवेशी चराने के लिए सोन नदी की ओर निकले थे, लेकिन देर शाम तक लौटे नहीं है। इस दौरान परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने नदी किनारे झाड़ियों में एक शव होने की सूचना दी। शव की पहचान कामता के रूप में की गई। परिजनों ने बताया कि कामता राम रोज की तरह मवेशी चराने के लिए निकले थे। उनका मानना है कि तेज गर्मी और उमस के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई होगी, जिससे उनकी मौत हो गई। वहीं, स्थानीय स्तर पर मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं भी हो रही हैं। मृतक के दामाद के भाई बराही गांव निवासी संतोष कुमार ने बताया कि कामता राम अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके 2 बेटे और 4 बेटियां हैं। एक बेटे और चारों बेटियों की शादी हो चुकी है, जबकि सबसे छोटे बेटे की शादी अभी नहीं हुई है। घटना की सूचना मिलने पर बारुण थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

## ठनके की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** माली थाना क्षेत्र के भड़कुड़ियां गांव में बुधवार शाम वज्रपात से 62 साल के ललन पासवान की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ललन गाय चराने के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान मौसम बदल गया और बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए वे एक पेड़ के पास पहुंचे जिसके बाद वज्रपात गिरी जिससे वे गंभीर रूप से झुलस गए। लोगों ने तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेजवाया, लेकिन जान नहीं बची। ललन पासवान अपने पीछे पत्नी रीता देवी सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। परिवार के सदस्यों में भतीजा राजेंद्र पासवान, गणेश पासवान, प्रमोद पासवान, गुड्डू पासवान और दामाद श्रवण कुमार शामिल हैं। गांव के लोगों ने बताया कि ललन पासवान बेहद सरल, मेहनती और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। वे हमेशा लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनते थे और गांव में उनकी अच्छी छवि थी।

## युवाओं में एचआइवी-एड्स जागरूकता के लिए रेड रन दौड़ प्रतियोगिता



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी एवं राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के निर्देशन में राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में रेड रन 2026 के अंतर्गत महाविद्यालय स्तरीय 5 किलोमीटर मैराथन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं के बीच एचआईवी/एड्स एवं यौन संचारित संक्रमण (एसटीआई) के प्रति जागरूकता बढ़ाना, एचआईवी/एड्स एवं एसटीआई से संबंधित स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराना, सुरक्षित एवं जिम्मेदार यौन व्यवहार को प्रोत्साहित करना तथा मादक द्रव्य व्यसन के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 7:00 बजे वॉकाथॉन से हुई, जिसमें महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर एचआईवी/एड्स जागरूकता का संदेश दिया। इसके उपरांत पुरुष एवं महिला वर्ग की 5 किलोमीटर मैराथन प्रतियोगिता आयोजित की गई। मैराथन का शुभारंभ महाविद्यालय के बर्सर एवं रेड रिबन क्लब के नोडल पदाधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. विवेक कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। दौड़ महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर कॉलेज मैदान का चक्कर लगाते हुए कामा बीघा मोड़ तक जाकर पुनः महाविद्यालय परिसर पहुची। महाविद्यालय स्तरीय इस प्रतियोगिता में सीनियर विंग एनसीसी कैडेट्स, छात्र-छात्राओं एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के उपरांत दोनों वर्गों के पांच-पांच विजेताओं को मोमेंटो, पुस्तक एवं पेन प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान महाविद्यालय के बर्सर डॉ. विवेक कुमार एवं प्रधान सहायक कार्तिकेय तिवारी द्वारा किया गया। महिला वर्ग में ज्योति कुमारी प्रथम, रेशम कुमारी द्वितीय, आरती कुमारी तृतीय, रितु कुमारी चतुर्थ तथा शोभा कुमारी पंचम स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग में उपेंद्र कुमार प्रथम, राजन कुमार द्वितीय, अबोध कुमार तृतीय, लवकुश कुमार चतुर्थ तथा आलोक कुमार पंचम स्थान पर रहे।
दोनों वर्गों में प्रथम से पंचम स्थान प्राप्त करने वाले कुल दस प्रतिभागियों का जिला स्तरीय रेड रन 2026 प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। ये प्रतिभागी आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विजय रजक ने सभी प्रतिभागियों एवं विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि रेड रन जैसे कार्यक्रम युवाओं में स्वास्थ्य जागरूकता, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं एचआईवी/एड्स के प्रति सही जानकारी विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज में जागरूकता फैलाने तथा स्वस्थ एवं जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। महाविद्यालय के बर्सर एवं रेड रिबन क्लब के नोडल पदाधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. विवेक कुमार ने बताया कि जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागियों में से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए पटना भेजा जाएगा तथा राज्य स्तर से चयनित शीर्ष तीन पुरुष एवं शीर्ष तीन महिला प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर की रेड रन 2026 प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गोवा जाएंगे।
इस अवसर पर प्रधान सहायक कार्तिकेय तिवारी, महाविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## जिला परिवहन कार्यालय के कर्मियों ने भ्रष्टाचार उन्मूलन का लिया संकल्प




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के निर्देश तथा परिवहन विभाग, बिहार, पटना के निर्देश के आलोक में गुरुवार को बिहार सतर्कता जागरूकता दिवस के अवसर पर जिला परिवहन कार्यालय परिसर में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी की उपस्थिति में कार्यालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा सतर्कता, ईमानदारी, पारदर्शिता तथा भ्रष्टाचार उन्मूलन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए सामूहिक रूप से सतर्कता शपथ ग्रहण की गई। कार्यक्रम के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी ने सभी कर्मियों से अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करने तथा जनहित में पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कार्यालय के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## तीसरी पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व जिला पार्षद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पूर्व जिला पार्षद स्व. शशि भूषण शर्मा को उनकी तीसरी पुण्यतिथि पर याद किया गया। गुरुवार को उनके पैतृक गांव सैनिक चतरा स्थित आरपीएस होटल में समारोहपूर्वक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम आगत अतिथियों ने स्व. शर्मा के तैल्यचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। मौके पर गोह विधायक अमरेंद्र कुशवाहा ने स्व. शशि भूषण शर्मा की स्मृतियों को ताजा करते हुए कहा कि उन्होंने सदैव जाति धर्म वर्ग, संप्रदायवाद से ऊपर उठकर निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा की जिससे वह अपने जीवन काल में एक लोकप्रिय जिला पार्षद के रूप में चर्चित रहे। इसके अलावा कई वक्ताओं ने स्व. शर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। कहा कि राजनीतिक एवं पारिवारिक जीवन में स्व. शर्मा ने सदैव जरूरतमंदों की यथा संभव मदद की। उनकी कमी की पूर्ति नहीं की जा सकती है।
कार्यक्रम में राजद के प्रदेश सचिव कौलेश्वर यादव, जिला पार्षद अनिल यादव, शंकर यादव, विकास पासवान, सुरेंद्र यादव, राजद नेता ई. सुबोध कुमार सिंह, राजद नेता डॉ रमेश यादव, उप प्रमुख ओम प्रकाश उर्फ बादशाह यादव, उदय उज्जवल, विरासत बचाओ संघर्ष परिषद अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, मंजू यादव, संजीत यादव, शंभू यादव, युवा नेता विकास यादव, सुशील यादव, उमेश यादव, युवा नेता चंदन यादव, सहित अन्य बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर स्व. शर्मा के पुत्र राजेश कुमार ने अपने पिता के कृत्यों को याद करते हुए उनके सपनों को पूरा करने की प्रतिबद्धता दोहराया।

## ट्यूशन से लौट रही दो चचेरी बहनों को स्कॉर्पियो ने रौंदा, मौत

### सड़क जाम, आक्रोशितों ने वाहन में की तोड़फोड़



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के पौथू थाना क्षेत्र के भतारी मोड़ के पास बुधवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में ट्यूशन पढ़कर साइकिल से घर लौट रही दो चचेरी बहनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे नरौला गांव में मातम छा गया, जबकि आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर मुआवजे और दोषी चालक पर कड़ी कार्रवाई की मांग शुरू कर दी। मृतकों की पहचान रुस्तम अली की 14 वर्षीय पुत्री आशिया परवीन तथा मोहम्मद रियाजुद्दीन की 15 वर्षीय पुत्री सरवरी परवीन के रूप में हुई है। स्थानीय जिला परिषद सदस्य आशिफ शाह एवं अनिल यादव ने बताया कि दोनों किशोरियां बराही से ट्यूशन पढ़कर साइकिल से अपने गांव नरौला लौट रही थीं। तभी भतारी मोड़ के पास सामने से तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से जा टकराई। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ-2 आदित्य कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर विनय कृष्ण प्रसाद, बीडीओ कुमार अश्विनी, ओबरा बीडीओ युनुसु सलीम, सीओ भारतेंदु सिंह, रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार और पौथू थानाध्यक्ष संजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने लोगों को समझाकर सड़क जाम हटाने का प्रयास किया, लेकिन करीब साढ़े पांच घंटे तक मुआवजे की घोषणा नहीं होने से ग्रामीणों का गुस्सा बढ़ गया और आक्रोशित लोगों ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन में तोड़फोड़ कर दी। मृतका के भतीजे महताब आलम ने आरोप लगाया कि स्कॉर्पियो चालक की लापरवाही के कारण दोनों छात्राओं की जान गई है। उन्होंने पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। एसडीपीओ-2 आदित्य कुमार ने गुरुवार दोपहर एक बजे बताया कि सड़क दुर्घटना में दो छात्राओं की मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। घटना के बाद सड़क जाम आवागन पूरी तरह से बाधित रहा और कड़कड़ाती धूम में राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम जारी था और पूरे इलाके में शोक व आक्रोश का माहौल बना हुआ था।

### ट्रैक्टर और टोटो की टक्कर में दो बहनें जख्मी, एक की मौत

**औरंगाबाद।** ट्रैक्टर और टोटो की टक्कर में एक छात्रा की मौत हो गई जबकि दूसरी छात्रा गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घटना सलैया थाना क्षेत्र के मदनपुर-रफीगंज रोड में गोखुल बिगहा मोड़ की है। मृतका की पहचान पिरथु पंचायत के बुंदी बिगहा निवासी समता भगत की 18 वर्षीय पुत्री निशी कुमारी के रूप में की गई है जबकि घायल छात्रा मृतका की सगी बहन नीतू कुमारी है। जानकारी के अनुसार दोनों बहनें औरंगाबाद जिला मुख्यालय के किसी कॉलेज में नामांकन को लेकर गई थी जहां से वापस घर लौटने के दौरान खिरियावा बाजार से कुछ आवश्यक सामग्रियां खरीदारी के बाद टोटो से अपने घर जा रहीं थीं, तभी दोनों हादसे की शिकार हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों बहनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने निशी को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से जख्मी नीतू का इलाज़ चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल में भेज दिया है।

## उत्साह के साथ 5 जुलाई को राजद का मनेगा 30वां स्थापना दिवस




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय जनता दल के 30वें स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर गुरुवार को सैनिक चतरा स्थित आरपीएफ होटल में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सह गोह विधायक अमरेंद्र कुशवाहा ने की।
बैठक में सर्वसम्मति से 5 जुलाई को नगर भवन औरंगाबाद में जिला स्तरीय स्थापना दिवस समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। विधायक श्री कुशवाहा ने कहा कि राजद का 30वां स्थापना दिवस उत्साह, एकता और संगठन की मजबूती का ऐतिहासिक पर्व बनेगा। प्रत्येक बूथ स्तर से कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में तय हुआ कि स्थापना दिवस पर पार्टी की नीतियों, लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रखंड और पंचायत स्तर पर जिम्मेदारी बांटी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। संगठन के प्रभारी सह पूर्व विधायक रविंद्र सिंह ने बताया कि 1997 में यह पार्टी बनाई गयी और तब से गरीब गुरबों और शोषित वंचितों की लड़ाई लड़ रही है। आगे भी लड़ती रहेगी। कार्यक्रम में लालू प्रसाद यादव एवं तेजस्वी यादव का लाइव संबोधन होगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव कालेश्वर प्रसाद यादव, ई. सुबोध कुमार सिंह, युसूफ आजाद अंसारी, वरीय राजद नेता राघवेंद्र प्रताप सिंह, अनिल टाइगर, उदय उज्जवल, सत्येंद्र यादव, मनोरमा पासवान, विकास यादव, सुशील कुमार, चंचल कुशवाहा, सविता देवी, संजय यादव, ई. राहुल यादव, संजीत यादव सहित सभी प्रखंड अध्यक्ष मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन
Proposed Green Campus in 60,000 Sq.Ft.
DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th
BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2
MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS
PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA
100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।
डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष
डा. अजय प्रकाश
सचिव
9572607696, 9304942855, 9334278279
Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में सम्पर्क करें।